आर.एन.आई. नं. HARBIL/2017/71370

वर्ष : 08, अंक : 45

कैथल (हरियाणा),

मंगलवार, 12 मार्च 2024

मूल्य : 2 रूपया, पृष्ठ : 8

Postal No. KKR/183/2022-24

अटल हिन्द

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

हरियाणा,पंजाब, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली, उत्तर प्रदेश में प्रसारित

Publisher & Director: Raj K. Aggarwal I Email:- atalhindnews@gmail.com I ePaper- Website:www.atalhind.com 9891096150/9802153000

आज की पहली और प्रमुख खबर क्या है CAA बनाम चुनावी बांड ?

सुप्रीम कोर्ट ने SBI से सख़्त लहजे में कह दिया है कि 12 मार्च तक चुनावी बांड की सारी जानकारी चुनाव आयोग को उपलब्ध कराए। तो इस ख़बर को कैसे दबाया जाए। तो एक बार फिर CAA का तीर छोड़ा गया है।

अटल हिंद ब्यूरो



ख़बर यह नहीं कि CAA लागू करने की अधिसूचना जारी हो गई है। ख़बर यह है कि एक बार फिर हेडलाइन मैनेजमेंट की कोशिश की गई है। मुद्दा बदलने की कोशिश की गई है।

क्यों...क्योंकि सुप्रीम कोर्ट ने SBI से सख़्त लहजे में कह दिया है कि 12 मार्च तक चुनावी बांड की सारी जानकारी चुनाव आयोग को उपलब्ध कराए और चुनाव आयोग 15 मार्च तक उसे सार्वजनिक करे।

तो इस ख़बर को कैसे दबाया जाए। तो एक बार फिर 11 मार्च को CAA का तीर छोड़ा गया है। वरना क्या वजह है कि 2019 में पास किया गया CAA 2024 के चुनाव से ऐन पहले लागू किया जा रहा है। नियमों के मुताबिक किसी भी क़ानून के नियम राष्ट्रपति की सहमति के 6 महीने के भीतर तैयार हो जाने चाहिए। लेकिन इस मामले में बार-बार एक्सटेंशन लिया जाता रहा।

CAA यानी नागरिकता संशोधन क़ानून के तहत तीन पड़ोसी देशों पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश के गैर मुस्लिमों यानी हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध, पारसी और ईसाई को नागरिकता देने का प्रावधान है।

यह हमारे संविधान की मूल भावना के विपरीत है, लेकिन अब सरकार, बीजेपी और गोदी मीडिया तीनों चीख़ चीख़ कर बता रहे हैं कि यह तो नागरिकता देने का कानून है। लेकिन यह नहीं बता रहे कि इसके लिए हमारे पास पहले से ही क़ानून है। नागरिकता अधिनियम, 1955. दिलचस्प यह भी है कि यह 31 दिसंबर 2014 से पहले भारत आए शरणार्थियों पर ही लागू होगा। यानी मोदी सरकार के इन दस सालों के दौरान आए शरणार्थियों पर नहीं।

इस नए क़ानून में क्या ग़लत है इसको लेकर पिछली बार ही काफ़ी बहस और आंदोलन हो चुका है। हमारे गृह मंत्री अमित शाह भी क्रोनोलॉजी समझा चुके हैं कि पहले CAA आएगा और फिर NRC. तो फिर मोदी सरकार चाहती है कि देश में एक बार फिर शाहीन बाग जैसे आंदोलन हों और जनता का ध्यान सारे मुद्दों से हटाकर चुनाव में एक बार फिर हिंदू-मुस्लिम करने का भरपूर मौका मिल सके।

CAA का पूरा सच

केंद्र ने सोमवार को नागरिकता (संशोधन) अधिनियम 2019 लागू कर द्वदया है. सरकार ने विवादास्पद कानून पारित होने के चार साल बाद नोटिफिकेशन जारी किया है जिससे पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से बिना दस्तावेज वाले गैर-मुस्लिम प्रवासियों को भारत की नागरिकता मिल सकेगी. लोकसभा चुनाव की संभावित घोषणा से कुछ दिन पहले नियमों को अधिसूचित किया गया है. इसके साथ मोदी सरकार अब तीन देशों के सताए हुए गैर-मुस्लिम प्रवासियों- हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध, पारसी और ईसाई – को भारतीय राष्ट्रीयता प्रदान करना शुरू कर देगी. केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक और प्रतिबद्धता पूरी की है और संविधान निर्माताओं के वादे को साकार किया है

गृह मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने कहा है कि नागरिकता (संशोधन) नियम 2024 कहे जाने वाले ये नियम सीएए-2019 के तहत पात्र व्यक्तियों को भारतीय नागरिकता प्रदान करने के लिए आवेदन करने में सक्षम बनाएंगे. प्रवक्ता ने कहा कि आवेदन पूरी तरह से ऑनलाइन मोड में जमा किए जाएंगे, जिसके लिए एक वेब पोर्टल उपलब्ध कराया गया है. सीएए दिसंबर 2019 में पारित किया गया था और बाद में इसे राष्ट्रपति की मंजूरी मिल गई, लेकिन इसके खिलाफ देश के कई हिस्सों में विरोध प्रदर्शन हुए और कई विपक्षी दलों ने कानून के खिलाफ बोलते हुए इसे 'भेदभावपूर्ण' बताया था. अब तक नियम अधिसूचित नहीं होने के कारण कानून लागू नहीं हो सका.

नागरिकता संशोधन कानून 2024 की प्रमुख बातें

1- गृह मंत्रालय के मुताबिक, नागरिकता संशोधन कानून में प्रमुख भूमिका होगी स्थानीय लेवल की कमेटी यानी जिला कमेटी की जो या सुनिश्चित करेगी जो आवेदन उसके पास आएंगे उसका कानून के मुताबिक, क्रियान्वयन किया जाएगा.

2- यह एंपावर्ड कमेटी रहेगी, जिसमें विशेषज्ञ मौजूद रहेंगे और वह आवेदकों की फिजिकल मौजूदगी में नागरिकता देने का अंतिम निर्णय करेंगे.

3- नागरिकता (संशोधन) अधिनियम, 2019 उन शरणार्थियों को भारतीय नागरिकता देने का प्रावधान करता है, जिन्होंने तीन पड़ोसी देशों में धार्मिक उत्पीड़न के कारण 31 दिसंबर 2014 से पहले भारत में शरण मांगी थी.

4- 3 देश अफगानिस्तान, पाकिस्तान और बांग्लादेश के 6 अल्पसंख्यक समुदाय – हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई को नागरिकता मिलेगी.

इस कानून के महत्वपूर्ण मुद्दे

1- पुनर्वास और नागरिकता के रास्ते में आने वाली कानूनी बाधाओं को दूर करता है.

2- दशकों से पीड़ित शरणार्थियों को सम्मानजनक जीवन देना.

3- नागरिकता अधिकार उनकी सांस्कृतिक, भाषाई और सामाजिक पहचान की रक्षा करेंगे.

4- यह आर्थिक, वाणिज्यिक, मुक्त आवाजाही और संपत्ति खरीद अधिकार भी सुनिश्चित करेगा.

नागरिकता संशोधन कानून को लेकर कई भ्रांतियां फैलाई गई

1- यह नागरिकता देने का कानून है, CAA किसी भी भारतीय नागरिक की नागरिकता नहीं छीनेगा, चाहे वह किसी भी धर्म का हो.

2- यह अधिनियम केवल उन लोगों के लिए है जिन्होंने वर्षों से उत्पीड़न सहा है और जिनके पास भारत के अलावा दुनिया में कोई अन्य आश्रय नहीं है.

3- भारत का संविधान हमें धार्मिक रूप से प्रताड़ित शरणार्थियों को मौलिक अधिकार देने और मानवीय दृष्टिकोण से नागरिकता देने का अधिकार देता है.

4- कोविड महामारी के कारण नागरिकता संशोधन अधिनियम के कार्यान्वयन में देरी हुई, लेकिन अब सरकार इसे लागू कर रही है

5- सरकार ने अपने 2019 के लोकसभा चुनाव घोषणा पत्र में कहा था कि हम पड़ोसी देशों से प्रताड़ित धार्मिक अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के लिए नागरिकता संशोधन विधेयक बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं. आज सरकार ने संविधान की भावना के तहत यह वादा पूरा किया है.

CAA लागू होने के बाद एंपावर्ड कमेटी हर जिले में कैसे काम करेगी

जिला स्तर पर यह एंपावर्ड कमेटी होगी, जिसके सदस्य विशेषज्ञ होंगे जिनके सामने आवेदकों को खुद उपस्थित होना पड़ेगा. उसे फॉर्म की कॉपी लेकर जिसको आज जारी किया गया है इस फॉर्म को ऑनलाइन ही भरने का प्रावधान है. प्रदेश स्तर पर डायरेक्ट सेंसस इस प्रक्रिया की अगुवाई करेगा. इस कमेटी में इंटेलिजेंस ब्यूरो के डिप्टी सेक्रेटरी स्टार का अधिकारी होगा. एफआरआरओ के अधिकारी होंगे, स्टेट इंफॉर्मेशन ऑफिसर, राज्य या केंद्र शासित प्रदेश का पोस्टमास्टर जनरल होंगे. इसी तरह जिले स्तर पर एंपावर्ड कमेटी का गठन होगा जो अपनी रिपोर्ट राज्य सरकार को देगी. जिला स्तर पर आवेदकों का वेरिफिकेशन किया जाएगा और जिन्हें भारतीयता के निष्ठा के प्रति एक विशिष्ट फॉर्म भरना होगा. जिला स्तर पर एंपावर्ड कमेटी जो बनी है वह सुनिश्चित करेगी कि आवेदक को भारतीय नागरिकता दी जाए या नहीं. सबसे महत्वपूर्ण बात इस नोटिफिकेशन में यह है कि जिला स्तर पर ही इस एंपावर्ड कमेटी को अधिकार होगा कि आवेदकों को भारतीय नागरिकता दी जाए या नहीं.

क्या हैं सीएए के प्रावधान, कैसे बदल जाएंगे इससे नागरिकता पाने के तरीके

सवाल: क्या है नागरिकता संशोधन कानून?

ये कानून किसी को भी नागरिकता से वंचित नहीं करता न ही यह किसी को नागरिकता देता है. यह केवल उन लोगों की श्रेणी को संशोधित करता है, जो (नागरिकता के लिए) आवेदन कर सकते हैं. यह ऐसा उन्हें (आवेदन करने वालों को) अवैध प्रवासी की परिभाषा से छूट देकर करता है- कोई भी व्यक्ति जो कि हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी या ईसाई समुदाय से संबंधित है और अफगानिस्तान, बांग्लादेश या पाकिस्तान से है, जो कि भारत में 31 दिसंबर, 2014 को या इससे पहले प्रवेश कर गया है और जिसे केंद्र सरकार के द्वारा या पासपोर्ट (भारत में प्रवेश) अधिनियम, 1920 की धारा 3 की उपधारा (2) के खंड (स) या विदेशी अधिनियम, 1946 के प्रावधानों के आवेदन या उसके अंतर्गत किसी नियम या आदेश के तहत छूट दी गई हो.

इस छूट के लिए कानूनी ढांचा 2015 में गृह मंत्रालय द्वारा जारी दो अधिसूचनाओं में पाया जाता है.

(4) यह अधिसूचना केवल उन्हीं लोगों को छूट देती है जो हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी या ईसाई हैं, अफगानिस्तान, बांग्लादेश या पाकिस्तान से हैं और अगर वे भारत में 31 दिसंबर, 2014 से पहले धार्मिक उत्पीड़न की आशंका से भारत में प्रवेश कर गए थे.

सवाल: क्या करता है नागरिकता का कानून?

ये कानून उन्हें खुद ब खुद नागरिकता नहीं देता बस उन्हें इसके आवेदन के लिए योग्य बनाता है. उन्हें ये दिखाना होगा कि वो भारत में पांच साल रह चुके हैं, ये साबित करना होगा कि वो भारत में 31 दिसंबर 2014 से पहले आए हैं. ये साबित करना होगा कि वो अपने देशों से धार्मिक उत्पीड़न के कारण भागकर अपने देशों से आए हैं. वो उन भाषाओं को बोलते हैं जो संविधान की आठवीं अनुसूची में है और नागरिक कानून 1955 की तीसरी सूची की अनिवार्यताओं को पूरा करते हों. इसी के जरिए वो आवेदन के पात्र होंगे. उसके बाद ये भारत सरकार पर होगा कि वो उन्हें नागरिकता दे या नहीं.

सवाल: शरणार्थियों को कैसा वीजा जारी करता है भारत?

जो शरणार्थी पात्रता नहीं रखते (धर्म के बगैर भी) वो भारत की तदर्थ शरणार्थी नीति के साथ सुरक्षित रहते रहेंगे. जहां शरणार्थियों को भारत में रहने के लिए लंबी अवधि के स्टे वीजा जारी किये जाते हैं.

यूएन रिफ्यूजी एजेंसी यूएनएचसीआर के अनुसार, भारत में म्यांमार (बर्मा) , श्रीलंका, अफगानिस्तान आदि देशों के बहुत से शरणार्थी आराम से रह रहे हैं. सरकार का कहना ये कानून मुस्लिम शरणार्थियों को कवर नहीं करता, क्योंकि हमारी स्थिति ये है कि जब हालत उनके लिए सुरक्षित हो जाएगी, तब शरणार्थी अपने घर वापस लौट सकते हैं और लौट जाना चाहिए.

सवाल: भारत शरणार्थियों को वीजा कैसे देता है?

भारत की हमेशा की नीति गैर समावेश की थी (इस सरकार के होने से बहुत पहले से). कुछ देश विशेष तौर पर संवैधानिक तौर पर इस्लामी राष्ट्र हैं. वहां का आधिकारिक धर्म इस्लाम है. जबकि कुछ मुस्लिम भागकर भारत आते हैं. वो अपने देशों में जुल्म और अत्याचार के हालात के चलते वहां से भागकर यहां आते हैं. इस बात का कोई मतलब नहीं बनता कि उन्हें नीति दृष्टिकोण के अनुसार न्यूट्रीलाइट किया जाए.

सवाल: गैर मुस्लिम शरणार्थियों के लिए क्या दिक्कतें हैं?

गैर मुस्लिमों के लिए पड़ोसी देशों में संवैधानिक तौर पर दिक्कतें हैं. उन्हें लेकर एक ऐसा दृष्टिकोण है कि उनके साथ वहां ऐसे अत्याचार होते हैं मानो वो वहां रहने लायक ही नहीं हों. इसलिए गैर मुस्लिमों के लिए एमनेस्टी का मतलब बनता है. जबकि मुस्लिमों को अलग अलग केस के तौर पर लिया जाता है (जैसा हमने सीरिया, अफगानिस्तान आदि देशों से आने वाले मुस्लिमों के लिए किया है.

सवाल: रोहिंग्या मामले को सरकार किस तरह ले रही है?

बर्मा की स्थिति ये है कि रोहिंग्या वास्तविक तौर पर अविभाजित भारत के समय भारत आए थे, तब जबकि ब्रिटेन ने बर्मा पर कब्जा कर लिया. इसलिए बर्मा उन्हें अपने जातीय ग्रुप और योग्य नागरिकता में नहीं रखते. भारत इस विवाद में फंसा है. अगर भारत रोहिंग्या को भारत में न्यूट्राइज का अधिकार देता है, तो ये बर्मा के साथ हमारे नाजुक विवाद को अपसेट करेगा. भारत में रोहिंग्या को शरणार्थी प्रोटेक्शन और लॉन्ग टर्म वीजा मिला हुआ है. लेकिन वो नागरिकता के योग्य नहीं होंगे.

एसबीआई आज शाम मंगलवार तक चुनावी बांड की जानकारी दे वरना? -सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली/एजेंसी। सुप्रीम कोर्ट ने भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के उस आवेदन को खारिज कर दिया, जिसमें उसने चुनावी बॉन्ड से संबंधित विवरण देने के लिए 30 जून तक का समय मांगा था. रिपोर्ट के अनुसार, सोमवार को बैंक की अर्ज़ी सुनते हुए शीर्ष अदालत यह कहते हुए कि आवश्यक जानकारी बैंक के पास पहले से ही उपलब्ध है, बैंक को 12 मार्च की शाम पांच

बजे तक इस जानकारी का खुलासा करने का निर्देश दिया है. चुनावी बॉन्ड योजना को असंवैधानिक बताकर रद्द करते हुए कोर्ट ने बैंक से योजना से जुड़ी जानकारियां निर्वाचन आयोग को सौंपने को कहा था, जिसे अपनी वेबसाइट पर यह विवरण 13 मार्च तक अपलोड करना था. सोमवार को अदालत ने यह समय सीमा 15 मार्च तक कर दी है. सुनवाई के दौरान ने सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा कि यदि बैंक सोमवार के आदेश में बताई गई समय सीमा का पालन नहीं करेगा तो अदालत उसके खिलाफ जानबूझकर अवज्ञा के लिए कार्रवाई कर सकती है.

चुनावी बॉन्ड पर कोर्ट के आदेश से भाजपा की असलियत से पर्दा हटेगा : खडगे-राहुल

नयी दिल्ली 11 मार्च (एजेंसी) कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे तथा पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने चुनावी बॉन्ड्स को लेकर मोदी सरकार को घेरते हुए सोमवार को कहा कि उच्चतम न्यायालय के ताजा फैसले से भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के जरिए चुनावी बॉन्ड के रूप में मिले चंदे पर लीपा पोती करने की उसकी कोशिश पर पानी फिर गया है और भाजपा सरकार के भ्रष्टाचार की असलियत जल्द ही जनता के सामने आ जाएगी।

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि उच्चतम न्यायालय ने चुनावी बॉन्ड पर विवरण देने के लिए समय मांगने वाली एसबीआई की याचिका खारिज कर उसे कड़ी फटकार

लगाई और मंगलवार तक चुनावी बॉन्ड से मिले चंदे का पूरा विवरण देने का आदेश दिया है। न्यायालय के आदेश से भाजपा का भ्रष्टाचार सामने आ जाएगा। खडगे ने कहा, इलेक्टोरल बॉन्ड प्रकाशित करने के लिए एसबीआई द्वारा साढ़े चार महीनें माँगने के बाद साफ़ हो गया था कि मोदी सरकार अपने काले कारनामों पर पर्दा डालने की हर संभव कोशिश कर रही है। आज के माननीय सुप्रीम कोर्ट के फ़ैसले से देश को जल्द इलेक्टोरल बॉन्ड से भाजपा के चंदा देने वालों की लिस्ट पता चलेगी। मोदी सरकार के भ्रष्टाचार, घपलों और लेन-देन की कलई खुलने की ये पहली सीढ़ी है। उन्होंने कहा अब भी देश को ये नहीं पता चलेगा कि भाजपा के चुनिंदा पूँजीपति चंदाधारक किस-किस ठेके के लिए मोदी सरकार को चंदा देते थे, उसके लिए माननीय सुप्रीम कोर्ट को उचित निर्देष देने चाहिए। मीडिया रिपोर्ट्स से ये तो उजागर हुआ ही है कि भाजपा किस तरह ईडी, सीबीआई,आईटी छापे डलवाकर जबरन चंदा वसूलती थी। सुप्रीम कोर्ट का फ़ैसला पारदर्शिता, जवाबदेही और लोकतंत्र में बराबरी के मौक़े की जीत है। गांधी ने कहा नरेंद्र मोदी के 'चंदे के धंधे' की पोल खुलने वाली है। स्विस बैंक से काला धन 100 दिन में लाने का वायदा कर सत्ता में आई सरकार अपने ही बैंक का डेटा छिपाने के लिए सुप्रीम कोर्ट में सिर के बल खड़ी हो गई। चुनावी बॉन्ड्स भारतीय इतिहास का सबसे बड़ा घोटाला साबित होने जा रहा है जो भ्रष्ट उद्योगपतियों और सरकार के नेक्सस की पोल खोल कर नरेंद्र मोदी का असली चेहरा देश के सामने लेकर आएगा।

उन्होंने घोटाले का विवरण देते हुए कहा

नागरिकता संशोधन विधेयक लागू , सरकार ने अधिसूचना जारी की

नयी दिल्ली 11 मार्च (एजेंसी) सरकार ने लोकसभा चुनावों से ठीक पहले सोमवार को एक महत्वपूर्ण फैसला लेते हुए नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) से सम्बन्धित अधिसूचना जारी कर इसे देश भर में लागू कर दिया।

केन्द्रीय गृह मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना में कहा गया है कि अधिनियम से संबंधित नियम तत्काल प्रभाव से लागू हो जायेंगे। ये नागरिकता संशोधन नियम 2024 के नाम से जाने जाएंगे।

ये नियम सीएए-2019 के तहत पात्र व्यक्तियों को भारतीय नागरिकता के लिए आवेदन करने में सक्षम बनाएंगे। अधिसूचना में नागरिकता के लिए आवेदन करने के संबंध में नियमों की लंबी सूची भी जारी की गई है। नागरिकता के लिए आवेदन ऑनलाइन स्वीकार किया जायेगा और यह सभी जरूरी दस्तावेजों के साथ सरकार द्वारा अधिसूचित राज्य स्तरीय समिति को किया जाएगा।

भाजपा सांसद के संविधान बदलने संबंधी बयान पर मोदी की चुप्पी खतरनाक : राहुल

नयी दिल्ली, 11 मार्च (एजेंसी) कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक सांसद के संविधान बदलने संबंधी बयान पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि यह विचार बहुत खतरनाक है तथा इस मुद्दे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चुप्पी और भी खतरनाक है। गांधी ने सोमवार को कहा, भाजपा सांसद के 'संविधान बदलने' वाले बयान पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चुप्पी खतरनाक है। अब चुनाव दो विचारधाराओं के बीच है।संविधान या संघविधान, सामाजिक न्याय या शोषण,

धर्मनिरपेक्षता या सांप्रदायिकता, नागरिक अधिकार या बेबस जनता, बोलने की आज़ादी या डर भरी चुप्पी, मोहब्बत या नफ़रत,विविधता या एकाधिकार, न्यायपूर्ण व्यवस्था या तानाशाही अन्याय। उन्होंने कहा, आज़ादी के संघर्ष से मिली भारत की सबसे कीमती धरोहर, संविधान को बदलने का मतलब देश को गुलामी की ओर धकेलना है।आने वाली पीढ़ियों के भविष्य का फैसला अब आपके हाथों में है।

संविधान बदलने की साजिश कर रही है भाजपा: खडगे

नयी दिल्ली, 11 मार्च (एजेंसी) कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर हमला करते हुए कहा है कि दोनों बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के संविधान को खत्म कर देश का संविधान बदलने की साजिश कर रहे हैं, इसलिए लोकसभा चुनाव में दो तिहाई बहुमत हासिल कर सरकार बनाना चाहते हैं। खडगे ने सोमवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि भाजपा का सांसद खुलेआम कहता है कि पार्टी को संविधान बदलने के लिए लोकसभा में 400 का आंकड़ा चाहिए। उनका कहना था कि भाजपा इस बयान को गलत मानती है, तो उसे ऐसा कहने वाले सांसद को पार्टी से निकाल देना चाहिए।

दिल्ली सरकार को बदनाम करने की कोशिश कर रही भाजपा: आप

नयी दिल्ली, 11 मार्च (एजेंसी) आम आदमी पार्टी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) दिल्ली की सीवर व्यवस्था को जाम करके दिल्ली सरकार को बदनाम करने की कोशिश कर रही है। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता दुर्गेश पाठक ने सोमवार को सीवर की एक वीडियो और कुछ फोटो दिखाते हुए कहा कि दिल्ली के अधिकांश लोग सीवर के ओवरफ्लो की समस्या से पीड़ित हैं, जिससे उनकी जिंदगी दूभर हो गई है। यह समस्या दिल्ली की कई जगहों पर देखने को मिल रही है। दिल्ली जल बोर्ड के लोग वहां जा-जाकर सफाई कर रहे हैं। जब वह मलबे को निकालने की कोशिश करते हैं तो वहां से बालू और सीमेंट से भरी बोरियां निकलती हैं। इससे साफ पता लग रहा है कि बोरियों को जानबूझकर डाला गया है ताकि सीवर जाम हो जाएं और लोगों तक गंदा पानी पहुंचे।

राज मदान बने भाजपा जिला मीडिया सह प्रभारी

राज मदान को मिली मीडिया सह प्रभारी की पुनः जिम्मेदारी

अटल हिंद/योगेश गर्ग

फरीदाबाद 11 मार्च । भारतीय जनता पार्टी, फरीदाबाद के जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा ने भाजपा के कर्मठ कार्यकर्ता राज मदान को पुनः भाजपा जिला सह मीडिया प्रभारी नियुक्त किया। इस अवसर पर जिला महामंत्री सुरेन्द्र जांगड़ा और जिला मीडिया प्रभारी विनोद गुप्ता उपस्थित रहे । जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा, जिला महामंत्री सुरेन्द्र जांगड़ा और जिला मीडिया प्रभारी विनोद गुप्ता ने राज मदान को सह प्रभारी नियुक्त होने पर बधाई और शुभकामनायें दी । राज मदान ने शीर्ष नेतृत्व और भाजपा के वरिष्ठ भाजपा नेताओं का आभार व्यक्त किया और कहा कि भाजपा ज़िला संगठन फ़रीदाबाद में मुझे पुनः ज़िला सह मीडिया प्रमुख नियुक्त करने के लिए केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर, ज़िला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा, हरियाणा के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा , मुख्यमंत्री के पूर्व राजनैतिक सचिव अजय गौड़, विधायक गण और देवेन्द्र चौधरी, ज़िला महामंत्री सुरेन्द्र जांगड़ा और मनोज वशिष्ठ, ज़िला मीडिया प्रमुख विनोद गुप्ता का हार्दिक आभार व्यक्त करता हूँ और संगठन के वरिष्ठ नेताओं को विश्वास दिलाता हूँ कि संगठन के कार्यों में पहले से भी ज्यादा सहयोग करूँगा। राज मदान ने कहा कि पूर्ण निष्ठा, लगन और मेहनत के साथ संगठन का कार्य करूँगा ।

मुख्यमंत्री घोषणाओं की नियमित मॉनिटरिंग करें अधिकारी: देवेन्द्र सिंह

अटल हिंद/योगेश गर्ग

फरीदाबाद, 11 मार्च। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के फरीदाबाद जिला के ओएसडी देवेन्द्र सिंह रिटायर्ड आईएएस ने कहा कि मुख्यमंत्री घोषणाओं, सीएम विण्डो और जन संवाद कार्यक्रमों आई शिकायतों की अधिकारी नियमित मॉनिटरिंग करें। देवेन्द्र सिंह आज सोमवार को दोपहर बाद लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में विभिन्न विभागों के अधिकारियों को मुख्यमंत्री घोषणा, सीएम विंडो और जन संवाद कार्यक्रमों में आई शिकायतों की समीक्षा बैठक में दिशा निर्देश दे रहे थे। वहीं डीसी विक्रम सिंह ने सीएम अनाउंसमेंट और सीएम विंडो व जनसंवाद कार्यक्रम में आई शिकायतों के निवारण अधिकारी को गंभीरता से अमलीजामा पहनाने के निर्देश भी दिए। डीसी विक्रम सिंह ने कहा की सीएम अनाउंसमेंट को बड़े ध्यान से देखने की जरूरत है वरना शिकायतों को नजरअंदाज करने पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। सभी अधिकारियों द्वारा कैसे एक स्थिति से दूसरी स्थिति तक शिकायतों का समाधान किया जा रहा है उस प्रोग्रेस को नोट कर और क्रोनोलॉजिकल ऑर्डर में शिकायतों को अपडेट किया जाए ताकि असल दिक्कत का पता लगा कर उसे निपटारा पाया जाए।

मुख्यमंत्री घोषणा के जो विकास कार्य अभी तक लंबित है, उन्हें यथाशीघ्र पूरा करवाना सुनिश्चित करें। इसके अलावा जिस भी विभाग की फाइल मुख्यालय में गई है उसके स्टेटस की पूरी अपडेट रखें। जिस विभाग के मुख्यालय में फोन पर बात करनी है या डीईओ लेटर भिजवाना जरूरी है तो डीसी कार्यालय को अवगत करवाना सुनिश्चित करें। डीसी ने कहा कि जिन कार्यों पर काम चल रहा है, उन्हें निर्धारित समय पर पूरा करवाना सुनिश्चित करें। सरकार और प्रशासन का प्रयास है कि अंतिम छोर पर बैठे पात्र व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ मिले साथ ही मुख्यमंत्री जनसंवाद कार्यक्रम में आए मामलों का भी जल्द से जल्द निपटारा करें।

बैठक में सीईओ जिला परिषद सतबीर मान, एसडीएम फरीदाबाद शिखा अन्तिल, एसडीएम बड़खल अमित मान, एसडीएम बल्लभगढ त्रिलोक चंद, सीटीएम अंकित कुमार, डीआरओ बिजेन्द्र राणा, डीडीपीओ कैप्टन मनोज कुमार सहित तमाम विभागों के अधिकारी गण उपस्थित रहे।

रक्तदान है सबसे बड़ा पुण्य का कार्य, जीवन मे एक बार हर कोई जरूर करें रक्तदान -प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा विपुल गोयल

अटल हिंद/योगेश गर्ग

फरीदाबाद, 11 मार्च। फ़रीदाबाद के सेक्टर 11 मे एमड़ीआईपीएल फार्म हाउस में मेगा ब्लड डोनेशन कैम्प का आयोजन किया गया जिसमें प्रयास वेलफेयर सोसाइटी, रोटरी क्लब, इंडस्ट्रियल वेलफेयर एसोसिएशन के अलावा चैतरस संस्था ने इसमें सहयोग लिया। खबर लिखें जाते तक 60 से ज्यादा लोग रक्तदान कर चुके थे। इस दौरान युवाओं मे काफ़ी जोश देखने कों मिला। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे प्रदेश उपाध्यक्ष विपुल गोयल ने युवाओं में जोश भरते हुए कहा कि आज की युवा पीढ़ी रक्तदान के प्रति काफी जागरुक है क्योंकि पहले लोग रक्तदान करने से डरते थे जबकि सच तो यह है कि रक्तदान जीवन में एक बार मनुष्य को अवश्य करना चाहिए इससे न केवल स्वास्थ्य सही रहता है बल्कि आपके इस प्रयास से किसी को नया जीवन भी मिलता है। प्रदेश उपाध्यक्ष विपुल गोयल ने रक्तदान शिविर के आयोजन मे सहभागिता निभा रही संस्था के सभी पदाधिकारियों का सफल कार्यक्रम के आयोजन पर धन्यवाद किया व भविष्य मे भी इसी प्रकार सेवा भाव के सफर कों जारी रखने की शुभकामनायें दी।

इससे पहले संस्था के पदाधिकारियों ने बतौर मुख्य अतिथि पहुँचे प्रदेश उपाध्यक्ष विपुल गोयल का फूल मालाओ व मोमेंटो भेंट कर सम्मान किया।

इस मौके पर विपिन टंडन, आर सी चौधरी, डी पी सांगले, दीपक प्रसाद, थरेज शर्मा, प्रयास भूटानी, जगत मदान, वीरभान शर्मा व अन्य काफ़ी लोग मौजूद रहे।

प्रदेश में फरीदाबाद वर्ष 2023-24 में पोषण अभियान में प्रथम और लिंगानुपात में रहा दूसरे स्थान पर : डीसी विक्रम सिंह

अटल हिंद/योगेश गर्ग

फरीदाबाद, 11 मार्च। डीसी विक्रम सिंह ने आज सोमवार को प्रदेश में फरीदाबाद वर्ष 2023-24 में पोषण अभियान में प्रथम और लिंगानुपात में दूसरे स्थान पर आने पर पीओआईसीडीएस डाक्टर मंजु श्योरान और जिला कोर्डिनेटर गीता सम्भ्रवाल को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए सम्मानित किया। डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि प्रदेश में पोषण अभियान में डेढ़ लाख रुपये की धनराशि व लिंगानुपात में एक लाख रुपये की धनराशि और प्रशंसा पत्र ईनाम स्वरूप प्रदान किए गए हैं। वहीं राज्यपाल बण्डारू दत्ता त्रेय और महिला एवं बाल विकास विभाग की मंत्री श्रीमती कमलेश ढाण्डा द्वारा सम्मानित किया गया है। बता दें कि महिला एवं बाल विकास द्वारा पंचकुला में गत 08 मार्च को राज्य स्तरीय अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में माननीय राज्यपाल श्री बंडारू दत्तात्रेय ने मुख्य अतिथि के रूप में और हरियाणा सरकार की महिला एवं बाल विकास विभाग की मंत्री श्रीमती कमलेश ढाण्डा महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ मंजू श्योराण व उनकी टीम को यह पुरस्कार प्रदान किया गया है।

डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि जिला फरीदाबाद में बेटी बचाओ, बेटी पढाओ अभियान के जरिये लोगों को बेहतर तरीके से प्रेरित किया गया। डीसी ने आगे बताया कि महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत काल में बालिका दिवस के तिथीबद्ध कार्यक्रमों का क्रियान्वयन किया गया। जिसके बेहतर क्रियान्वयन के लिए प्रदेश में ईनाम मिला है। डीसी विक्रम सिंह के कुशल मार्गदर्शन में जिला कार्यक्रम अधिकारी डाक्टर मंजु श्योराण की अध्यक्षता में बेटी बचाओ-बेटी पढाओ योजना के अंतर्गत जिला फरीदाबाद के आंगनवाडी केन्द्रों पर बालिका दिवस के प्रस्तावित गतिविधियों का बेहतर तरीके से आयोजन किया गया। बेटी बचाओ, बेटी पढाओ अभियान के तहत गतिविधियों में उद्घाटन समारोह, नियोजित गतिविधियों के साथ प्रेस विज्ञप्ति, हस्ताक्षर/प्रतिज्ञा समारोह, बीबीबीपी शपथ ग्रहण समारोह योजना आदि कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। वहीं पोषण ट्रैकर अभियान में सीएसआर पर विशेष ग्राम सभा/महिला सभा, बाल संरक्षण और लड़कियों में कौशल विकास का महत्व, प्रत्येक आने वाले घर/ सार्वजनिक भवन/ पंचायत कार्यालय आदि पर संदेश के साथ बीबीबीपी स्टिकर चिपकाने और स्कूलों में एनवाईकेएस स्वयंसेवकों से जुड़ी खेल गतिविधि आयोजित करवाई गई है।

क्राइम ब्रांच 56 ने स्नैचिंग तथा अवैध हथियार के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर 01 देसी कट्टा, 01 मोबाइल तथा वारदात में प्रयोग मोटरसाइकिल की बरामद

अटल हिंद/योगेश गर्ग

फरीदाबाद, 11 मार्च। सीपी क्राइम हेमेंद्र कुमार मीणा के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच 56 प्रभारी शीशपाल की टीम ने स्नैचिंग तथा अवैध हथियार के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में चंद्रभान उर्फ आलू(21) तथा अनिल(24) का नाम शामिल है जो दोनों आरोपी उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले के हातिया गांव के रहने वाले हैं। क्राइम ब्रांच की टीम ने गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए 8 मार्च को आरोपी चंद्रभान को देसी कट्टे सहित पुलिस थाना धोज एरिया से काबू किया था। आरोपी को थाने लाकर उसके खिलाफ अवैध हथियार अधिनियम का मुकदमा दर्ज करके मामले में जांच शुरू की गई जिसमें सामने आया कि आरोपी चंद्रभान ने अपने साथी आरोपी अनिल के साथ मिलकर 6 मार्च को श्याम करीब 4:00 बजे राजीव कॉलोनी एरिया से एक राहगीर से मोबाइल फोन झपटा था। स्नैचिंग की वारदात को अंजाम देकर आरोपी मोटरसाइकिल पर फरार हो गए। आरोपी चंद्रभान को अदालत में पेश करके पुलिस रिमांड पर लिया गया और पुलिस रिमांड के दौरान आरोपी के कब्जे से स्नैचिंग किया हुआ मोबाइल बरामद किया गया।

दैनिक पंचांग

12 मार्च 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति



ग्रह स्थिति		लग्नारंभ समय	
सूर्य	कुंभ में	मीन	06.22 बजे से
चंद्र	मीन में	मेष	07.52 बजे से
मंगल	मकर में	वृष	09.33 बजे से
बुध	मीन में	मिथुन	11.31 बजे से
गुरु	मेष में	कर्क	13.44 बजे से
शुक्र	कुंभ में	सिंह	16.00 बजे से
शनि	कुंभ में	कन्या	18.12 बजे से
राहु	मीन में	तुला	20.23 बजे से
केतु	कन्या में	वृश्चिक	22.38 ब.से
राहुकाल		धनु	00.54 बजे से
3.00 से 4.30 बजे तक		मकर	02.59 बजे से
		कुंभ	04.45 बजे से

दिन का चौघड़िया			रात का चौघड़िया		
रोग	05.53 से	07.22 बजे तक	काल	05.42 से	07.13 बजे तक
उद्वेग	07.22 से	08.15 बजे तक	लाभ	07.13 से	08.45 बजे तक
चर	08.15 से	10.19 बजे तक	उद्वेग	08.45 से	10.16 बजे तक
लाभ	10.19 से	11.48 बजे तक	शुभ	10.16 से	11.48 बजे तक
अमृत	11.48 से	01.16 बजे तक	अमृत	11.48 से	01.19 बजे तक
काल	01.16 से	02.45 बजे तक	चर	01.19 से	02.51 बजे तक
शुभ	02.45 से	04.13 बजे तक	रोग	02.51 से	04.22 बजे तक
रोग	04.13 से	05.42 बजे तक	काल	04.22 से	05.54 बजे तक

मंगलवार 2024 वर्ष का 72 वां दिन **दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** शिशिर। **विक्रम संवत्** 2080 **शक संवत्** 1945 **मास** फाल्गुन **पक्ष** शुक्ल **तिथि** द्वितीया 07.14 बजे तदनन्तर तृतीया 04.04 बजे रात्र को समाप्त। **नक्षत्र** रेवती 20.30 बजे को समाप्त। **योग** शुक्ल(शुक्र) 07.53 बजे तदनन्तर ब्रह्म 04.08 बजे रात्र को समाप्त। **करण** कौलव 07.14 बजे, तैतिल 17.36 बजे तदनन्तर गर 04.04 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 1.6 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण 03° 13' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1871916 **जूलियन दिन** 2460381.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2550 **हिजरी सन्** 1445 **महीना** रमजान **तारीख** 01 **विशेष** फुलेरा दूज, रामकृष्ण जयंती।

चौघड़िया शुभाशुभ- **शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■Jagrutidaur.com, Bangalore

आज का राशिफल

मेष राशि - लेनदेन के मामले स्थिगित रखें, व्यर्थ धन और समय का व्यय होवेगा, ध्यान रखें।	वृष राशि - स्वभाव में खिन्नता होने से हीन भावना से बचिएगा, अन्यथा कार्यमंद होवेगा।	मिथुन राशि - अशांति तथा विषमता से बचिए तथा झगड़ा होने की संभावना बनेगी।
कर्क राशि - स्त्री वर्ग से भोग एश्वर्य की प्राप्ति होगी, रुके हुए कार्य बनेंगे, लाभ मिलेगा।	सिंह राशि - आलोचनाओं से बचिए कार्य कुशलता से संतोष होवेगा, ध्यान रखेंगे।	कन्या राशि - धीमी गति से सुधार अपेक्षित है, तथा सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।
तुला राशि - स्त्री वर्ग से हर्ष उल्लास होवेगा, गुप्त शत्रुओं से चिंता तथा कुटुम्ब की समस्या बनेगी।	वृश्चिक राशि - योजना फलीभूत होगी, तथा इष्टमित्र सुख वर्धक होंगे तथा कार्य अवश्य बनेंगे।	धनु राशि - कुटुम्ब की समस्या कष्टप्रद हो तथा व्यर्थ धन का व्यय अवश्य होवेगा ध्यान दें।
मकर राशि - कुटुम्ब में सुख मान प्रतिष्ठा बढ़ेगी, बड़े-बड़े लोगों से मेल मिलाप होगा।	कुंभ राशि - भाग्य का सितारा प्रबल दैनिक गतिमंद तथा बिगड़े कार्य अवश्य ही बनेंगे।	मीन राशि - कार्य व्यवसाय में अनुकूलता बनेगी, समृद्धि के साधन अवश्य जुटायेंगे।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अंत्योदय योजना के लाभार्थियों से होंगे वीसी के जरिये रूबरू : डीसी विक्रम सिंह

अटल हिंद/योगेश गर्ग

फरीदाबाद, 11 मार्च। डीसी विक्रम सिंह ने बताया कि आगामी 13 मार्च 2024 को शाम 04:00 बजे प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी समाज के अंत्योदय वर्ग के लोगों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये लाइव बातचीत करेंगे।

डीसी विक्रम सिंह आज सोमवार को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के लाइव कार्यक्रम की जिला फरीदाबाद में तैयारियों को लेकर लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को दिशा-निर्देश दे रहे थे। डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार अंत्योदय योजना के माध्यम से वे सभी परिवार जिनकी सालाना आय 1 लाख रुपए से कम थी। उन परिवारों को पहले चरण में चिन्हित करके स्वयं रोजगार दिया गया था। वहीं अंत्योदय परिवारों के उत्थान के लिए शिविरों के जरिए इन जरूरतमंद परिवारों की पहचान की गई थी। अब जिन परिवारों की वार्षिक आय 1 लाख 80 हजार से अधिक हो गई है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी उन परिवारों के साथ और अन्य परिवारों की वार्षिक आय बढ़ाने के लिए सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं और परियोजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए 13 मार्च को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से चर्चा करेंगे। जिला उपायुक्त विक्रम सिंह ने बैठक में 13 मार्च को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए होने वाली बैठक की तैयारी करने का निर्देश देते हुए कहा कि संबंधित विभागों के अधिकारी अपने- अपने विभागों में जो भी अन्तोदय परिवार उत्थान योजनाओं और परियोजनाओं से सम्बन्धित जन कल्याणकारी स्कीमों बारे सभी तैयारियां पुख्ता करना सुनिश्चित करें। बैठक में सीटीएम अंकित कुमार, सीएमओ डाक्टर विनय गुप्ता, डॉ राजेश सहित समाज कल्याण विभाग, पिछड़ा वर्ग व अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, सूचना व प्रौद्यौगिकी विभाग, पुलिस विभाग के अलावा संबंधित अधिकारीगण मौजूद रहे।

अमृता अस्पताल फरीदाबाद ने ग्लूकोमा के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए वॉकाथन आयोजित किया

अटल हिंद/योगेश गर्ग

फरीदाबाद, 11 मार्च। अमृता अस्पताल फरीदाबाद द्वारा रविवार 10 मार्च को फरीदाबाद स्थित ओमेक्स वर्ल्ड स्ट्रीट में वॉकाथन आयोजन किया गया। इस वॉकाथन का उद्देश्य ग्लूकोमा के जल्दी निदान के बारे में लोगों को जागरूक करना और ग्लूकोमा से बचाव और इलाज के लिए नियमित जांच कराना है।

इस साल ग्लूकोमा अवेयरनेस वीक 10 मार्च से 16 मार्च तक है, जिसकी थीम ÷द वर्ल्ड इज ब्राइट, सेव योर साइट÷ है। वॉकाथन में विशेष अतिथी के रूप में इंडियन मेडिकल काउंसलिंग फरीदाबाद के प्रेसिडेंट डॉ दिनेश के गुप्ता और आईएमए के माननीय सचिव डॉ अश्विनी वाधवां समेत अमृता अस्पताल के नेत्र विज्ञान विभाग की एचओडी डॉ मीनाक्षी धर, सीनियर कंसलटेंट अमृता कपूर चतुर्वेदी, सीनियर कंसलटेंट चित्रलेखा डे और कंसलटेंट रश्मि मित्तल शामिल हुए। इसके अलावा अस्पताल के अन्य डॉक्टर, स्टाफ और नर्सिंग कॉलेज के छात्रों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस वॉकाथन में लगभग 250 लोग शामिल हुए। अमृता अस्पताल के नेत्र विज्ञान विभाग की एचओडी डॉ मीनाक्षी धर ने कहा, ÷आज हम यहां ग्लूकोमा के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए इकट्ठा हुए हैं, जो दुनिया में अपरिवर्तनीय अंधेपन का कारण है। रेगुलर चेकअप कराना महत्वपूर्ण हैं, जिसमें आंखों का प्रेशर और ऑप्टिक नर्व की जांच की जाती है। जो लोग एस्टेरॉयड पर हैं, जिनके चश्में का नंबर ज्यादा है, जिनका ग्लूकोमा का पारिवारिक इतिहास है या जिन्हें कभी आंख में चोट लगी है, इन सभी लोगों को ग्लूकोमा होने का खतरा सबसे ज्यादा रहता है। जो लोग 40 साल की उम्र या उससे ऊपर हैं, उन्हें नियमित रूप से अपनी आंखों की जांच करानी चाहिए। अमृता अस्पताल के नेत्र विज्ञान विभाग की सीनियर कंसलटेंट अमृता कपूर चतुर्वेदी ने कहा, ग्लूकोमा अवेयरनेस वीक का उद्देश्य आम लोगों के बीच इस बीमारी के बारे में जागरूकता फैलाना है। ग्लूकोमा दुनिया में रोकथाम योग्य अंधेपन का सबसे बड़ा कारण है और दुर्भाग्य से ज्यादातर लोगों को पता ही नहीं होता कि उन्हें यह बीमारी है। ग्लूकोमा की नियमित जांच के फायदे के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए अमृता अस्पताल फरीदाबाद ने फ्री ग्लूकोमा स्क्रीनिंग का आयोजन किया है। जो कि 11 मार्च 16 मार्च तक दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक की जाएगी।

एक नजर

क्राइम ब्रांच 17 ने नशा तस्कर आरोपी को 350 ग्राम गांजा सहित किया गिरफ्तार

अटल हिंद संवाददाता/फरीदाबाद, 11 मार्च। सीपी क्राइम हेमेंद्र कुमार मीणा के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच 17 प्रभारी कर्मवीर की टीम ने नशा तस्करी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम हरीश चांद है जो यूपी के हरदोई जिले का रहने वाला है और फिलहाल संगम विहार दिल्ली में रह रहा था। क्राइम ब्रांच की टीम ने गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को डीएलएफ फेज 1 के पास से अवैध नशे सहित काबू कर लिया। आरोपी के कब्जे से 350 ग्राम गांजा बरामद किया गया। आरोपी को सेक्टर 31 थाने लाकर उसके खिलाफ नशा तस्करी की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करके पूछताछ की गई जिसमें सामने आया कि आरोपी डीएलएफ फेज 1 में स्थित एक कंपनी में काम करता है और वह खुद भी गांजा पीता है तथा संगम विहार से गांजा खरीद कर लाता है। आरोपी वहां कंपनी के आसपास बने चाय के खोखे पर गांजा पीता है तथा अपने साथियों को भी लाकर देता है। पुलिस पूछताछ पूरी होने के पश्चात आरोपी को अदालत में पेश करके कानून के तहत कार्रवाई अमल में लाई गई है।

क्राइम ब्रांच 56 ने देसी कट्टे सहित आरोपी को किया गिरफ्तार

अटल हिंद संवाददाता/फरीदाबाद, 11 मार्च। डीसीपी क्राइम हेमेंद्र कुमार मीणा के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच 56 प्रभारी शीशपाल की टीम ने अवैध हथियार के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम अल्ताफ है जो मेवात जिले के बिसरू गांव का रहने वाला है। क्राइम ब्रांच की टीम ने गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को सिटी बल्लभगढ़ एरिया में स्थित दशहरा ग्राउंड के पास से अवैध हथियार सहित काबू कर लिया। आरोपी के कब्जे से एक देसी कट्टा बरामद किया गया। मामले में गहनता से पूछताछ करने के लिए आरोपी को थाने लाकर उसके खिलाफ अवैध हथियार अधिनियम के धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करके मामले में पूछताछ शुरू की गई। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी दोस्तों में धाक जमाने के लिए मेवात से 2000 में यह कट्टा खरीद कर लाया था जिसे पुलिस ने बरामद कर लिया। पुलिस पूछताछ पूरी होने के पश्चात आरोपी को अदालत में पेश करके जेल भेज दिया गया है।

खबर व विज्ञापन के लिए संपर्क करे,योगेश गर्ग (समाचार संपादक अटल हिन्द)-9891096150

निवेशकों और उद्योग के लिए सुखद माहौल सृजन करने के लिए उद्योगपतियों द्वारा पंजाब सरकार की सराहना

अटल हिंद संवाददाता

पटियाला, 11 मार्च। निवेशकों और उद्योग के लिए सुखद माहौल पैदा करने के लिए पंजाब सरकार की सराहना करते हुए पटियाला के उद्योगपतियों ने आज कहा कि ''सरकार-व्यापार मिलनी'' की पहल उनके लिए वरदान साबित हो रही है, जो सरकार के साथ सीधा संपर्क कायम करने की सुविधा प्रदान करती है और पंजाब को प्राथमिक स्थान के रूप में प्रोत्साहित करती है।

पंजाब सरकार के प्रयासों की सराहना करते हुए हिंदुस्तान यूनीलीवर से देबनाथ गुहा ने कहा कि हम इस प्रोग्राम का हिस्सा बनकर बहुत खुश हैं। उन्होंने कहा कि टमाटरों की पेस्ट के सम्बन्ध में पंजाब सरकार द्वारा सभी हितधारकों के साथ उच्च स्तरीय मीटिंग की गई है। उन्होंने कहा कि उनको खुशी होगी यदि वह बढिया क्वालिटी का टमाटर पंजाब से खरीदेंगे।

ज़िक्रयोग्य है कि इनकी किसान कैचअप फैक्ट्री नाभा में है। एक साल में इस फैक्ट्री को 10 हज़ार टन टमाटर चाहिए, जिसमें से 9.5 हज़ार टन नासिक महाराष्ट्र से आ रहा है।

इसी तरह त्रिपड़ी मार्केट पटियाला से चन्दरदीप नासरा ने कहा कि अब पंजाब सरकार के प्रयास रूबरूप घर बैठे ही ऑनलाइन प्रणाली के द्वारा अलग-अलग सरकारी सुविधाएं मिलने लगी हैं, जो सराहनीय है। उन्होंने कहा कि पहले हर काम के लिए लम्बी लाईनों में लगना पड़ता था। आढ़ती एसोसिएशन अनाज मंडी पटियाला से सतिन्दर सैनी ने कहा कि पिछली सरकारों में मुख्यमंत्री को मिलने की बहुत कोशिश की, परन्तु मौका नहीं मिला। उन्होंने कहा कि मंत्रियों को भी मिलना कठिन था, परन्तु इस सरकार में मुख्यमंत्री हमारे बीच आकर बैठे हैं।

उन्होंने अनाज मंडियों में फ़सल के खरीद प्रबंधों में आए बड़े सुधारों का जिक्र करते हुए कहा कि खरीद में बहुत ज़्यादा सुधार आया है और लिफ्टिंग की भी समस्या नहीं रही। उन्होंने कहा कि समय पर किसानों के खातों में पैसे आ रहे हैं, आढ़ती मज़दूरी मिल रही है और बारदाने की कमी दूर हुई है। दूसरी ओर भट्ठा एसोसिएशन से सिकन्द भाई जिन्दल ने कहा कि मान सरकार ने जो कहा वह करके दिखाया। उन्होंने कहा कि भगवंत सिंह मान जी ने यह कहा था कि हमारी सरकार पंचायतों से चलेगी।

मुख्यमंत्री के निर्देशों के अंतर्गत जिम्पा द्वारा 9 उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र प्रदान

अटल हिंद संवाददाता

चंडीगढ़, 11 मार्च। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों के अंतर्गत जल आपूर्ति एवं स्वच्छता मंत्री ब्रम शंकर जिम्पा ने आज 9 उम्मीदवारों को तरस के आधार पर जल आपूर्ति एवं स्वच्छता विभाग में बतौर क्लर्क, जूनियर टैक्नीशियन और हैल्पर टैक्नीकल के पदों के लिए नियुक्ति पत्र बाँटे।

उन्होंने इस मौके पर कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान राज्य के नौजवानों को रोज़गार मुहैया करवाने के लिए वचनबद्ध हैं और पंजाब सरकार द्वारा राज्य के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ समाज के समूह वर्गों के हितों को ध्यान में रखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि वास्तव में इन उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र पिछले दिनों संगरूर में हुए समागम के दौरान दिए जाने थे परन्तु कुछ तकनीकी कारणों से इनको वहाँ नियुक्ति पत्र नहीं दिए जा सके। अब इस संबंधी सारी कागज़ी कार्यवाही पूरी होने पर मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि इनको भी जल्द से जल्द नियुक्ति पत्र दिए जाएँ। इन निर्देशों की पालना करते हुए आज इनको आज नियुक्ति पत्र दिए गए हैं। नव-नियुक्त हुए उम्मीदवारों और उनके परिवारिक सदस्यों द्वारा नियुक्ति पत्र जारी करने पर पंजाब सरकार और विभाग के अधिकारियों का धन्यवाद किया गया। जिन 9 उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र दिए गए हैं, उनमें से जिनको आज नियुक्ति पत्र दिए गए हैं उनमें सनप्रीत सिंह, सखबजीत सिंह और सैरिल गर्ग को क्लर्क, परविन्दर सिंह, लवजीत सिंह, जतिन्दर सिंह, चरनजीत सिंह और गौतम को जूनियर टैक्नीशियन और राज कुमार को हैल्पर टैक्नीकल के पद के लिए नियुक्ति पत्र दिए गए हैं।

एक नजर

ऑल इंडिया सर्विसज़ टूर्नामैंट के लिए पंजाब की वेटलिफ्टिंग, पावरलिफ्टिंग और बैस्ट फिजीक टीमों के ट्रायल 13 मार्च को

अटल हिंद संवाददाता/चंडीगढ़, 11 मार्च। सैंट्रल सिविल सर्विसज़ कल्चरल एंड बोर्ड द्वारा ऑल इंडिया सर्विसज़ वेटलिफ्टिंग (पुरूष और महिला), पावरलिफ्टिंग (पुरूष और महिला) और बैस्ट फिजीक (पुरूष) टूर्नामैंट 18 से 22 मार्च 2024 तक नयी दिल्ली में करवाया जा रहा है। पंजाब की वेटलिफ्टिंग (पुरूष और महिला), पावरलिफ्टिंग (पुरूष और महिला) और बैस्ट फिजीक (पुरूष) टीमों के चयन के लिए ट्रायल 13 मार्च को वॉर हीरोज़ स्टेडियम, संगरूर में सुबह 10 बजे लिए जाएंगे। खेल विभाग के प्रवक्ता ने आगे जानकारी देते हुए बताया कि इन ट्रायलों में सुरक्षा सेवा कर्मी/अर्ध-सुरक्षा संगठन/केंद्रीय पुलिस संगठन/पुलिस/आरपीएफ/ सीआईएसएफ/ बीएसएफ/आईटीबीपी और एनएसजी आदि, केंद्रीय मंत्रालय सहित स्वायत्त दल/उपक्रम/सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक शामिल होंगे। कैजुअल/दैनिक कर्मचारियों, अस्थायी कार्यालय कर्मचारियों को छोडक़र, बैंक चलाने वाले कर्मचारी, 6 महीने से कम समय से नियमित सेवाओं में रहने वाले नए भर्ती कर्मचारी, सरकारी कर्मचारी (नियमित), विभिन्न विभागों के सरकारी अधिकारी (नियमित) अपने से एनओसी प्राप्त करने के बाद ही भाग ले सकते हैं। इस टूर्नामैंट में आने/जाने, रहने और खाने- पीने और अन्य खर्चों की अदायगी खिलाड़ी द्वारा निजी तौर पर की जायेगी।

पीओ पकड़ो स्टाफ द्वारा अलग अलग 2 मामलों में 2 उद्घोषित अपराधी काबू

अटल हिंद संवाददाता/कैथल, 11 मार्च। पी.ओ./बेलजंपरो की धरपकड़ के लिए एसपी उपासना के निर्देशानुसार चलाई जा रही मुहिम अंतर्गत पीओ पकडो स्टाफ इंचार्ज एसआई ओमप्रकाश की अगुवाई में पुलिस द्वारा अलग अलग 2 मामलों में 2 आरोपियों को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एएसआई राजकुमार की टीम द्वारा आरोपी गांव बढसिकरी कलां निवासी जोनी को काबू किया गया। जो आरोपी जोनी पर 4 जनवरी 2017 को बढसिकरी निवासी एक व्यक्ति पर अपने साथियों के साथ मिलकर हमला करके चोटे मारने का आरोप है। जिस बारे थाना कलायत में मामला दर्ज है। आरोपी जोनी उक्त मामले में माननीय न्यायालय से जमानत हासिल करने उपरांत दोबारा अदालत में हाजिर नहीं हुआ था, जिस पर आरोपी को न्यायालय ने आदेशों की अवहेलना करने के आरोप में 7 अगस्त 2023 को पीओ घोषित कर दिया था। प्रवक्ता ने बताया कि दुसरे मामले में पीओ स्टाफ के एचसी अनिल कुमार की टीम द्वारा आरोपी गांव बुढाखेड़ा निवासी रिंकू को काबू किया गया। आरोपी रिंकू को 30 अगस्त 2023 को गांव माघो माजरी स्कूल से लोहा जाल चोरी करते हुए अपने साथियों सहित काबू किया गया था।

राज्य स्तरीय समागम में अनुसूचित जाति और पिछड़ी श्रेणियों के व्यक्तियों को 1.98 करोड़ के दिए जाएंगे कर्ज़े

अटल हिंद संवाददाता

चंडीगढ़, 11 मार्चः मोहाली में आज (12 मार्च) आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय समागम में पंजाब अनुसूचित जाति, भू और वित्त निगम द्वारा अनुसूचित जातियों के 82 लाभार्थियों को 1.66 करोड़ रुपए के कर्ज़े बाँटे जाएंगे और अन्य बैकफिंको द्वारा पिछड़ी श्रेणियों के 17 लाभार्थियों को 32.45 लाख रुपए के कर्ज़े बाँटे जाएंगे। यह प्रगटावा सामाजिक न्याय, अधिकारिता और अल्पसंख्यक मंत्री डा. बलजीत कौर ने आज यहाँ किया।

कैबिनेट मंत्री ने बताया कि एस. सी. और बी. सी कारपोरेशन द्वारा जरूरतमंद व्यक्तियों को कर्ज़े देकर अनुसूचित जाति और पिछड़ी श्रेणियों के आर्थिक सशक्किरण को उत्साहित किया जाता है। पंजाब सरकार द्वारा यह कर्ज़े बहुत ही कम ब्याज दरों पर उपलब्ध करवाए जाते हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार द्वारा अनुसूचित जाति और पिछड़ी श्रेणियों के लोगों का जीवन बेहतर बनाने के लिए कर्ज़ दिया जा रहा है। मंत्री ने बताया कि दिए जाने वाले कर्जों का उद्देश्य हाशियाग्रसत/वंचित भाईचारे के व्यक्तियों को सशक्त बनाना है। उनको अपने कारोबारों को स्थापित करने के योग्य बनाना है, जिससे उनका जीवन स्तर ऊँचा उठाया जा सके। डा. बलजीत कौर ने बताया कि यह कर्ज़े लाभार्थियों की इच्छाओं को साकार करने, रोज़गार के मौके पैदा करने और उनकी रोज़ी-रोटी को कमाने में मदद करेंगे। कैबिनेट मंत्री ने बताया कि पंजाब सरकार अनुसूचित जाति और पिछड़ी श्रेणियों के आर्थिक विकास को उत्साहित करने के लिए वचनबद्ध है।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त द्वारा 2100 ऑब्ज़र्वरों को चुनाव के दौरान सभी के लिए अनुकूल और समान माहौल सुनिश्चित बनाने के निर्देश

अटल हिंद संवाददाता

चंडीगढ़, 11 मार्च। लोक सभा और कुछ विधान सभाओं की आगामी आम चुनाव के मद्देनज़र भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आज राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में तैनात किये जाने वाले ऑब्ज़र्वरों को चुनाव सम्बन्धी दिशा-निर्देशों से अवगत करवाने के लिए मीटिंग की गई। विज्ञान भवन, नयी दिल्ली में हाइब्रिड मोड में की गई इस मीटिंग में सीनियर आई.ए.एस और आई.पी.एस. अधिकारियों के साथ-साथ इंडियन रैविन्यू सर्विस और अन्य केंद्रीय सेवाओं के 2150 से अधिक अधिकारियों ने हिस्सा लिया। इनमें से कुछ अधिकारी अपने-अपने राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के दफ़्तरों से इस मीटिंग में ऑनलाइन शामिल हुए। बताने योग्य है कि आगामी चुनाव के लिए लगभग 900 जनरल ऑब्जर्वर, 450 पुलिस ऑब्जर्वर और 800 खर्च संबंधी ऑब्जर्वर तैनात किये जा रहे हैं। चुनाव में ऑब्ज़र्वरों की अहम भूमिका संबंधी बात करते हुए मुख्य निर्वाचन आयुक्त श्री राजीव कुमार ने ऑब्ज़र्वरों को चुनाव के दौरान डराने-धमकाने और उकसाने की कार्यवाहियों पर करीबी नजर रखने के लिए कहते हुए सभी के लिए एक समान और अनुकूल माहौल सुनिश्चित बनाने के निर्देश दिए, जिससे चुनाव को निष्पक्ष ढंग से पूरा किया जा सके। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने ज़ोर देकर कहा कि आयोग के प्रतिनिधियों के तौर पर ऑब्ज़र्वरों से उम्मीद की जाती है कि वह पेशेवराना ढंग से आने वाले उम्मीदवारों और हितधारकों तक पहुँच बनाकर रखें।

मीटिंग में ऑब्ज़र्वरों को निर्देश दिए गए कि वह ड्यूटी के दौरान अपने व्यवहार में सख्ती और विनम्रता का मेल बनाकर रखें। उन्होंने चुनाव ऑब्ज़र्वरों को पोलिंग स्टेशनों का दौरा करके ज़मीनी हालातों से अवगत होने के साथ-साथ संवेदनशील क्षेत्रों का जायज़ा लेने के लिए भी कहा।

सन्दीप सैनी ने चेयरमैन बैकफिंको और हरजिन्दर सिंह सीचेवाल ने बैकफिंको के वाइस-चेयरमैन के तौर पर पद संभाला

अटल हिंद संवाददाता

चंडीगढ़, 11 मार्चः पंजाब सरकार द्वारा नवनियुक्त सन्दीप सैनी द्वारा पंजाब पिछड़ी श्रेणी भू विकास और वित्त निगम(बैकफिंको) के चेयरमैन का चार्ज और हरजिन्दर सिंह सीचेवाल द्वारा वाइस-चेयरमैन का चार्ज संभाल लिया। सन्दीप सैनी और हरजिन्दर सिंह सीचेवाल ने मुख्यमंत्री स. भगवंत सिंह मान का धन्यवाद करते हुये कहा कि उनको जो ज़िम्मेदारी सौंपी गई है, उसे वह पूरी ज़िम्मेदारी के साथ निभाएंगे और इस अदारे के तरक्की और विकास में विस्तार करेंगे। उन्होंने पद संभालते हुए कहा कि पंजाब सरकार द्वारा उनकी ड्यूटी पिछड़ी श्रेणी, अल्पसंख्यक वर्ग और आर्थिक तौर पर कमज़ोर वर्ग की भलाई के लिए लगाई गई है। इस ड्यूटी को वह पूरी इमानदारी और लगन के साथ निभाएंगे।

विकास कार्यों से परेशानी कांग्रेस और घमंडियां गठबंधन को पीएम मोदी

गुरुग्राम से देश भर में एक लाख करोड रुपए के रोड नेटवर्क का शिलान्यास उद्घाटन

अटल हिंद/फतह सिंह उजाला

गुरुग्राम 11 मार्च । इस बात की प्रबल संभावनाएं व्यक्त की जा रही है कि जारी सप्ताह में कभी भी आम चुनाव का कार्यक्रम घोषित किया जा सकता है। इन्हीं सब अटकलें के बीच पीएम नरेंद्र मोदी पिछले एक माह की समय अवधि के दौरान दूसरी बार गुरुग्राम संसदीय क्षेत्र में सड़क मार्ग से द्वारका एक्सप्रेसवे का निरीक्षण करते हुए गुरुग्राम शहर पहुंचे। गुरुग्राम आगमन पर पीएम मोदी का हरियाणा के गवर्नर बंडारू दत्तात्रेय, हरियाणा के सीएम मनोहर लाल खट्टर, सांसद एवं केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह सहित अन्य नेताओं के द्वारा स्वागत अभिनंदन किया गया। इस मौके पर पीएम नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस और कांग्रेस एलाइंस गठबंधन इंडिया को आड़े हाथों हाथ लेते हुए कहा, भाजपा सरकार के द्वारा करवाए जा रहे विकास कार्यों से सबसे अधिक परेशानी कांग्रेस और घमंडियां गठबंधन को है। विकास कार्यों को देखकर इंडिया गठबंधन की नींद हराम हो गई, समझ में कुछ भी नहीं आ रहा है । आज सही मायने में विकास के मुद्दे पर कांग्रेस पार्टी में चर्चा करने की हिम्मत नहीं रही। उल्टा कांग्रेस और इंडिया गठबंधन के द्वारा आरोप लगाया जाता है कि चुनाव के कारण ही मोदी के द्वारा शिलान्यास और उद्घाटन किए जा रहे । पीएम मोदी ने कहा 10 वर्ष में कांग्रेस पार्टी के चश्मे का नंबर नहीं बदला, कांग्रेस की नेगेटिविटी बनी हुई है । 2014 से पहले कांग्रेस चुनावी घोषणा की सरकार चलती थी। कांग्रेस घोषणा करके ही विकास कार्यों को छोड़ देती थी । कांग्रेस के लंबित प्रोजेक्ट को बीजेपी सरकार के द्वारा पूरा किया जा रहा है। पीएम मोदी ने कहा भाजपा सरकार के विकास कार्य शिलान्यास तक की सीमित नहीं उद्घाटन भी किया जा रहे हैं । उन्होंने कहा भाजपा सरकार बनने से पहले डीले होती थी, लेकिन अब डिलीवरी होती है। देश में 9000 किलोमीटर हाई स्पीड कॉरिडोर बनाने पर फोकस है , इसमें से आधा 4500 किलोमीटर हाई स्पीड कॉरिडोर बन चुका है । गुरुग्राम में पीएम मोदी के द्वारा 100000 करोड रुपए के पूरे देश में 114 रोड प्रोजेक्ट का शिलान्यास और उद्घाटन किया गया । उन्होंने कहा 2014 तक केवल पांच शहरों में मेट्रो की सुविधा उपलब्ध थी, अब यह सुविधा 21 शहरों मे उपलब्ध है । कांग्रेस ने 7 दशक में जो भी गड्ढे खोदे, भाजपा सरकार के द्वारा अब उनको भरा जा रहा है । पीएम मोदी ने कहा मेरा सपना है 2047 तक भारत देश विकसित राष्ट्र बनना चाहिए। इसके साथ ही हरियाणा, गुरुग्राम, मानेसर ही नहीं देश का कोना-कोना, गांव-गांव विकसित होना चाहिए। इस विकास के उत्सव में आप सभी का सहयोग अपेक्षित है । पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा पहले दिल्ली विज्ञान भवन मैं कार्यक्रम होते थे । भाजपा सरकार बनने के बाद से पूरे देश में आधुनिक कनेक्टिविटी की तरफ कदम बढ़ाए गए हैं। आज गुरुग्राम में कार्यक्रम है और पूरा देश गुरुग्राम से जुड़ा हुआ है।

पैनल में नाम, कांग्रेस पार्टी का फैसला सर्वोपरि - कैप्टन अजय



अटल हिंद संवाददाता

पटौदी 11 मार्च । टिकट के लिए आवेदन नहीं किया। छह बार विधायक रह चुका और तीन बार मंत्री भी बना हूं । इस उम्र में लाइन में लगना शोभा नहीं देता। लेकिन लोकसभा चुनाव में कांग्रेस टिकट के लिए पैनल में नाम रखा गया है। कांग्रेस पार्टी और कांग्रेस हाई कमान का जो भी फैसला अथवा आदेश हो, स्वीकार्य होगा। यह बात कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और हरियाणा के पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अजय सिंह यादव ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कही। कैप्टन अजय यादव हेली मंडी क्षेत्र में एक कार्यक्रम में शामिल होने के बाद पत्रकारों से रूबरू थे। इस मौके पर महिला ग्रामीण कांग्रेस की अध्यक्ष निर्मल यादव, महिला कांग्रेस की शहरी जिला अध्यक्ष पूजा शर्मा, कांग्रेस नेत्री पर्ल चौधरी, महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव सुनीता सहरावत, रमेश खंडेवला, प्रवीण हकदारपुर, डॉक्टर हरिओम सभरवाल, विक्रम यादव सहित अन्य कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे।

कैप्टन अजय सिंह यादव ने कहा जिस प्रकार से राहुल गांधी मेहनत कर रहे हैं, उसका सुखद परिणाम अवश्य मिलेगा । उन्होंने कहा मेरी निष्ठा कांग्रेस पार्टी, राहुल गांधी, श्रीमती सोनिया गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के प्रति है । अपनी अंतिम सांस तक मैं कांग्रेस पार्टी के प्रति ही समर्पित रहूंगा। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस चुनाव समिति का जो भी फैसला होगा, वह फैसला स्वीकार्य होगा । एक सवाल के जवाब में वरिष्ठ कांग्रेस नेता कैप्टन अजय ने कहा क्रिटिसिज्म पार्ट ऑफ डेमोक्रेसी । कांग्रेस पार्टी राष्ट्रीय राजनीतिक पार्टी है । राष्ट्रीय राजनीतिक पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं में अपने-अपने विचार हो सकते हैं । लेकिन पार्टी और पार्टी के नेता एक ही रहते हैं । स्वस्थ राजनीति में मतभेद होने भी चाहिए, लेकिन मनभेद नहीं होना चाहिए।

मोदी के शासनकाल में गुरूग्राम जिला को अनेक बड़ी विकास परियोजनाएं मिली : राव इंद्रजीत

पीएम नरेंद्र मोदी का हरियाणा प्रदेश के प्रति विशेष लगाव

गुरूग्राम लोकसभा क्षेत्र में एक महीने के भीतर दूसरी बार पहुंचे मोदी

गुरूग्राम संसदीय क्षेत्र को मिली विकास परियोजना के लिए पीएम का जताया आभार

अटल हिंद संवाददाता

गुरूग्राम, 11 मार्च। पीएम नरेंद्र मोदी हरियाणा प्रदेश से अपार स्नेह रखते हैं। पीएम का एक माह में गुरूग्राम लोकसभा क्षेत्र में दो बार आना इस इलाके का सौभाग्य है। द्वारका एक्सप्रेस-वे के उद्घाटन समारोह में केंद्रीय राज्यमंत्री एवं स्थानीय सांसद राव इंद्रजीत सिंह ने सोमवार को पीएम नरेंद्र मोदी का स्वागत करते हुए ये शब्द कहे। जनसभा के रूप में तब्दील हुए इस समारोह में राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि गुरूग्राम हरियाणा के सबसे विकसित जिलों में से एक है। उन्होंने इन विकास परियोजनाओं के लिए पीएम नरेंद्र मोदी, केंद्रीय सडक़ परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी व सीएम मनोहर लाल का आभार व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में सर्वाधिक राजस्व यही जिला देता है और सेवा, उत्पादन, उद्योग एवं व्यवसाय के मामले में गुरूग्राम अग्रणीय जिला है। इसीलिए इस जिला के ढांचागत विकास पर केंद्र एवं हरियाणा सरकार ने विशेष ध्यान दिया है। पीएम नरेंद्र मोदी के शासनकाल में गुरूग्राम जिला को अनेक बड़ी विकास परियोजनाएं मिली हैं। इनमें एक लाख करोड़ रूपए की लागत से बन रहा दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस हाई-वे है, जो कि राजस्थान में दौसा जिला तक बनकर तैयार हो चुका है। इसी प्रकार गुरूग्राम से सोहना और नूंह तक दो हजार करोड़ रूपए की लागत से बनाया गया एलिवेटिड राजमार्ग है। जिसके बनने से इस मार्ग पर विकास की राह प्रशस्त हुई है। केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि गुरूग्राम से रेवाड़ी-नारनौल तक नया राजमार्ग बनाया जा रहा है, जिसके निर्माण पर 2700 करोड़ रूपए खर्च होंगे।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी सिबिन सी द्वारा राज्य स्तरीय मीडिया मोनिट्रिंग सैल का दौरा

लोक सभा चुनाव-2024 में मीडिया को सार्थक और प्रभावी भूमिका निभाने की अपील

अटल हिंद संवाददाता

चंडीगढ़, 11 मार्च। पंजाब के मुख्य निर्वाचन अधिकारी सिबिन सी ने आज राज्य स्तरीय मीडिया मोनिट्रिंग सैल का दौरा किया। लोक सभा चुनाव-2024 सम्बन्धी यहाँ से टीवी न्यूज चैनलों, प्रिंट मीडिया, सोशल मीडिया और वैब चैनलों की मोनिट्रिंग की जा रही है। चुनाव आवास संहीता लगने के बाद राज्य स्तरीय मीडिया मोनिट्रिंग सैल में गतिविधियों और तेज हो जाएंगी।

सिबिन सी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार मुख्य निर्वाचन अधिकारी के दफ़्तर में मीडिया मोनिट्रिंग सैल की स्थापना की गई है। उन्होंने कहा कि मज़बूत लोकतंत्र के लिए मीडिया की अहम भूमिका होती है। उन्होंने लोक सभा चुनाव-2024 के दौरान मीडिया को सार्थक और प्रभावी भूमिका निभाने की अपील की। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान मीडिया लोगों तक सही और सच्ची सूचनाएँ एवं जानकारियां पहुँचाना सुनिश्चित बनाएँ। उन्होंने मीडिया को पूर्ण सहयोग का आश्वासन भी दिया।

काबिलेगौर है कि राज्य स्तरीय मीडिया मोनिट्रिंग सैल सूचना एवं लोक संपर्क विभाग के अधिकारियों और पेशेवर सोशल मीडिया विशेषज्ञों के द्वारा सभी अख़बारों, न्यूज चैनलों, सोशल मीडिया साईटों और वैब चैनलों की मोनिट्रिंग कर रहा है, जिससे भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों और नियमों की पालना को सुनिश्चित बनाया जा सके। इसके अलावा यहीं से लोक सभा चुनाव-2024 संबंधी ज़रूरी जानकारियाँ और सूचनाएँ मीडिया तक पहुँचायी जा रही हैं और चुनाव आचार संहिता के बाद भी जारी रहेंगी। मीडिया मोनिट्रिंग सैल के दौरे के दौरान मुख्य निर्वाचन अधिकारी दफ़्तर के अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

संपादकीय

15 मार्च को हो जाएगी दो चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति?

केंद्रीय चुनाव आयोग में संवैधानिक संकट उत्पन्न हो गया है। केंद्रीय चुनाव आयोग में तीन सदस्यों में से मात्र एक मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ही आयोग के एकमात्र सदस्य रह गए हैं। लोकसभा चुनाव की अधिसूचना 15 मार्च तक जारी होने की संभावना थी। ऐसी स्थिति में अब दो रिक्त पदों के लिए ताबड़तोड़ नियुक्ति की तैयारी की जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 मार्च को इसके लिए बैठक आयोजित की है। सर्च कमेटी द्वारा नामों की सूची तैयार करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। 15 तारीख की बैठक में 5 नाम सर्च कमेटी द्वारा प्रस्तुत किए जाएंगे। चुनाव आयुक्त की नियुक्ति के लिए सरकार ने जो नया कानून बनाया है, उसके अनुसार प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में कमेटी के लिए एक केंद्रीय मंत्री को नामित करेंगे। नेता प्रतिपक्ष भी इस कमेटी के सदस्य होंगे। यह तीनों सदस्यों की कमेटी दो चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति के बारे में निर्णय करेंगी। केंद्र सरकार ने जो कानून, चुनाव आयुक्त की नियुक्ति के लिए बनाया है, उसे सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई है। सुप्रीम कोर्ट ने उस पर कोई स्थगन जारी नहीं किया है। नाहीं उस पर कोई सुनवाई शुरू हुई है। ऐसी स्थिति में कानून के अनुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिसे चाहेंगे, वह दो व्यक्ति केंद्रीय चुनाव आयुक्त के रूप में पदस्थ किए जा सकेंगे। इससे केंद्रीय चुनाव आयोग का संवैधानिक संकट भी खत्म हो जाएगा।

केंद्रीय चुनाव आयुक्त अरुण कुमार गोयल के इस्तीफा देने के बाद, जिस तरह के हालात बने हैं, उसको देखते हुए यह आशंका भी व्यक्त की जा रही है, कि चुनाव टाले भी जा सकते हैं। 2014 में लोकसभा चुनाव की अधिसूचना 5 मार्च को जारी हुई थी। 2019 के लोकसभा चुनाव की अधिसूचना 10 मार्च को जारी हुई थी। 2024 के लोकसभा चुनाव की अधिसूचना 15 मार्च को जारी होने की संभावना थी। जिस तरह का संवैधानिक संकट उत्पन्न हो गया है। उसको देखते हुए लगता है, कि पहले केंद्रीय चुनाव आयुक्त के रिक्त 2 पदों पर चुनाव आयुक्त की नियुक्ति 15 मार्च को हो जायेगी। उसके बाद ही, लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होगी। केंद्र सरकार द्वारा चुनाव आयुक्त की नियुक्ति को लेकर जो कानून लागू किया गया है, इसका विरोध बड़े पैमाने पर विपक्षी दल और समाजसेवी संगठन कर रहे हैं। कहा जा रहा है, कि सरकार ने जो कानून बनाया है। उसके अनुसार सरकार जिसे चाहेगी, उसे चुनाव आयुक्त के रूप में नियुक्त कर लेगी। इससे चुनाव आयोग की निष्पक्षता खत्म होगी। चुनाव आयोग सरकार के इशारे पर काम करने वाला होगा। जिसके कारण भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था कमजोर होगी। अभी यह मामला सुप्रीम कोर्ट में लंबित है।

इसी बीच एक साथ दो चुनाव आयुक्त की नियुक्ति को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। अब जो नए चुनाव आयुक्त चुने जाएंगे। वह 65 वर्ष की उम्र या 6 साल का उनका कार्यकाल होगा। जो दो नए चुनाव आयुक्त बनेंगे। उनका कार्यकाल अगले 5 से 6 वर्षों का होगा। केंद्र सरकार, वन नेशन वन इलेक्शन लागू करने की दिशा में काम कर रही है। ऐसी स्थिति में केंद्रीय चुनाव आयोग की भूमिका भी बड़ी महत्वपूर्ण होगी। केंद्र सरकार द्वारा जो कानून बनाया गया है, उसके अनुसार पहली बार 15 मार्च को चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति करने के लिए बैठक होने जा रही है। यह माना जा रहा है, कि 15 मार्च को यह नियुक्ति हो जाएगी। अगले दो चुनाव आयुक्त कौन होंगे। सर्च कमेटी द्वारा किस तरह से नाम सर्च किए जाएंगे। उसके लिए कौन सी प्राथमिकताएं थीं। 10 नाम सर्च कमेटी मंत्री के पास प्रस्तुत करेगी। उनमें से 5 नामो का चयन मंत्री की कमेटी करेगी। जिन 5 नाम को मंत्री जी की अध्यक्षता वाली सर्च कमेटी मंजूर करेगी। उनके नाम प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाली कमेटी में रखे जाएंगे। सर्च कमेटी का चयन के लिए उसका आधार क्या था। नेता प्रतिपक्ष की भूमिका क्या होगी। सर्च कमेटी जो नाम तय करेगी, उसके बारे में क्राइटेरिया क्या बनाया गया था। इसकी सूचना नेता प्रतिपक्ष को दी गई थी। ऐसी कई आशंकाएं हैं, जिनको लेकर अटकलों का दौर भी शुरू हो गया है।

वैधानिक सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि इस समाचार पत्र में मुद्रित होने वाले किसी भी विज्ञापन पर आपत्ति करने वह कानूनी कार्रवाई करने से पहले विज्ञापन में दी गई शर्तों व नियमों दावों और सेवा के बारे में पूरी तरह से जानकारी हासिल कर जांच पड़ताल कर लें यह दैनिक अटल हिंद समाचार पत्र किसी भी उत्पाद या सेवा की गुणवत्ता आदि के विषय में विज्ञापनदाता द्वारा दिए गए दावों का उल्लेख करता है मैं ही पुष्टि करता है ना ही उसके पक्ष में है किसी भी विज्ञापन के संबंध में विज्ञापनदाता उत्तरदायी होगा ना कि दैनिक अटल हिंद समाचार पत्र पूर्व में विज्ञापन के संबंध में दिए गए मोबाइल नंबर पर संपर्क कर अपना समाधान समय करें समाचार प्रबंधन की सीधी बात के लिए उत्तरदायी नहीं होगा। **विज्ञापन प्रबंधक**

अटल हिंद

मुद्रक तथा प्रकाशक स्वामी राजकुमार अग्रवाल द्वारा वत्स ऑफसेट, मुद्दा हाउस, सी - ब्लाक बारात घर कोडा, रघुनाथपुर, -32, नोएडा (उ0प्र0) से मुद्रित कराकर 28, ई ब्लाक, विष्णु मार्केट, अपोजिट ओल्ड बस स्टैंड, कैथल (हरियाणा) से प्रकाशित कराया। संपादक - राजकुमार अग्रवाल, पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। (समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र कैथल, हरियाणा होगा।) मोबाइल नं0 - 09416111503, 09802153000

ई मेंल- atalhind@gmail.com/
atalhindnews@gmail.com

देश में चुनावों से पहले विकास की बरसात....

राकेश अचल

7 लोकसभा चुनाव से पहले देश में विकास की ऐसी बरसात हो रही है कि पिछड़ापन लगता है कहीं बचेगा ही नहीं। हम कल की ही बात करें तो एक ही दिन में सरकार ने 6 नए हवाई अड्डे ,छह नए टर्मिनल का लोकार्पण करने के साथ ही हजारों करोड़ रूपये की नयी योजनाओं की आधारशिलाएं रख दीं। देश में ये विकास राजनीति के पश्चिमी विक्षोभ का नतीजा है। न चुनाव होते और न देश में विकास की झड़ी लगती । लगता है कि सरकार विकास की मेघमाला को चुनावों के लिए ही रोककर रखती है। इस हवा-हवाई विकास की हकीकत क्या है ये समझना जरूरी है।

चुनावों से पहले देश में विकास की बरसात हमेशा से होती आई है किन्तु भाजपा की सिंगल और डबल इंजन की सरकारों ने 2024 के लोकसभा चुनावों में भाजपा के लिए 370 और एनडीए गठबंधन के लिए 400 सीटें जीतने के आसमानी लक्ष्य को पाने के लिए विकास की बरसातों के सभी पुराने कीर्तिमान भंग कर दिए हैं। मौजूदा सरकार को कीर्तिमान भंग करने में महारत हासिल है । सरजू तट पर दीपक जलाने से लेकर ,सरकारें खरीदने,गिराने और विकास की बरसातें करने तक के सभी पुराने कीर्तिमान हमारी इसी लोकप्रिय सरकार ने भंग किये हैं। कांग्रेस की अव्वल तो सरकारें कम हैं और जो भी हैं वे भी नए कीर्तिमान गढ़ने में भाजपा से कोसों पीछे हैं।

देश की जनता को हैरानी होती है की 74 साल के प्रधानमंत्री में इतनी ऊर्जा कहाँ से आती है जो वे उत्तर -पूर्व से लेकर पूरे देश में चुनावी दौरे ऐसे कर रहे हैं जैसे की कोई तूफ़ान खड़ा करना कहते हों। प्रधानमंत्री ने 10 मार्च को ही 15 हवाई इंफ्रा स्ट्रक्चर का लोकार्पण किया। इनमें छह नए हवाई अड्डे शामिल हैं। प्रधानमंत्री जी भले ही मणिपुर नहीं गए हों लेकिन वे उन सभी हिस्सों में गए जहाँ से सीटें मिल सकती है। वे बिहार गए,बंगाल गए,यूपी तो जाते ही रहते हैं। एमपी गए ,महाराष्ट्र गए और जहाँ नहीं जा पाए वहां उन्होंने अपनी आभासी उपस्थिति [वर्चुअल] से लोगों को नवाजा। अतीत में ये क्षमता सुर और असुर दोनों पक्षों के पास थी। अब कलिकाल में ये मायावी शक्ति केवल सत्ता पक्ष के पास बची है।

दो-दो इंजन लगाकर सरकारें चलाने वाली भाजपा ने जान और मान लिया है कि जुमलेबाजी में विकास का छोंक लगाए बिना बात बनने वाली नहीं है । देश को आप चाहे हिन्दू राष्ट्र बनाइये , चाहे अहिन्दू राष्ट्र बिना विकास के बात बनने वाली नहीं है। किसी भी देश में विकास पहली जरूरत होती है । जहाँ विकास को तरजीह नहीं दी जाती वहां बारूद ही बारूद बिछी दिखाई देती है। आसपास नजरें उठाकर देख लीजिये ,हकीकत समझ में आ जाएगी। राष्ट्र को राष्ट्र बनाये रखने के लिए सबसे पहले खुद को उदार बनाना जरूरी है। आप जुमलों से खुद को बिजूका बनाकर लक्ष्य हासिल नहीं कर सकते। और यदि कर रहे हैं तो ये आपका सौभाग्य है।

देश का विपक्ष और एक बड़ा वर्ग प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी को खलनायक मानता है ,किन्तु मै ऐसा नहीं मानता,क्योंकि खुद मोदी जी ऐसा नहीं मानते । वे भले ही देश की 31 फीसदी जनता द्वारा चुनी गयी भाजपा के नेता हैं लेकिन हैं तो देश के प्रधानमंत्री ,इसलिए मै उन्हें खलनायक नहीं मान सकता भले ही वे खलनायकों की तरह व्यवहार करते नजर आते हों। खलनायक के भीतर भी तो एक नायक छिपा है। नायक,खलनायक और अधिनायक में जो गैर जरूरी शब्द हैं उन्हें यदि अलग कर दिया जाये तो शेष नायक ही बचता है। देश पर विकास की बरसात आखिर मोदी जी से ,भाजपा से कोई अंतर्निहित नायक ही करा रहा है।

समस्या ये है कि हम या हमारी राजनीति कभी ये सवाल नहीं करती कि सरकारें विकास को एक सतत प्रक्रिया बनाये रखने के बजाय उसका इस्तेमाल एक चारे के रूप में क्यों करतीं है। सरकारों को विकास की याद ?न चुनावों के समय ही क्यों आती है ? क्या वे चुनावों के लिए विकास को अवरुद्ध करने का अपराध नहीं करतीं ? विकास को एक जरूरत के बजाय राजनीतिक हथियार क्यों बना दिया गया है ? क्या इससे मुक्ति आवश्यक नहीं है ,या सभी राजनीतिक दलों ने इस मुद्दे पर कोई दुरभि संधि कर ली है ?

परिश्रमी,दृढ प्रतिज्ञ और तपोनिष्ठ प्रधानमंत्री जी का दुर्भाग्य ये है कि अब उनके द्वारा एक दशक में बनाये गए हवामहल की ईंटे खिसकने लगीं है। अभी तक उनके द्वारा खोले गए शरणार्थी शिविरों में कांग्रेस और दीगर दलों के शरणार्थी नेता शरण ले रहे थे किन्तु अब उनकी पार्टी से भी लोग पलायन कर उनकी प्रतिद्वंदी कांग्रेस के शरणार्थी शिविरों में जाते दिखाई देने लगे है। हरियाणा से पहले मध्यप्रदेश में इसकी शुरुवात हुई थी । अब पूरे देश के अलग-अलग हिस्सों से प्रधानमंत्री के अधिनायकत्व से खिन्न लोग भाग रहे है। या बगावत कर रहे हैं। चूंकि क़ानून होने के बाद भी अब दल-बदल कोई अपराध या अनैतिक कृत्य नहीं है इसलिए सभी के लिए ये क्षम्य है। भाजपा में जिस तरह से कांग्रेस का काठ-कबाड़ भरा गया है उससे भाजपा के आम कार्यकर्ता में भारी असंतोष है ,जो विकास की बेमौसम बरसात पर भारी पड़ सकता है। चूंकि हम भाजपा के भाग्यविधाताओं की मजबूरी को समझते हैं इसलिए हमारी उनके प्रति सहानुभूति है। हमारी सहानुभूति को आप अन्यथा मत लीजिये। देश को तोड़ना और जोड़ना दो अलगअलग काम हैं जो राजनीतिक दल अपनी-अपनी समझ और सामर्थ्य से कर रहे हैं जनता धर्म के नशे में है लेकिन धीरे-धीरे धर्म का नशा उतर रहा है। उम्मीद की जाना चाहिए कि नशामुक्त अवाम अपने भविष्य का फैसला समझदारी से करेगी और नहीं करेगी तो खुद ही भुगतेगी। इसमने हमारा आपका कोई कसूर नहीं होगा।

कांग्रेस में पतझड़ तो भाजपा में बहार का मौसम

चैतन्य भट्ट

ऊपर वाले ने तीन प्रमुख मौसम बनाए ठंड, गर्मी, बरसात तीनों मौसम हर व्यक्ति के लिए एक से होते हैं अगर गर्मी है तो सबको गर्मी लगती है अगर ठंड है तो हर व्यक्ति रजाई ढूंढता है और अगर बरसात है तो सारे लोग भीग जाते हैं इन मौसमों के बीच में कुछ और छोटे-मोटे मौसम होते हैंजैसे बसंत, शरद, शिशिर, बहार, पतझड़ लेकिन आजकल का दो प्रमुख राजनीतिक दलों में एक साथ दो अलग-अलग मौसम चल रहे हैं हम बात कर रहे हैं कांग्रेस और भाजपा की कांग्रेस में इन दिनों पतझड़ का मौसम है रोजाना कांग्रेस के बट वृक्ष से एक न एक पुराना पत्ता गिरता है और जाकर भाजपा की बहार में शामिल हो जाता है जिस गति से कांग्रेस के नेता रुपी पत्ते रोजाना गिरते जा रहे हैं उस हिसाब से बहुत जल्द वह ठूंठ बनकर रह जाएगा ।अब दिक्कत ये है कि बट वृक्ष को ना तो खाद मिल रही है और ना ही पानी, इधर भाजपा में चौतरफा बहार ही बहार है सारे पत्ते फल फूल रहे हैं बाहर से आए पत्तों को भी पेड़ की ऊंची ऊंची डगालों में सुशोभित किया जा रहा है लेकिन इन सब के बीच अपने भाजपा के पुराने पत्ते बेचारे बड़े दुखी हैं जिंदगी भर जिस पेड़ को हरा भरा रखा उस पेड़ पर उनकी कोई औकात ही नहीं बची उनके सर के ऊपर कांग्रेस के पतझड़ के पत्तों को सजाया जा रहा है। दरअसल ये राजनीति है ही ऐसी चीज सत्ता के लिए तमाम राजनीतिक दल साम ,दाम दंड भेद तमाम तरह की चीजों को अपना लेते हैं कल तक जो बड़े-बड़े नेता कांग्रेस के बड़े-बड़े पदों पर रहे मंत्री रहे, सांसद रहे उन्हें अचानक कांग्रेस की नीतियों से नफरत हो गई उनका कहना है कि आज की कांग्रेस वो कांग्रेस नहीं रह गई है तो भैया आप भी तो वो कांग्रेसी अब वो कांग्रेसी नहीं रहे यह भी तो सोचो और फिर परिवर्तन तो प्रकृति का नियम है जमाना वो भी था जब कांग्रेस पूर्ण बहुमत में हुआ करती थी अब उसको एक सैकड़ा तक पहुंचने में सांस फूली जा रही है कहते हैं ना कभी नाव पानी के ऊपर तो कभी पानी नाव के भीतर यही हाल कांग्रेस और भाजपा का है लेकिन जिस तेज गति से पतझड़ की हवाएं कांग्रेस रूपी पेड़ के खिलाफ चल रही है वो कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व के लिए चुनौती तो है उसको देखना होगा कि कहीं ऐसा ना हो कि पत्तों के साथ-साथ पूरा पेड़ ही जड़ से उखड़ जाए लेकिन यह भी कहा जाता है कि जब पतझड़ आता है तो पुरानी पत्तियां टूट कर बिखर जाती हैं लेकिन उसके बाद नई कोपलें आना शुरू होती है जो बाद में बड़ी पत्ती का रूप धारण कर लेती अपने को तो लगता है कांग्रेस यही सोचकर पुरानी पत्तियों को समेटना नहीं चाहता ,लेकिन जिस तरह से कांग्रेस से उसके नेता नाता तोड़ रहे हैं उस पर किसी शायर की ये पंक्तियां बिल्कुल सटीक बैठती हैं पतझड़ भी हिस्सा है जिंदगी के मौसम का, फर्क इतना है कुदरतमें पत्ते टूटते हैं और हकीकत में रिश्ते

मानते हैं उनकी हिम्मत को

अखबारों में एक खबर बड़ी सुर्खियों में है कि मीडिया टायकून अरबपति रूपर्ट माडोक जिनकी उम्र 92 वर्ष की हो चुकी है वे आप पांचवी शादी करने की तैयारी में है और उनकी जो प्रेमिका है ना है वो भी कोई कमसिन हसीना नहीं बल्कि बल्कि 67 साल की डुकरिया है मानते हैं अपन उनकी हिम्मत को दाददेने की इच्छा होती है उनके पौरुष पर, यहां तो इंसान एक बीवी से परेशान है और उसे संभालने में जिंदगी व्यतीत हो जाती है लेकिन भाई साहब को तो देखो एक नहीं, दो नहीं, तीन नहीं, चार नहीं अब पांचवी शादी की तैयारी में लेकिन कहते हैं ना मोहब्बत की कोई उम्र नहीं होती, कब किस से आंख लड़ जाए यह कहना बड़ा मुश्किल है भाई साहब की उम्र भले ही 92 साल की हो गई हो लेकिन उनका जो दिल है वो अभी भी 16 साल जैसा धड़कता है यही कारण है कि पांचवीं बार हल्दी लगवाने तैयार हैं अपनी तरफ से साहब को पांचवी शादी की ढेर सारी बधाई और शुभकामनाएं भगवान उन्हें और भी लंबी उम्र दे ताकि वे छठवीं और सातवीं शादी भी कर सके क्योंकि जिसकी चार बीवियां अनसेरुखसात हो गई हों पांचवी उसके साथ कब तक रहती है यह कहना बड़ा मुश्किल है बहरहाल उनकी जिंदा दिल्ली को तो सलाम करना ही पड़ेगा लोग बाग 92 साल में खटिया से नहीं उठ पाए लेकिन उनकी हिम्मत तो देखो सात फेरे लेने तैयार हैं।

उमाजी करें तो क्या करें

एक जमाने में फायर ब्रांड नेता कहीं जाने वाली प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री रही उमा भारती इन दिनों भारी परेशान हैं उन्हें समझ में नहीं आ रहा कि करें तो क्या करें भाजपा ने तो उन्हें दूध से मक्खी जैसा निकाल कर बाहर कर दिया है अब अपने वजूद को बचाने के लिए तरह तरह के जतन करती हैं कभी शराब की दुकान में ईंट मारती हैं तो कभी कहती है कि मैं लोकसभा का चुनाव लड़ूंगी और फिर जब टिकट नहीं मिलती तो कहती है कि मैं लोकसभा का चुनाव नहीं लड़ूंगी।

अनास्था की सदी में खाटू आस्था का मेला

निमिषा सिंह

वीर प्रसूता राजस्थान की माटी ने यूं तो अपने आंचल में उत्कृष्ट शौर्य परंपरा से जुड़ी अनेको गौरव गाथाओं को समेटा हुआ है किंतु राजस्थान का जिक्र हो और आस्था के प्रमुख केन्द्र खाटू की बात न हो, ऐसा तो हो ही नहीं सकता। विशेषकर मुझ जैसे लाखों भक्तों के लिए जिनका मानना है कि खाटू में विराजमान बाबा श्याम से अगर एक बार कुछ मांगा तो वो लाखों करोड़ों बार देते है और देते ही रहते हैं। यही कारण है कि हम भक्त उन्हें लखदातार के नाम से भी पुकारते है। राजस्थान के शेखावाटी के सीकर जिले में स्थित है परमधाम खाटू। यहाँ विराजित हैं भगवान श्रीकृष्ण के कलयुगी अवतार खाटू श्यामजी। इस मंदिर की विशेष बात यह है कि यहां देवता के केवल सिर की पूजा होती है। यहां की मूर्ति का कोई धड़ नहीं है। धड़विहीन मूर्ति बाबा श्याम की है जिनकी कहानी महाभारत और स्कंद पुराण से संबंधित है। श्याम बाबा की महिमा का बखान करने वाले भक्त राजस्थान या भारत में ही नहीं बल्कि दुनिया के कोने-कोने में मौजूद है। हर वर्ष फाल्गुन के महीने में यहां सबसे ज्यादा भीड़ होती है। फाल्गुन के महीने अर्थात मार्च में बाबा खाटू श्याम जी का लक्खी मेला लगता है साथ ही बाबा का जन्मदिन भी बहुत धूमधाम से मनाया जाता है। इस साल 2024 में बाबा श्याम का यह मेला 11 मार्च से प्रारंभ होगा और 21 मार्च तक इसका समापन होगा। बाबा खाटू श्याम का संबंध महाभारत काल से है। ये पांडुपुत्र भीम के पोते थे। ऐसा कहा जाता है कि खाटू श्याम की शक्तियों और क्षमता से खुश होकर श्री कृष्ण ने इन्हें कलियुग में अपने नाम से पूजने का वरदान दे डाला था। वनवास के दौरान जब पांडव अपनी जान बचाते हुए इधर-उधर घूम रहे थे तब भीम का सामना हिडिम्बा से हुआ। हिडिम्बा ने भीम से एक पुत्र घटोत्कच को जन्म दिया। इसी घटोत्कच और अहिलावती (मोरवी) के सबसे बड़े पुत्र हुए बर्बरीक। उनके अन्य भाई अंजनपर्व और मेघवर्ण का उल्लेख भी महाभारत में दिया गया है। इन सबों को वीरता और शक्तियों के लिए जाना जाता था।बर्बरीक को उनकी माता मोरवी ने यह सीख दी कि सदा ही पराजित पक्ष की तरफ से युद्ध करना और वे इसी सिद्धांत पर आजीवन अड़े रहे। जब कौरव और पांडवों के बीच युद्ध होना था तब बर्बरीक ने युद्ध देखने का निर्णय लिया।

दक्षिण भारत की रेलवे ऐतिहासिक यात्रा के स्वर्णिम पल

विनोद तकियावाला

विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत की अर्थ को सुदृढ़ करने में विश्व की अर्थ व्यवस्था भारतीय रेल की अहम भूमिका रही है। हमारे यहाँ एक जगह से दूसरी जगह यानि यातायात के साधन में भारतीय रेलवे की पहचान सम्पूर्ण विश्व में सर्वाधिक लोकप्रिय,सरल व सस्ता है।प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में अमृत काल में एक विशेष रूप विकाश गाथा लिखनें के तत्पर है। भारतीय रेल की विकाश श्रंख्ला में अमृत रेलवे स्टेशन का पुनः निर्माण कार्य युद्ध स्तर चल रहा है। आज हम रेलवे की विकाश यात्रा में आज आपको दक्षिण भारत की तीन दिवसीय यात्रा के संस्मण से अवगत कराने की कोशिस कर रहे है। इस यात्रा के दौरान हमे प्रसिद्ध धार्मिक स्थल कई भव्य मंदिर को नजदीक से दर्शन करने का सौभाग्य मिला।दिल्ली से हैदराबाद हम सभी 10ः35 पर पहुँच गए थें।दक्षिण मध्य रेलवे की सिकंदरा बाद नेलूर व तिरुपति विभागीय पदाधिकारों व हमारी नेशनल मीडिया टीम 9 सदस्य थे।हमारी यात्रा की दिल्ली मेट्रो नोएडा से प्रारम्भ नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पुनः-- एयर पोर्ट मेट्रो स्टेशन से टी 3 से पहुँच गए।तभी एक अपरिचित युवा जो की नजरें अचानक मिली कई अन्य सहयात्री अपनी -अपनी इस यात्रा को यादगार बनाने अपनी कार्य योजना व अपने सहयात्री से वार्तालाप मशगुल थी।मै स्वयं अपने मस्त रहने वाला भी कुछ चिन्तन मग्न थें।मैने अनुमान लगाया कि श्याद वह युवा भी मेरे इस यात्रा का मीडिया मित्र हो।इतने वह मेरे करीब आयाआ चुका था।मैंनें उससें परिचय जानने चाहिए तो उसने शालीनता पूवर्क हमें अपना परिचय देते हुए बताया कि मै शत्रुजंय कुमार सिंह सहायक निदेशक पी आई बी से हुँ-सर रेल मंत्रालय द्वारा तीन दिवसीय नेशनल मीडिया पार्टी यात्रा के विभाग से आया हुँ। हमारी इस यात्रा में नेशनल मीडिया टीम के कुल 9 सदस्यीय सदस्यों में कुछ चिर परिचित चहेरे,व कुछ अपरिचित सदस्यो जो बाद में यात्रा के दौरान एक दूसरे से आपस में धुल मिल गए। हैदराबाद में दक्षिण सेन्ट्रल रेलवे के अधिकारी पुर्व से हमारी टीम के स्वागत व व्यवस्था तैनात थे।इतने पी आई बी के अधिकारी शुत्रजंय कुमार सिंह नें रेलवे के अधिकारीयों से सम्पर्क करने के बाद हम सभी को सुचना दी कि-बाहर रेलवे के अधिकारी गण व कार आ गई।जिस से हम सभी हैदराबाद से सिकंदराबाद सड़क मार्ग से प्रस्थान करेगें।आप को स्पष्ट कर दूँ कि मेरे इस दक्षिण भारत की ऐतिहासिक यात्रा में मेरे सहयात्री के रूप में आकाशवाणी व दूरदर्शन से सेवा निवृत अधिकारी अजय चर्तुवेदी सर थें।अजय सर अपने आप में सहज,सरल स्वाभाव के साथ काफी ही अनुभवी व वरिष्ट पत्रकार भी है।फिलहाल में कई समाचार पत्र, ऐजन्सी व वेब

साइट व पोटल में अपनी सेवामें दे रहे है।हैदराबाद से हम सभी सडक रास्ते सिंकदराबाद कार से पहुंचे ।डी एम आर के नेतृत्व में सिकंदराबाद रेलवे स्टेशन पर प्रोजेक्ट टीम के नेतृत्व में कार्य स्थल पर पहुँचकर निंमाणाधीन रेलवे स्टेशन का हमारी टीम रुबरू हुए इस दौरान स्थानीय अधिकारियों नें प्रोजेक्ट की बारीक व परेशानीयो व मीडिया मित्रों के प्रशनों व जिज्ञासा उत्तर दिया।आज हमारी यात्रा का प्रथम दिन है।रेलवे के अधिकारीयों की टीम के द्वारा हमलोग के लिए सिकंदाबाद शहर स्थित रेलवे अधिकारी विश्राम गृह में प्रबन्ध किया गया है।यें अधिकारी हमारी मीडिया मित्रों मेंअहिन्दी भाषी होते हुए भी शीघ्र ही धुल मिल गए।प्रधान पी आर अधिकारी द्वारा हमें आज के कार्यक्रम से सम्बधित जानकारी दे दी गई।गेस्ट हाउस में आवश्यक नित्य कर्म से निवृत्त होकर अधिकारी विश्राम गृह में दक्षिण भारतीय की सुस्वादिष्ट दोपहर के भोजन का लुप्त उठाया।जब मैने अपने स्वाभावानुसर अपने मीडिया मित्रों व सहयात्री से दक्षिण भारतीय व्यंजनों पर प्रतिक्रिया जानने चाही तो मुझे लगभग सभी सदस्यो एक स्वर जबाब भोजन स्वादिष्ट है लेकिन मिर्च - मशाला है।अभी हम लोग आपस में हल्की फुलकी हँसी मजाक का मूड़ बना ही रहे थें तभी डी एम आर का संदेश रेलवे के हेड पी आर नें बताया कि सर डी एम आर सर आप सभी से मिलना चाहते है।हम कुछ बोलते इसके पहले रेलवें अधिकारियों टीम के सदस्य नें डी एम आर आफिस बगल में ही वहाँ सें तीन निंमाणाधीन रेलवे स्टेशन के कार्य का भी आप सभी का निरीक्षण का कार्यक्रम है।डी एम आर कार्यालय में अनिल कुमार जैन से औपचारिक भेट के दौरान पुनः निर्माणाधीन सिकंदराबाद रेलवें स्टेशन के विस्तृत जानकारी से अवगत कराया।बातचीत के दौरान हमें पता चला डी एम आर सहारण पुर के निवासी है। सिकंदराबाद रेलवे स्टेशन का निंमाण सन 1874 में अंग्रेजों के द्वारा किया गया था।तब से इस रेलवे स्टेशन को विस्तृत विकाश निंमाण कार्य नही किया गया।तेलंगाना राज्य की राजधानी व निजामों के शहर हैदराबाद स्थित सन1874 में निंमित सिकंदराबाद रेलवे स्टेशन को विश्वस्तरीय सुविधाओं व आधुनिक सौंदर्यी करण च्युर्न विकास कार्य युद्धस्तर पर जारी है।इसी शहर में दो अन्य रेल स्टेशनों का पुनःउदार का कार्य भी प्रगति पर है।आज हम आजादी के अमृतकाल में भारतीय अर्थ व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए भारतीय रेल की अंहम भुमिका है। केन्द्र सरकार के अर्न्तगत रेल मंत्रालय द्वारा इस श्रंखला में वन्दे भारत अमृत भारत बुलेट ट्रेन व कई कालिडोर परियोजनाओं का कार्य चल है।शिकंदरावाद भी उन प्रमुख रेलवे स्टेशनों में से एक है। यहाँ का पुर्न विकास कार्य मैसर्स गिरधारीलाल कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड को ईपीसी मोड के तहत 700 करोड़ रुपये (लगभग) की लागत से 36 महीने में पूरा करने के लिए सौंपा गया है।रेल मंत्रालय के सौजन्य से नेशनल मीडिया टीम के एक सदस्य के रूप मुझे नजदीक से देखने का मौका मिला ।स्टेशन भवन के दोनों किनारों पर कार्य शुरू हो गया है,ताकि लक्षित समय अवधि के भीतर कार्यों को पूरा करना सुनिश्चित किया जा सके।इस परियोजना स्थल पर उपस्थित टीम के सदस्यों द्वारा एक प्रस्तावित परियोजना की वीडियो व निमार्ण स्थल का निरीक्षण भी करवाया गया। अधिकृत अधिकारियों के अनुसार इस परियोजना में यात्री सेवाओं को बाधित किए बिना यहाँ निर्माण चल रहा है।यात्रियों के लिए इसे सुविधाजनक बनाने के लिए उत्तर की ओर मौजूदा बुकिंग कार्यालय के स्थान पर एक अस्थायी बुकिंग कार्यालय का निर्माण किया गया है।नई आर पीएफ बिल्डिंग का काम पूरा हो चुका है।अब अन्य पुनर्विकास कार्यों के लिए निर्माण प्रगति पर है।केंद्र सरकार के 715 करोड़ रुपये के पर्याप्त निवेश से समर्थित सिकंदराबाद रेलवे स्टेशन पर व्यापक विकास परियोजना महत्वपूर्ण प्रगति कर रही है।दक्षिण मध्य रेलवे के महाप्रबंधक अनिल कुमार जैन के अनुसार सिकंदराबाद रेलवे स्टेशन पर चल रहे कार्यों का जोर दिया कि करीब 700 करोड़ रुपये की लागत से हो रहे पुनर्निर्माण को एक हवाई अड्डे की आधुनिक सुविधायुक्त से सुसज्जित करने के लिए डिजाइन किया गया है, सीमित स्थान में निर्माण की चुनौतियों के साथ रेलवे स्टेशन पर विकास कार्य ट्रेन सेवाओं या यात्रियों को कोई व्यवधान पैदा किए बिना तेजी से आगे बढ़ रहे हैं।2025 के अंत तक सिकंदराबाद रेलवे स्टेशन एक हवाई अड्डे जैसा परिवर्तन कारी बदलाव से गुजरेगा।जैन नें कहा कि स्टेशन पर चल रहे निर्माण में रेलवे स्टेशन परिसर के भीतर 26 लिफ्ट,38 एस्केलेटर और खुदरा दुकानों की स्थापना शामिल है। बेहतर यात्री सुविधा के लिए मेट्रो और बस स्टेशनों को निर्बाध रूप से जोड़ने के प्रयास चल रहे हैं।

ज्ञानवापी की तरह मध्य प्रदेश की भोजशाला का भी होगा एएसआई सर्वे

इंदौर। मध्य प्रदेश की आर्थिक राजधानी इंदौर से बड़ी खबर है. इंदौर हाईकोर्ट ने कहा है कि ज्ञानवापी के बाद अब मध्य प्रदेश के धार जिले में स्थित भोजशाला का एएसआई सर्वे होगा. इस मामले में सामाजिक संगठन 'हिंदू फ्रंट फॉर जस्टिस' के याचिका दाखिल की थी. हाई कोर्ट ने इसके लिए एएसआई को 5 सदस्यीय कमिटी गठन करने के आदेश दिए हैं. हिंदू फ्रंट फॉर जस्टिस' ने करीब 1,000 साल पुराने भोजशाला परिसर की वैज्ञानिक जांच अथवा सर्वेक्षण अथवा खुदाई अथवा 'ग्राउंड पेनेट्रेटिंग रडार' (जीपीआर) सर्वेक्षण समयबद्ध तरीके से करने की मांग की थी. भोजशाला के सरस्वती मंदिर होने के अपने दावे के समर्थन में हिंदू पक्ष ने हाईकोर्ट के सामने इस परिसर की

रंगीन तस्वीरें भी पेश की हैं. भोजशाला केंद्र सरकार के अधीन एएसआई का संरक्षित स्मारक है. एएसआई के सात अप्रैल 2003 के आदेश के अनुसार चली आ रही व्यवस्था के मुताबिक हिंदुओं को प्रत्येक मंगलवार भोजशाला में पूजा करने की अनुमति है, जबकि मुस्लिमों को हर शुक्रवार इस जगह नमाज अदा करने की इजाजत दी गई है. मुस्लिम समुदाय भोजशाला परिसर को कमाल मौला की मस्जिद बताता है.

हिंदू संगठनों ने मनाई खुशी

गौरतलब है, मंगलवार और शुक्रवार के अलावा बाकी अन्य दिनों में सूर्योदय से सूर्यास्त तक पर्यटकों के लिए भोजशाला सशुल्क खुली रहती है. इंदौर हाईकोर्ट के आदेश के बाद हिंदू संगठनों में खुशी की लहर है. संगठन के कार्यकर्ताओं ने भोजशाला के सामने आतिशबाजी कर खुशी मनाई. लोगों ने भोजशाला के अंदर लगाए राजाभोज के जयकारे. एक-दूसरे को खिलाई मिठाई. वहीं, भोपाल में संस्कृति बचाओ मंच ने भी धार की भोज शाला पर कोर्ट के निर्णय का स्वागत किया. संस्कृति बचाओ मंच के अध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी ने कोर्ट के निर्णय का स्वागत किया है. उन्होंने कहा कि मुस्लिम धर्मगुरुओं से मांग है कि वे अपना मन बड़ा करके मुगलों द्वारा तोड़े गए हमारे सभी धर्मस्थल हमें सौंप दें. इससे हमारे धर्म स्थल हमें प्राप्त हो जाएंगे और सांप्रदायिक सौहार्द्र भी बना रहेगा.

पूर्व डीयू प्रो. साईबाबा को बरी करने के फैसले के खिलाफ महाराष्ट्र सरकार की याचिका खारिज

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने माओवादियों से कथित संबंधों के मामले में दिल्ली विश्वविद्यालय के पूर्व प्रो. जी एन साईबाबा और पांच अन्य को बरी करने के आदेश पर रोक लगाने से सोमवार को यह कहते हुए इनकार कर दिया कि इस संबंध में बांबे उच्च न्यायालय का फैसला प्रथम दृष्टया बहुत तर्कसंगत है, जिसे पलटने की कोई जल्दी नहीं हो सकती।

न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने महाराष्ट्र सरकार की याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा, फैसला (उच्च न्यायालय का) प्रथम दृष्टया बहुत तर्कसंगत है।

पीठ ने हालांकि, महाराष्ट्र सरकार की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस वी राजू की इस गुहार पर कि वह (सरकार) कुछ दस्तावेज

रिकॉर्ड में दर्ज कराना चाहेंगे, कहा कि वह इसकी अनुमति देगी। पीठ ने कहा कि वह इस मामले में इजाजत देगी और राज्य सरकार उस पर शीघ्र सुनवाई के लिए आवेदन दायर कर सकती है।

बांबे उच्च न्यायालय की नागपुर पीठ ने गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत एक दशक से अधिक समय पहले गिरफ्तार साईबाबा को पांच मार्च 2024 को बरी कर दिया था। व्हील चेयर के सहारे चलने को मजबूर साईबाबा को दी गई आजीवन कारावास की सजा रद्द कर दी गई थी।

उच्च न्यायालय ने साईबाबा के अलावा महेश करीमन तिर्की, पांडु पोरा नरोटे (दोनों किसान) हेम केशवदत्त मिश्रा (छात्र) और प्रशांत राही (सांगलीकर) आदि को बरी कर दिया था। उन्हें निचली अदालत ने आजीवन कारावास की सजा दी थी। निचली अदालत ने मजदूर विजय तिर्की को भी 10 साल की सजा दी थी। उसे भी उच्च न्यायालय ने बरी कर दिया था।

महाराष्ट्र सरकार ने बांबे उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ पांच मार्च को ही उच्चतम न्यायालय का खटखटाया था।

चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति पर कांग्रेस नेता ने दायर की सुप्रीम कोर्ट में याचिका

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय में एक रिट याचिका दायर कर चुनाव आयोग के दो आयुक्तों की नियुक्ति दिसंबर 2023 में लागू नए कानूनी प्रावधानों के बजाय %अनूप बरनवाल% मामले में संविधान पीठ के निर्देशानुसार करने का निर्देश देने की गुहार लगाई गई है।

कांग्रेस की जया ठाकुर की ओर से दायर याचिका में लोकसभा चुनावों के मद्देनजर दिसंबर 2023 में लागू नए कानून के प्रावधानों के अनुसार दो चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति नहीं करने का निर्देश केंद्र सरकार को देने की अपील की गई है। याचिका में कहा गया है कि नया कानून स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के सिद्धांतों के खिलाफ है। इसके अलावा यह अनूप

बरनवाल बनाम भारत संघ मामले में शीर्ष अदालत की ओर से निर्धारित सिद्धांतों के विपरीत है।

याचिका में कहा गया है कि लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर चुनाव आयुक्तों की तत्काल नियुक्ति की आवश्यकता है।

शीर्ष अदालत की संविधान पीठ ने दो मार्च 2023 को कहा था कि मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा एक पैनल की सलाह पर की जाएगी। इस पैनल में प्रधानमंत्री, विपक्ष के नेता और मुख्य न्यायाधीश शामिल होंगे।

पिछले साल दिसंबर में संसद द्वारा पारित नए कानून में शीर्ष अदालत के मुख्य न्यायाधीश की जगह एक केंद्रीय मंत्री को पैनल में रखने का प्रावधान है।

चुनाव आयुक्त अरुण गोयल ने नौ मार्च 2024 को इस्तीफा दे दिया और उससे पहले एक अन्य चुनाव आयुक्त का कार्यकाल फरवरी में पूरा हो गया था। केंद्र सरकार 15 मार्च तक दो आयुक्तों की नियुक्ति कर सकती है।

जजों को कैसे लिखना चाहिए कोर्ट का फैसला, चीफ जस्टिस चंद्रचूड़ ने दी सलाह

नई दिल्ली। भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ अपनी बातों से सुर्खियों में रहते हैं. चीफ जस्टिस ने एक कार्यक्रम में बोलते हुए कहा कि जजों को अपना फैसला आसान भाषा में लिखना चाहिए. उन्होंने कहा कि जजों को फैसले सरल भाषा में लिखने चाहिए और उन्हें आम लोगों तक पहुंचना चाहिए.

CJI ने आगे कहा कि लोगों को उनकी क्षेत्रीय भाषाओं में अदालती फैसले उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है. CJI एक गणतंत्र के रूप में भारत के 75वें वर्ष के उपलक्ष्य में क्षेत्रीय/राज्य-स्तरीय हमारा संविधान हमारा सम्मान अभियान के उद्घाटन समारोह में बोल रहे थे.



राजस्थान के बीकानेर में आयोजित इस कार्यक्रम में केंद्रीय कानून एवं न्याय मंत्री राम मेघवाल भी शामिल हुए थे.

'भारत का संविधान वकीलों के लिए स्वर्ग है'

इस अभियान का उद्देश्य संविधान और नागरिकों के अधिकारों और कर्तव्यों के बारे में जागरूकता बढ़ाना है. अपने संबोधन की शुरुआत में ष्छ्ढ ने कहा कि संविधान किसी भी देश की एकता और प्रगति के लिए महत्वपूर्ण है. इसे स्पष्ट करते हुए उन्होंने ब्रिटेन के संवैधानिक कानून विशेषज्ञ सर आइवर जेनिंग्स का भी हवाला दिया, जिन्होंने कहा था कि भारत का संविधान वकीलों के लिए स्वर्ग है. संविधान निर्माता और देश के पहले कानून मंत्री बी.आर. का हवाला देते हुए संविधान सभा में अम्बेडकर के भाषण को लेकर उन्होंने कहा, 'संविधान केवल वकीलों का दस्तावेज नहीं है. यह जीवन का वाहन है और इसकी आत्मा हमेशा उम्र की भावना होती है.'

फर्जी वेबसाइट से रहें सावधान, नहीं तो खाली हो सकता है आपका बैंक अकाउंट

सजग रहे एवं सतर्क रहें एसपी उपासना

अटल हिंद संवाददाता

कैथल, 11 मार्च। कैथल पुलिस द्वारा आमजन को लगातार साइबर अपराधो से सतर्क रहने बारे जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में एसपी उपासना ने आमजन को फर्जी वेबसाइट के जरिए हो रही धोखाधड़ी से जागरूक करते हुए कहा है कि धोखाधड़ी करने के लिए एक तरीका वेबसाइट स्पूफिंग का भी है। इसमें अपराधी फर्जी वेबसाइट बनाते है और लोगों के साथ धोखाधड़ी करते हैं। लोग अपना ज्यादातर समय स्मार्टफोन या लैपटॉप पर बिताते है। ज्यादातर

लोग अपने बैंकिंग से जुड़े कामकाज भी ऑनलाइन ही करते हैं ऐसे में साइबर अपराधी भी इसका फायदा उठा रहे हैं। साइबर अपराधी लोगों को अपने झांसे में फंसाकर कुछ मिनटों में उनका बैंक अकाउंट खाली कर देते हैं।

वेबसाइट स्पूफिंगः एसपी ने कहा कि वेबसाइट स्पूफिंग में एक फर्जी वेबसाइट बनाई जाती है, जिसका मकसद धोखाधड़ी करना होता है। फर्जी वेबसाइट को असली दिखाने के लिए, अपराधी असल वेबसाइट के नाम, लोगो, ग्राफिक्स और उसके कोड का भी इस्तेमाल करते हैं। वे आपकी ब्राउजर विन्डो के टॉप पर एड्रेस फील्ड में दिखने वाले यूआरएल की भी नकल कर लेते हैं। इसके साथ नीचे दायीं तरफ दिए पैडलॉक आइकन की भी नकल करते हैं। धोखाधड़ी करने का तरीकाः उन्होंने कहा है कि साइबर अपराधी फर्जी वेबसाइट का लिंक आपको ईमेल, एसएमएस, सोशल साइट्स के जरिए भेजते हैं, जिसमें आपको अकाउंट से संबंधित जानकारी को अपडेट या कन्फर्म करने के लिए कहा जाता है। इसके जरिए मकसद अकाउंट से संबंधित संवेदनशील जानकारी को चुराना होता है। इसमें आपकी इंटरनेट बैंकिंग यूजर आईडी,पासवर्ड, पिन, क्रेडिट / डेबिट कार्ड, बैंक अकाउंट नंबर, कार्ड वेरिफिकेशन वैल्यू ओटीपी नंबर आदि शामिल होता है।

इन बातों का रखें ध्यान:

1. एसपी ने कहा है कि आप इस बात का ध्यान रखें कि बैंक कभी भी आपसे गोपनीय जानकारी को पूछने के लिए ईमेल, एसएमएस आदि नहीं भेजता है। अगर आपको ईमेल, एसएमएस मिलता है, जिसमें आपसे आपकी इंटरनेट बैंकिंग सिक्योरिटी डिटेल्स जैसे पिन, पासवर्ड या अकाउंट नंबर मांगा जाता है, तो आपको जवाब उसका नहीं देना चाहिए।

2. इसके अलावा ब्राउज़र के विन्डो में कहीं पैडलॉक आइकन दिया जाता है। उदाहरण के लिए, माइक्रोसॉफ्ट इंटरनेट एक्सप्लोरर में ब्राउज़र विंडो में नीचे दायीं तरफ लॉक आइकन मौजूद होता है। अपने वेब ब्राउजर में इस पर क्लिक या डबल क्लिक करके आप वेबसाइट की सिक्योरिटी की डिटेल्स को देख सकते हैं।

3. यह चेक करना महत्वपूर्ण है कि सर्टिफिकेट किसके नाम पर जारी किया गया है, क्योंकि कुछ फर्जी वेबसाइट्स में ब्राउजर के पैडलॉक आइकन से मिलता-जुलता पैडलॉक आइकन हो सकता है।

4. सजग रहे एवं सतर्क रहें। किसी भी प्रकार की साइबर ठगी होने पर राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर डायल करें।

गडकरी ने झारखंड में किया 25 हजार करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास

नयी दिल्ली। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने झारखंड में 2500 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से दो राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की आधारशिला रखी। गडकरी ने ट्वीट कर कहा आज जिन परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया उनमें तुपुदाना से कुंडियाबारटोली खंड खूंटी बाईपास सहित-को 4-लेन का निर्माण, बेरो से खूंटी खंड का चौड़ीकरण और उन्नयन शामिल है। बेरो से खूंटी खंड के निर्माण से यातायात सुगम होगा और आस पास के क्षेत्रों के विकास को बढ़ावा मिलेगा। खांटी बाईपास के निर्माण से स्थानीय उत्पादों को बाजार तक पहुंचना आसान हो जाएगा जिससे क्षेत्र के आर्थिक और सामाजिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं से समय और ईंधन की बचत होगी जिससे प्रदूषण कम होगा। आधुनिक और उच्च गुणवत्ता वाली सड़कें आसान और सुरक्षित परिवहन सुनिश्चित कर आर्थिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करेगी और रोजगार तथा उद्यमिता के अवसर पैदा होंगे। केंद्रीय मंत्री ने कहा दो राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, वरिष्ठ नेता करिया मुंडा, भाजपा सांसद सुदर्शन भगत,, सांसद संजीव सेठ तथा अन्य गणमान्य व्यक्तियोंकी उपस्थिति में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शिलान्यास किया।

भात भरने जा रहे परिवार की कार और ट्राले की टक्कर, 4 महिलाओं समेत 12 घायल

चरखी दादरी। दादरी-लोहारू नेशनल हाईवे 334बी पर गांव बिरही कलां के पास सोमवार सुबह भात भरने जा रहे परिवार की क्रूजर और ट्राले की टक्कर हो गई. टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि क्रूजर गाड़ी सड़क किनारे खेत में जा पलटी. हादसे में क्रूजर सवार एक परिवार के 12 लोग घायल हो गए, जिनमें चार महिलाएं भी शामिल हैं. दादरी सिविल अस्पताल से चार घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद रोहतक पीजीआई रेफर किया गया है.

जानकारी के अनुसार भिवानी जिले के गांव बुढेडी निवासी सुखबीर का परिवार सोमवार सुबह क्रूजर में सवार होकर भात भरने के लिए ग्रारूग्राम जा रहा था. उसी दौरान जब वे गांव बिरहीकलां के पास पहुंचे तो उनकी क्रूजर को सामने से आ रहे

एक ट्रॉले ने टक्कर मार दी. हादसे में दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए और क्रूजर गाड़ी खेत जा पलटी. राहगीरों ने घटना की सूचना पुलिस को दी और घायलों को सिविल अस्पताल पहुंचाया. सदर थाना पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लिया और इसके बाद अस्पताल पहुंचकर घायलों से बातचीत की. पुलिस ने दोनों वाहनों को भी अपने कब्जे में ले लिया है. हादसे में सुखबीर (40), ज्योति (23), सतबीर (65), धर्मेंद्र (31), रतन (53), सुमित (23), मनीषा (23), महासिंह (45), वेदप्रकाश (32), चंद्रमुखी (50), रविता (21) और अजीत घायल हो गए. जबकि ड्रावइर महासिंह, रविता, सुखबीर व सतबीर घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद रोहतक पीजीआई रेफर किया गया.

रेलवे की 85 हजार करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण करेंगे मोदी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार को अहमदाबाद में भारतीय रेलवे की 85 हजार 457 करोड़ रुपए की 5960 परियोजनाओं का लोकार्पण करेंगे जिसे दस हजार से अधिक स्थानों पर एक करोड़ से अधिक लोग देखेंगे। मोदी अहमदाबाद में आयोजित एक बड़े कार्यक्रम में वीडियो लिंक के माध्यम से 5960 स्थानों पर होने वाले कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे। जिन परियोजनाओं का लोकार्पण होना है, उनमें सौ सेक्शनों पर करीब 2500 किलोमीटर लंबी नयी लाइनें/ मल्टी ट्रैकिंग/ गेज़ परिवर्तन तथा डेढ़ हजार से अधिक 'एक स्टेशन, एक उत्पाद' स्टॉल, 2135 किलोमीटर विद्युतीकरण, 19 रेलवे वर्कशॉप/ लोकोशेड, पिट लाइनें, कोचिंग डिपो आदि शामिल हैं।

भारतीय उच्चायुक्त प्रमुख से लंदन में मिले सीएम नीतीश कुमार

ब्रिटेन में बसे बिहार के लोगों से की मुलाकात

लंदन (एजेंसी)। ब्रिटेन में भारतीय उच्चायुक्त प्रमुख विक्रम के. दोरईस्वामी ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मुलाकात की। मुख्यमंत्री कार्यालय ने इसकी जानकारी दी। बिहार में मुख्यमंत्री सचिवालय ने बताया, ब्रिटेन में भारतीय उच्चायुक्त दोरईस्वामी ने मुख्यमंत्री नीतीश से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान दोनों के बीच निर्माणाधीन डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम साइंस सिटी को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। बयान के मुताबिक, मुख्यमंत्री ने कहा कि वे पटना में निर्माणाधीन साइंस सिटी को विश्वस्तरीय बनाना चाहते हैं, ताकि विज्ञान के क्षेत्र में भारत की उपलब्धियों खासकर ऐतिहासिक और समृद्धशाली अतीत को धारण करने वाली बिहार एवं पाटलिपुत्र की भूमिका को लोगों के सामने लाया जा सके। मुख्यमंत्री नीतीश ने साइंस म्यूजियम का दौरा करने के बाद अपने

अनुभवों को भी साझा किया। भारतीय उच्चायुक्त ने खगोलीय गणना एवं गणितीय विश्लेषण के क्षेत्र में बिहार की प्रशंसा कर कहा कि बिहार ने पूरी दुनिया को इस क्षेत्र में ज्ञान की रोशनी दिखाई है। उन्होंने कहा कि बिहार में नई साइंस सिटी में इससे संबंधित जानकारियां और सामग्रियां लोगों को अपने गौरवशाली अतीत से रूबरू कराएगी। भारतीय उच्चायुक्त ने नीतीश को साइंस सिटी के निर्माण में हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। वहीं, लंदन में सिखों की संस्था 'यूके सेवा दल के जत्थेदार बाबा मोहिंदर सिंह और ब्रिटेन में बसे बिहार के लोगों ने मुख्यमंत्री कुमार से मुलाकात की। बाबा मोहिंदर सिंह ने बिहार के मुख्यमंत्री को सम्मानित किया और छह साल पहले 350वें प्रकाश पर्व का आयोजन करके दुनिया भर के सिखों का दिल जीतने के लिए उनकी सराहना की।

नफे सिंह राठी हत्याकांडः परिजनों ने लघु सचिवालय के बाहर दिया धरना, आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने की मांग

झज्जर। हरियाणा में इनेलो प्रदेश अध्यक्ष नफे सिंह राठी की हत्या से पहले उनके घर पर भी हमले की कोशिश की गई थी. इतना ही नहीं हमलावरों ने उनके बेटे का भी पीछा किया था. नफे सिंह राठी के भतीजे कपूर राठी ने झज्जर के कमिश्नर बी सतीश बालन को इस संबंध में जानकारी दी है. उन्होंने नफे सिंह सिंह राठी के हत्यारों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की मांग को लेकर झज्जर लघु सचिवालय के सामने

धरना दिया. धरने की सूचना मिलते ही कमिश्नर बी सतीश बालन नफे सिंह राठी के परिवार के सदस्यों से मुलाकात करने पहुंचे और उन्हें मामले की उचित जांच का आश्वासन दिया.

नफे सिंह राठी के भतीजे कपूर राठी ने बताया कि ये हत्या पैसे देकर ही करवाई गई है और यह सभी को नजर भी आ रहा है. उन्होंने बताया कि 24 फरवरी के दिन नफे सिंह राठी के घर के सामने चार बार शूटर गाड़ी से उतरे थे. शूटर ने उनके छोटे भाई का भी पीछा किया था. कपूर राठी का कहना है कि उन्होंने पुलिस को सारी वीडियो मुहैया करवा रखी है. उन्होंने पुलिस से इस संबंध में जल्द से जल्द फरार शूटर को गिरफ्तार करने की भी मांग की है.

ऑस्कर अवॉर्ड घोषितः ओपेनहाइमर के नाम रहा बेस्ट पिक्चर अवॉर्ड

वॉशिंगटन(एजेंसी)। एंटरटेनमेंट की दुनिया में काम करने वालों के लिए ऑस्कर अवॉर्ड काफी महत्व रखता है। ऑस्कर का एक सीजन खत्म होने के साथ 2024 ऑस्कर विनर की लिस्ट सामने आ गई है। मनोरंजन की दुनिया में सबसे बड़े अवॉर्ड फंक्शन का आयोजन लॉस एंजलिस, कैलिफोर्निया के डॉल्बी थिएटर में किया गया था। जिसमें कई बेहतरीन फिल्मों का दबदबा देखने को मिला। हॉलीवुड

फिल्म 'ओपेनहाइमर' ने बेस्ट पिक्चर अवॉर्ड अपने नाम किया है। इतना ही नहीं फिल्म ने कुल सात अवॉर्ड अपने नाम किए हैं। क्रिस्टोफर नोलन को'ओपेनहाइमर' के लिए बेस्ट डायरेक्टर अवॉर्ड मिला। सिलियन मर्फी को 'ओपेनहाइमर' में उनके अभिनय के लिए बेस्ट एक्टर अवॉर्ड मिला है। अवॉर्ड मिलने पर वह बेहद खुश नजर आए। उन्होंने सबसे पहले अकादमी को धन्यवाद किया और फिर खुद को डायरेक्टर क्रिस्टोफर नोलन का आभारी बताया। उन्होंने कहा कि वह सबसे ज्यादा नोलन के आभारी हैं, जिन्होंने उन्हें ये मौका दिया। इस फिल्म की टक्कर 'पुअर थिंग्स' और 'किलर्स ऑफ द फ्लॉवर मून' से थी। भले ही अन्य दो फिल्में इस रेस में जीत न पाई, लेकिन बेस्ट एक्ट्रेस अवॉर्ड 'पुअर थिंग्स' अभिनेत्री एम्मा स्टोन को मिला है। एम्मा स्टोन ने 'पुअर थिंग्स' में बेला बैक्सटर का किरदार निभाया था, जिसके लिए उन्हें बेस्ट एक्ट्रेस अवॉर्ड मिला है। इस केटेगरी में एम्मा की यह दूसरी जीत है। इससे पहले उन्होंने 2017 में 'ला ला लैंड' के लिए बेस्ट एक्ट्रेस अवॉर्ड जीता था।

एक नजर

अब सितंबर में बांग्लादेश से टेस्ट सीरीज खेलेगी भारतीय टीम

नई दिल्ली (एजेंसी)। इंग्लैंड में खेली गयी सीरीज जीत के बाद अब भारतीय टीम को अगले कुछ महीनों तक टेस्ट नहीं खेलना है। इस दौरान खिलाड़ी आईपीएल और टी20 विश्वकप खेलेंगे। भारतीय टीम अब सितंबर में ही टेस्ट मैच खेलेगी। भारतीय टीम सितंबर-अक्टूबर में अपनी धरती पर बांग्लादेश से खेलेगी। दो मैचों की इस टेस्ट सीरीज की तारीख अभी सामने नहीं आई है पर इसे सितंबर के अंत में खेला जाएगा। इसके बाद भारतीय टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ अपनी धरती पर 3 टेस्ट मैच खेलेगी। नवंबर और जनवरी में भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया के साथ उसके घर पर पांच मैच खेलेगी।

बांग्लादेश का खेल पिछले कुछ सालों में विवादों से भरा रहा है। मैदान पर भारत के खिलाफ विकेट हासिल करने के बाद का उसने जिस अंदाज में जश्न मनाया उससे प्रशंसक बेहद नाराज हैं। नागिन डांस करके खिलाड़ियों का भारत को चिढ़ाना हो या फिर अंडर 19 विश्व कप में टीम इंडिया की जूनियर टीम से झड़प आदि को लेकर बांग्लादेशी खिलाड़ी बदनाम रहे हैं।

मुम्बई के गेंदबाज धवल कुलकर्णी ने संन्यास लिया

नई दिल्ली (एजेंसी)। रणजी ट्रॉफी के फाइनल में मुंबई की ओर से शानदार गेंदबाजी करने वाले धवल कुलकर्णी ने खेल से अपने संन्यास की घोषणा की दी है। धवल ने विदर्भ के खिलाफ मैच में शानदार गेंदबाजी करते हुए 11 ओवर में 5 मेडन ओवर करते हुए केवल 15 रन देकर 3 विकेट लिए। धवल ने ओपनर अथर्व तायडे, अमन मोखाड़े और करुण नायर को आउट किया। पूरी टीम को 105 रन पर समेटने में धवल के अलावा तनुष कोटियान की भी 3 विकेट लेकर योगदान दिया। धवल ने इस मैच से पहले अपने संन्यास की घोषणा कर दी थी। ऐसे में गेंदबाजी के लिए उतरते समय टीम के खिलाड़ियों ने उनको गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया। विदर्भ के खिलाफ खेले जा रहे मैच में पहली पारी के दौरान मुम्बई की टीम केवल 224 रन बना पायी पर इसके बाद धवल सहित गेंदबाजों के प्रदर्शन से वह वापसी करने में सफल रही। धवल और तनुष ने विदर्भ की टीम को पहली पारी में केवल 105 रन पर ही आउट कर दिया।

सचिन ने रणजी में मुंबई की बल्लेबाजी को साधारण बताया

नई दिल्ली (एजेंसी)। महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने रणजी ट्रॉफी के फाइनल में मुम्बई की बल्लेबाजी को साधारण करार दिया है। सचिन ने कहा कि वह इस प्रकार के क्रिकेट से खुश नहं हैं। मुंबई के बल्लेबाज विदर्भ के खिलाफ अपनी पहली पारी में 224 रन ही बना पाये। तेंदुलकर

ने कहा, अच्छी शुरुआत के बाद भी मुंबई के बल्लेबाजों ने साधारण क्रिकेट खेला। वहीं दूसरी ओर, विदर्भ ने चीजों को सरल रखा है और उसके गेंदबाज हावी रहे। साथ ही कहा कि जैसे-जैसे मैच आगे बढ़ेगा। खेल में कई रोमांचक सत्र होंगे। विकेट पर घास है पर समय के साथ ही गेंद टर्न लेगी जिससे स्पिनरों को सहायता मिलेगी।

पहली पारी में मुंबई की टीम 224 रन ही बना पायी। कप्तान अजिंक्य रहाणे और श्रेयस अय्यर जैसे खिलाड़ी भी रन नहीं बना पाये। अय्यर पहली पारी में पांचवे नंबर पर बल्लेबाजी करने के लिए उतरे थे पर वह सिर्फ 7 रन बनाकर आउट हो गए हालांकि, शार्दुल ठाकुर ने 8वें नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए 75 रन बनाये। वहीं विदर्भ ने पहली पारी में 105 रन बनाए।

बजरंग ओलंपिक से बाहर हुए , विनेश ने महिला वर्ग में नहीं होने लिये ट्रॉयल

पटियाला (एजेंसी)। अनुभवी पहलवान बजरंग पूनिया को पेरिस ओलिंपिक के लिए प्रवेश नहीं मिला है। बजरंग को इससे पहले टोक्यो ओलंपिक में कांस्य मिला था। वहीं महिला वर्ग में पहलवान विनेश फोगाट ने हंगामा मचाकर ट्रॉयल ही रोक दिये। वीनेश ने महिलाओं के 50 किलो और 53 किलो वर्ग में चयन ट्रायल शुरू नहीं होने दिए। वीनेश की मांग थी कि 53 किलो भारवर्ग के आखिरी ट्रायल ओलिंपिक से पहले होंगे और इसके लिए उन्होंने अधिकारिकयों से लिखित में आश्वासन मांगा जिसके लिए अधिकारियों ने इंकार कर दिया। विनेश 50 किलोवर्ग के ट्रायल के लिए यहां साई केंद्र पहुंची थीं।

वह पहले 53 किलोवर्ग में उतरती थी पर उस वर्ग में अंतिम पंघाल को कोटा मिलने के कारण उन्होंने अपना भारवर्ग कम किया। विनेश ने इसके बाद लिखित आश्वासन की मांग करते हुए प्रतिस्पर्धा शुरू ही नहीं होने दी। उन्होंने 50 किलो और 53 किलो दोनों में भाग लेने की अनुमति मांगी, जिससे अधिकारी मुश्किल में पड़ गये। ऐसे में 50 किलो भारवर्ग में उतरे पहलवान शिकायत करने लगे। उन्होंने कहा, हम ढाई घंटे से इंतजार कर रहे हैं।

वहीं आईओए द्वारा गठित तदर्थ समिति पहले ही कह चुकी थी कि 53 किलो वर्ग के लिए अंतिम ट्रायल होगा, जिसमें इस भारवर्ग के शीर्ष चार पहलवान उतरेंगे। ट्रायल के विजेता को पंघाल से मुकाबला करना होगा और उसमें विजयी रहने वाली पहलवान ही भारत की ओर से ओलंपिक में उतरेगी। विनेश और बजरंग पूनिया पर पहले भी ये आरोप लगे थे कि वे बिना ट्रायल के ही अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलना चाहते हैं। ट्रायल के दौरान मौजूद एक कोच ने कहा, विनेश सरकार से आश्वासन चाहती हैं। उन्हें डर है कि अगर कुश्ती संघ (डब्ल्यूएफआई) के हाथ में फिर सत्ता आ गई तो चयन नीति बदल सकती है पर सरकार इस पर आश्वासन कैसे दे सकती है। सरकार चयन मामलों में हस्तक्षेप नहीं कर सकती।

नेत्रहीन क्रिकेटरों की प्रतिभा दिखाने पांच मैचों की सीरीज खेल रही भारत और श्रीलंका

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय पुरुष नेत्रहीन क्रिकेट टीम श्रीलंका के खिलाफ में पांच मैचों की एक टी20 सीरीज खेलेगी। ये सीरीज करनैल सिंह स्टेडियम में शुरू होगी।

हुंडई मोटर इंडिया फाउंडेशन द्वारा समर्थत ट्रस्ट फॉर द डिसेबल्ड और क्रिकेट एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड इन इंडिया के सहयोग से ये सीरीज हो रही है। इसका लक्ष्य इन क्रिकेटरों की प्रतिभा सभी के सामने लाना है। इसके साथ ही विकलांग लोगों के लिए जागरूकता बढ़ाने और समावेशिता को बढ़ावा देना भी है। नेत्रहीन व्यक्तियों के लिए द्विपक्षीय क्रिकेट श्रृंखला से पहले एक समारोह भी होगा।

डॉ महंतेश जी. किवदसन्नावर, अध्यक्ष क्रिकेट एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड इन इंडिया ने कहा, पांच मैचों की टी20 सीरीज के लिए दिल्ली में श्रीलंकाई ब्लाइंड क्रिकेट टीम की मेजबानी करना सम्मान की बात है। यह दोनों टीमों के लिए अपनी क्रिकेट प्रतिभा से हम सभी का मनोरंजन करने का एक अवसर है। पाकिस्तान के खिलाफ टी20 सीरीज में भारत की हालिया जीत के बाद टीम आत्मविश्वास से भरी हुई है।

स्वास्थ्य और अच्छे व्यक्तित्व निर्माण के लिए खेलकूद जरूरी : सतबीर दबलैन

अटल हिंद संवाददाता

दबलैन गांव में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ समापन

नरवाना, 11 मार्च । हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य सतबीर दबलैन गांव दबलैन में बाबा फकीरा वाला कल्ब द्वारा आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट के समापन अवसर पर मुख्यातिथि के तौर पर पहुंचे और खिलाड़ियों को इनाम बांटे। क्रिकेट प्रतियोगिता में 48 टीमों ने भाग लिया। फाइनल मैच दनौदा और धरोदी के बीच हुआ। इस प्रतियोगिता में दनौदा की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया और धरोदी की टीम दूसरे स्थान पर रही। सतबीर दबलैन ने कहा कि चौमुखी विकास के लिए खेलकूद आवश्यक है। खिलाड़ी को खेलों को खेल की भावना से खेलना चाहिए। जीतने वाली टीम को हतोत्साहित नहीं होना चाहिए और हारने वाली टीम को उदास नहीं होना चाहिए। हारने वाली टीम को ये देखना आवश्यक है कि क्या कमी रह गई जिसके कारण हार हुई, आगे उसमें सुधार करना चाहिए। ग्राम वासियों ने सतबीर दबलैन का फू ल मालाओं से स्वागत किया। सतबीर दबलैन ने सभी खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया और उन्हें इनाम वितरित किए।

इस अवसर पर अंडर-14 लड़कियों की रेस, महिलाओं की मटका रेस और बुजुर्गों की रेस भी करवाई गई। प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर आने वाले सभी प्रतिभागियों को इनाम बांटे गए। इस मौके पर बाबा फकीरा वाला के महंत उपस्थित रहे।

इंग्लैंड टीम अपने खेल की समीक्षा करे : वॉन

धर्मशाला (एजेंसी)। इंग्लैंड क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने कहा है कि इंग्लैंड टीम को भारतीय टीम के हाथों मिली करारी हार से सबक लेते हुए अपने खेल की समीक्षा करनी चाहिये। वॉन ने कहा कि खिलाड़ी टीम संस्कृति को पूरी तरह से नहीं अपना पाए हैं जिससे उन्हें नुकसान उठाना पड़ा है। वॉन ने कहा कि टीम को मैनचेस्टर सिटी फुटबॉल टीम के मैनेजर पेप गार्डियोला की रणनीति अपनानी चाहिये। वॉन ने कहा, 'भारत दौरे में मिली इस सीरीज हार की ईमानदारी से समीक्षा होनी चाहिये। उन्होंने साथ ही कहा, 'मुझे नहीं लगता कि उन्हें सब कुछ बदलने की जरुरत है। वे इस हार के बाद भी काफी अच्छे खिलाड़ी हैं। उन्होंने कहा, 'वे जो करने की कोशिश कर रहे हैं, मैं उसका सम्मान करता हूं और हर दिन जल्दी उठकर उन्हें देखता हूं क्योंकि उन्होंने अपनी आक्रामक रणनीति से प्रारूप को रोमांचक बनाया है। इससे हमेशा ऐसा लगता है कि मैच में कोई भी बदलाव आ सकता है। वॉन ने कहा, 'सबसे बड़ी निराशाजनक बात ये है कि बेहतर प्रतिभाएं होने के बाद भी वे दो बड़ी सीरीजों श्रृंखलाओं को जीतने में असफल रहे हैं। इस सीरीज में भी बल्लेबाज उम्मीद के अनुरुप नहीं खेल पाये। वॉन ने टीम प्रबंधन पर आरोप लगाया कि उसने खिलाड़ियों के प्रति बहुत नरम रवैया अपनाया है।

पेरिस ओलंपिक के लिए भारतीय पुरुष हॉकी टीम का अभ्यास शिविर आज से

अटल हिंद संवाददाता

नई दिल्ली (एजेंसी)। हॉकी इंडिया ने आगामी पेरिस ओलंपिक 2024 की तैयारियों केो देखते हुए पुरुष हॉकी टीम के लिए भुवनेश्वर में मंगलवार से एक अभ्यास शिविर का आयोजन किया है। इसके लिए 28 सदस्यीय सीनियर खिलाड़ियों के कोर समूह की घोषणा कर दी गयी है। ये शिविर 30 मार्च तक चलेगा और इससे राष्ट्रीय टीम और बेहतर बनकर उभरेगी। इससे पहले भारतीय टीम ने एफआईएच हॉकी प्रो लीग में बेहतर प्रदर्शन किया था। भुवनेश्वर और राउरकेला चरण में आठ मैचों में 15 अंक हासिल करने के बाद वर्तमान में भारतीय टीम तीसरे स्थान पर हैं। प्रो लीग लीग का अगला सत्र 22 मई को बेल्जियम के एंटवर्प में एक बार फिर शुरू होगा। भारतीय टीम के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने आगामी शिविर को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि इससे हमें टीम को सर्वश्रेष्ठ स्थिति में लाने में सहायता मिलेगी। उन्होंने साथ ही कहा कि ओडिशा में प्रो लीग मिनी-टूर्नामेंट एक शानदार परीक्षण मैदान साबित हुआ, लेकिन इसमें हमेशा सुधार की गुंजाइश होती है और हम प्रो लीग के अंतिम चरण तथा पेरिस 2024 ओलंपिक से पहले चीजों को ठीक करने की प्रयास करेंगे।

कबड्डी प्रतियोगिता व जागरण दौरान खिलाड़ियों व आमजन को नशा ना करने बारे किया जागरूक

अटल हिंद संवाददाता

कैथल, 11 मार्च। नशे से आजादी मुहिम के तहत समाज को नशा मुक्त करने के उद्देश्य से एसपी उपासना के निर्देशानुसार चलाई जा रही मुहिम तहत पुलिस टीम द्वारा आए दिन कैथल जिले में आमजन को नशे के दुष्परिणामों बारे लगातार जागरूक किया जा रहा है। इसी मुहिम तहत नशा जागरूकता टीम में शामिल एचसी सुनील कुमार की टीम द्वारा गांव प्योदा में कबड्डी प्रतियोगिता दौरान खिलाड़ियों व ग्रामीणों को तथा गांव सिसला में जागरण दौरान आमजन को नशा ना करने बारे जागरूक किया गया। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया की इस दौरान एचसी सुनील कुमार द्वारा बताया गया की खेल व्यक्ति के जीवन का अभिन्न अंग है। कोई भी खेल हमें शारीरिक, मानसिक रूप से मजबूत बनाता है तथा नशा जैसी बुराई से हमें बचाता है। अगर आज युवा वर्ग का सबसे बड़ा शत्रु है तो वह नशा है। जिस प्रकार हम हर क्षेत्र में अपने शत्रु को मात देना चाहते है उसी प्रकार हमें इस नशे रुप जहरीली सांप को कुचल कर अपने करियर को बुलंदियों पर लाना होगा नहीं तो नशा हमारी आने वाली पीढ़ियों का भी नाश कर देगा। प्रत्येक गांव को चाहिए कि समय समय पर गांवों में खेलों की प्रतियोगिताएं करवाए ताकि बच्चे युवा वर्ग का ध्यान खेलों की तरफ हो। युवा वर्ग से अपील की कि समाज व खुद के विकास के लिए नशे की जड़ को काटना पड़ेगा तभी जाकर हमारा समाज साफ सुथरा व स्वस्थ होगा।

एस.डी.महिला कॉलेज की छात्राओं ने जूडो चैंपियनशिप में किया शानदार प्रदर्शन

अटल हिंद संवाददाता

नरवाना, 11 मार्च। बेरिया कॉलेज में इंटर स्टेट जूडो चैंपियनशिप का आयोजन किया गया जिसमें एस.डी. महिला महाविद्यालय नरवाना की 4 खिलाड़ियों ने भाग लिया और शानदार प्रदर्शन करते हुए 3 मैडल हसिल किए। महाविद्यालय की खिलाड़ी पिंकी, रितु, सविता को नकद कैश व मैडल देकर सम्मानित किया गया। इस टूर्नामेंट में लड़कों की बजाए लड़कियों में भारी कंपीटीशन देखने को मिला। महाविद्यालय प्राचार्या डा. अंजना लोहान ने विजेता खिलाड़ियों व उनके प्रशिक्षक मनीषा को बधाई देते हुए भविष्य में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। छात्राओं की इस उपलब्धि पर प्रधान सुरेश सिंघल, उप प्रधान राजकुमार गोयल, सचिव जियालाल गोयल व कोषाध्यक्ष जवाहर लाल सिंगला ने छात्राओं व उनके प्रशिक्षकों को बधाई दी।

टाइगर शतरंज क्लब लिसान द्वारा आयोजित शतरंज प्रतियोगिता में गुडियानी के मनोज गोयल रहे विजेता

अटल हिंद संवाददाता

कोसली 11 मार्च। टाइगर शतरंज क्लब लिसान द्वारा आयोजित शतरंज प्रतियोगिता का उद्घाटन जिला प्रमुख मनोज यादव ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि शतरंज दिमागी खेल है। इसको खेलने के लिए एकाग्रता की जरूरत होती है। ये खेल बुद्धि को कुशाग्र बनाता है। उन्होंने पारंपरिक एवम प्राचीन खेल को गांवों में आयोजन करवाने एवम खेलने के लिए खिलाड़ियों एवम क्लब को बधाई दी। क्लब के प्रधान ब्रह्मप्रकाश लिसानिया ने बताया कि क्लब देश के प्राचीन खेल को गांवों में बढ़ावा देने के उद्देश्य से पिछले कई वर्षों से शतरंज प्रतियोगिता करवाता रहा है। महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में आयोजित हुई इस प्रतियोगिता में गुडियानी के मनोज गोयल प्रथम तथा रेवाड़ी के बिसन द्वितीय स्थान पर रहे। क्लब की ओर से प्रथम विजेता को ग्यारह सौ रुपए नगद पुरस्कार एवम शील्ड तथा द्वितीय विजेता को पांच सौ रुपए नगद एवम शील्ड देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में रेफरी के रूप में सरदार रणवीर सिंह एवम राहुल खन्ना ने विशेष योगदान दिया। इस अवसर पर जयप्रकाश नंबरदार, पुराण सिंह, राजबीर जांगड़ा, राजकुमार, सतीश, रतन सिंह, देवेंद्र, शीशराम, गुलशन, जसवंत, कमलकांत, प्रेमचंद, राजेंद्र, जगतसिंह आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

व्यापार

शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद

सेंसेक्स 616, निफ्टी 160 अंक गिरा

मुम्बई (एजेंसी)। घरेलू शेयर बाजार सोमवार को गिरावट पर बंद हुआ। सप्ताह के पहले ही कारोबारी दिन बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही रिलायंस, टाटा मोटर्स और बैंकिंग शेयरों में बिकवाली हावी होने से आयी है। भारत और अमेरिका में महंगाई और आईआईपी के आंकड़ें आने हैं। इस कारण भी निवेशकों ने आज खरीददारी में सतर्कता बरती। दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों वाला बीएसई सूचकांक 616.75 अंक करीब 0.83 फीसदी नीचे आकर 73,502.64 अंक पर बंद हुआ। वहीं दूसरी ओर पचास शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 160.90 अंक तकरीबन 0.72 फीसदी टूटा। निफ्टी दिन के अंत में 22,332.65 अंक पर बंद हुआ। इस दौरान

आपोलो अस्पताल , नेस्टले इंडिया , सिप्ला, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस और बजाज फिनसर्व के शेयर सबसे अधिक ऊपर आये। .

वहीं दूसरी ओर टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट , पावर ग्रिड कारपोरेशन , टाटा स्टील , बजाज ऑटो और एसबीआई के शेयर सबसे नीचे रहे। वहीं अधिकर लार्जकैप शेयर लाल नुकसान के साथ ही लाल निशान पर बंद हुए, इसमें टाटा स्टील, पावर ग्रिड, एसबीआई, एचयूएल, टाटा कंज्यूमर, बजाज ऑटो, इंडसइंड बैंक, टाटा मोटर्स और एनटीपीसी के शेयर 1 से 3 फीसदी नीचे आये।

वहीं एसबीआई के शेयर नीचे आये।

चीन की बराबरी पर आया भारत, शेयर बाजार में ट्रेड के दिन ही होगा सेटलमेंट

मुंबई (एजेंसी)। मार्केट रेगुलेटर सेबी की चेयरमैन माधवी पुरी बुच ने 11 मार्च को टी+0 सेटलमेंट को लेकर बड़ा ऐलान किया है। एक कायर्क्रम में शिरकत करते हुए उन्होंने कहा कि भारत में 28 मार्च से टी+0 ट्रेड साइकिल सेटलमेंट ऑप्शनल तौर पर शुरू हो जाएगा। टी+0 सेटलमेंट का मतलब सौदे का उसी दिन निपटारा यानी ट्रेड के दिन ही सेटलमेंट होगा है। गौरतलब है कि अभी भारत में टी+1 सेटलमेंट लागू है। इसके तहत जब आप शेयर बाजार में कोई चीज खरीदते या बेचते हैं, तब सब कुछ कंपलीट होने में एक दिन का समय लगता है। यानी अगर आपने आज शेयर खरीदा या बेचा है, तब उसका सेटलमेंट कल तक होगा। लेकिन जब टी+0 सेटलमेंट लागू हो जाएगा तब सारा सेटलमेंट उसी दिन होगा। बुच ने कहा कि तत्काल निपटान ट्रेड साइकल भी 2025 तक पूरा हो जाएगा। इसके पूरा होते ही बाद से जैसे ही शेयरों की खरीदारी या बिक्री होगी, वैसे ही उसका सेटलमेंट भी हो जाएगा। सेबी चेयरमैन पुरी ने कहा कि मार्केट रेगुलेटर की तेजी का सबसे बड़ा कारण क्रिप्टोकरेंसी जैसे विकल्पों के बढ़ने की वजह से है। बता दें कि क्रिप्टोकरेंसी में सौद का निपटान हर घंटे हो जाता है, जिससे निवेशक बिना रिस्क की परवाह किए उसकी ओर ज्यादा भागने लगे हैं।

बायजू ने 25 फीसदी कर्मचारियों को दिया पूरा वेतन

मुंबई (एजेंसी)। एडटेक कंपनी बायजू ने कम 25 फीसदी कर्मचारियों को पूरा वेतन जारी कर दिया है। सूत्रों ने यह कहा कि बाकी कर्मचारियों को आंशिक भुगतान किया गया है। बायजू के प्रबंधन ने कर्मचारियों को भेजे पत्र में कहा कि वैकल्पिक कोष व्यवस्था के जरिए वेतन भुगतान किया गया है। इससे पहले बायजू के संस्थापक बायजू रवींद्रन ने कहा था कि बायजू अपने कर्मचारियों को वेतन नहीं दे पा रहा है। राइट्स इश्यू से हमने जो पैसा जुटाया था, वह निवेशकों के साथ विवाद के चलते एक अलग अकाउंट में लॉक है। बायजू अपने कर्मचारियों को अब तक फरवरी की सैलरी नहीं दे पाई है। एनसीएलटी की बेंगलुरु बेंच ने बायजू को आदेश दिया था कि जब तक निवेशकों के साथ विवाद का समाधान नहीं हो जाता है जब तक कंपनी को राइट्स इश्यू से जुटाए गए फंड को एक अलग अकाउंट में रखना होगा। रवींद्रन ने कर्मचारियों को ?लिखे एक पत्र में कहा था कि हमने इस बारे में कई प्रयास किए, लेकिन हमारे पास कोई विकल्प नहीं है। हम प्रयास कर रहे हैं कि 10 मार्च तक कर्मचारियों को उनका वेतन मिल जाए। कभी देश की सबसे वैल्यूएबल स्टार्टअप में शामिल एडटेक कंपनी बायजू की मुश्किलें काफी बढ़ चुकी हैं।

क्रिस्टल इंटीग्रेटेड सर्विसेज लिमिटेड का आईपीओ 14 मार्च, 2024 को खुलेगा

अटल हिंद संवाददाता

गुरुग्राम। क्रिस्टल इंटीग्रेटेड सर्विसेज लिमिटेड (केआईएसएल या कंपनी) के इक्विटी शेयरों का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम गुरुवार, 14 मार्च, 2024 को खुलेगा। ऑफ़र में 1,750 मिलियन (175 करोड़) तक के इक्विटी शेयरों का नया इश्यू (फ्रेश इश्यू) और 1,750,000 इक्विटी शेयरों तक की बिक्री की पेशकश (ऑफर फ़ॉर सेल) शामिल है (एक साथ, प्रस्ताव)। ऑफर का प्राइस बैंड 680 से 715 प्रति इक्विटी शेयर तय किया गया है। बोली न्यूनतम 20 इक्विटी शेयरों के लिए और उसके बाद 20 इक्विटी शेयरों के गुणकों में लगाई जा सकती है (मूल्य बैंड)।

एंकर इन्वेस्टर ऑफर बुधवार, 13 मार्च, 2024 को होगा। बोली/प्रस्ताव सदस्यता के लिए गुरुवार, 14 मार्च, 2024 को खुलेंगे और सोमवार, 18 मार्च, 2024 को बंद होंगे (बोली/प्रस्ताव अवधि)। कंपनी नए इश्यू से होने वाली शुद्ध आय का उपयोग फंडिंग के लिए करने का प्रस्ताव करती है - (i) कंपनी द्वारा लिए गए 100 मिलियन (10 करोड़) की कुछ उधारी का पूर्ण या आंशिक पुनर्भुगतान/पूर्व भुगतान; (ii) कंपनी की 1000 मिलियन (100 करोड़) की कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं के लिए फ़ंड जुटाना; (iii) 100 मिलियन (10 करोड़) की नई मशीनरी की खरीद के लिए पूंजीगत व्यय के लिए फ़ाइनेंस जुटाना और (i1) शेष राशि सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए। बिक्री के प्रस्ताव में क्रिस्टल फैमिली होल्डिंग्स प्राइवेट लिमिटेड के 1,750,000 इक्विटी शेयर शामिल हैं। बिक्री प्रस्ताव की आय प्रमोटर सेलिंग शेयरधारक को प्राप्त होगी (प्रमोटर सेलिंग शेयरधारक)।

शिक्षा बोर्ड नकल व पेपर लीक के विरोध में उतरी एनएसयूआई, फूंका प्रदेश सरकार व शिक्षा बोर्ड प्रशासन का पुतला

अटल हिंद संवाददाता

भिवानी। एक तरफ हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा नकल रहित परीक्षा संचालन के लाख दावे किए जाते है तथा लाखों रूपये खर्च कर रोजाना नए एक्सपेरीमेंट कर नकल रहित परीक्षा संचालन की बात कही जाती है। लेकिन दूसरी तरफ इन दिनों प्रदेश भर में जारी हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की वार्षिक परीक्षाओं में रोजाना सैंकड़ों नकल के मामले सामने आ रहे है। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की वार्षिक परीक्षा में बढ़ती नकल व पेपर लीक के विरोध तथा हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा-2023 के अंतिम परिणाम के फॉर्मूले के विरोध में एक सप्ताह से धरनारत्त एचटेट परीक्षार्थियों के समर्थन में सोमवार को एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष अविनाश यादव के नेतृत्व में अन्य पदाधिकारी सडक़ों पर उतरे तथा प्रदेश सरकार तथा हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड प्रशासन का पुतला फूंककर विरोध जताया। प्रदर्शन की अध्यक्षता एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष मनजीत लांग्यान ने की। इस मौके पर एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष अविनाश यादव ने कहा कि हरियाणा विद्यालय शिक्षा नकल रोकने में पूरी तरह से नाकाल है। उन्होंने कहा कि हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड जो भी कार्य कर रहा है, उसमें गलततियों पर गलतियां की जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में जगह-जगह नकल व पेपर लीक के मामले रोजाना आते है। यह नहीं हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा जो भी पेपर लिए जाते है, वें या लीक हो रहे है या फिर सिलेबस के बाहर के आते है या फिर पुराने पेपर रिपीट होते है। जिसके बाद अब शिक्षा बोर्ड द्वारा एचटेट परीक्षार्थियों के भविष्य को भी दांव पर लगा दिया गया है।

मुख्यमंत्री उड़न दस्ता व फूड सेफ्टी विभाग ने दूध की डेयरी पर मारा छापा, खाद्य सामग्री के लिए सैंपल

अटल हिंद/योगेश खनेजा

जाखल 11 मार्च। जाखल मंडी में सोमवार को मुख्यमंत्री उड़न दस्ता पुराना पुलिस थाना चौक स्थित एक दूध की डेयरी पर छापामार कार्रवाई को अंजाम दिया गया जिसका नेतृत्व खाद्य एवं सुरक्षा विभाग के जिला अधिकारी डॉक्टर आजाद सिंह राठी ने किया। फूड एंड सेफ्टी विभाग की टीम ने डेयरी पर तैयार किया जा रहे दूध घी पनीर व दही के सैंपल लिए हैं डाक्टर आजाद सिंह ने बताया कि लिए गए इन सैंपलों को जांच के लिए लैब में भेजा जाएगा । उन्होंने बताया कि इस डायरी से 800 किलोग्राम दूध, साढे 300 किलोग्राम पनीर 80 किलोग्राम दही एवं 40 की किवंटल के करीब देसी घी बरामद किया गया है जिसकी रिपोर्ट आने के बाद आगामी कार्रवाई की जाएगी । डॉक्टर आजाद सिंह ने बताया कि उन की तरफ से जाखल क्षेत्र में ऐसी कार्यवाही को निरंतर जारी रखा जाएगा। उन्होंने मीडिया से माध्यम से खाद्य सामग्री निर्माण करने वालो से आह्वान किया कि वे अच्छी, साफ सुथरी खाद्य सामग्री बना कर ही उसकी बिक्री करें।

क्या कहते है डेयरी संचालक

डेयरी संचालक रामलाल का कहना है कि उसने कार्य करने के लिए उसके पास लाइसेंस है और उसका पूरा काम बिल्कुल सही एवं दुरुस्त है उस द्वारा विभाग के नियमो के तहत की खाद्य सामग्री निर्मित की जा रही है। इस छापामार कार्रवाई के दौरान सीएम फ्लाइंग की ओर से सब इंस्पेक्टर कुलदीप सिंह सब इंस्पेक्टर राजेश कुमार के अलावा अन्य कर्मचारी भी वहां पर मौजूद रहे।

एक नजर

पिंकी सोहाता ने नारियल फोड़कर किया फ्लोर टाइल कार्य का शुभारंभ

अटल हिंद संवाददाता/अम्बाला। जिला परिषद सदस्य पिंकी सोहाता ने गांव सोहाता के कम्यूनिटी हाल में फ्लोर टाइल लगाने के कार्य का नारियल फोड़कर शुभारंभ किया। पिंकी सोहाता ने कहा कि मौजूदा सरकार के कार्यकाल में विकास कार्य प्रगति पर हैं। वह अपने 13 नंबर वार्ड में लगातार विकास कार्य करवा रही हैं। कई गांवों में वाटर कूलर लगवाए हैं और कई जगह शेड का निर्माण करवाया गया है। उन्होंने कहा कि जनता ने उनपर विश्वास करके विजयी बनाया है और जनता की सेवा में दिन रात तत्पर हैं। क्षेत्र में इसी तरह विकास कार्य लगातार होते रहेंगे। इस अवसर पर भाजपा एससी सैल के मंडल महामंत्री एंव पूर्व सरपंच जसविन्द्र सिंह सोहाता, गांव के सरंपच प्रेम राणा, रामपाल राणा, सुरजीत सिंह, रूप सिंह, उजागर सिंह समेत अन्य लोग मौजूद थे।

इनेलो नेता रीटा केसरी ने चलाया का सदस्यता अभियान

अटल हिंद संवाददाता/अम्बाला। इंडियन नैशनल लोकदल अंबाला जिला उप प्रधान रीटा केसरी ने पार्टी को मजबूती देने व शीर्ष नेतृत्व के आदेशानुसार घर घर जाकर लोगों से संपर्क करना शुरू कर दिया है। आज अंबाला के गांव खेड़ा नहोनी में पहुंची रीटा केसरी ने कहा कि लोगों को इंडियन नैशनल लोकदल पार्टी की नीतियों और लोकप्रिय स्कीमों बुढापा पैंशन, जननी सुरक्षा योजना, बिजली कनेक्शन, टयूबवेल कनेक्शन, सरकारी कार्यालयों में लम्बित कार्यों का तुरंत निपटारा,सरकार आपके द्वार कार्यक्रम जिसमें एक जगह पर जनता के सारे कार्य हो जाते थे लोगों को दफ्तरों में नहीं भटकना पड़ता था। इनेलो की सरकार बनने पर सरकार गरीब उत्थान पर ध्यान देगी। गांवों में बुजुर्ग लोग अभी भी चौधरी देवी लाल द्वारा शूरू की गई बुढापा पैंशन को याद करके उन महान आत्मा का धन्यवाद करते हैं जिसके कारण उन्हें घर में मान सम्मान मिला व दवाई बूटी के लिए सामाजिक सुरक्षा भी उपलब्ध कराई।

हांसी-भिवानी मार्ग के चौड़ीकरण से मिलेगी विकास को गति: विधायक सर्राफ

अटल हिंद संवाददाता/भिवानी। विधायक घनश्याम सर्राफ ने कहा कि गुरुग्राम में पीएम नरेंद्र मोदी ने हांसी-भिवानी मार्ग के चौड़ीकरण के कार्य का शिलान्यास करके भिवानी को करोड़ों रुपये की सौगात दी है। हांसी-भिवानी मार्ग का कार्य पूरा होने के बाद शहर पर बढ़ते वाहनों के दबाव को कम किया जा सकेगा। साथ में उक्त रोड के बनने के बाद विकास कार्यो को गति मिलेगी। वाहनों के आवागमन में आसानी होगी। उन्होंने उक्त योजना की सौगात दिए जाने पर पीएम नरेंद्र मोदी व सीएम मनोहर लाल का आभार जताया। उन्होंने कहा कि पिछले कई दिनों से भिवानी से हांसी रोड के चौड़ीकरण व भिवानी शहर के बाहरी इलाके से एक बाईपास बनाए जाने की मांग की जा रही थी। उस योजना का आज पीएम मोदी ने शिलान्यास कर दिया। 43 किलोमीटर लंबे रोड पर करीब साढे 13 सौ करोड़ रुपये का खर्च आएगा। रोड के बनने के बाद भिवानी के विकास को पंख लग जाएंगे। चूंकि इस मार्ग के बनने के बाद अधिकांश राष्ट्रीय राजमार्गो से बेहतरीन कैनेक्टिविटी बन जाएगी।

ग्राम स्वराज किसान मोर्चा ने सीएम के नाम मांगपत्र सौंप वीटा मिल्क प्लांट बचाने की लगाई गुहार

अटल हिंद संवाददाता/भिवानी। ग्राम स्वराज किसान मोर्चा द्वारा चलाए जा रहे वीटा मिल्क प्लांट बचाओ अभियान की कड़ी में आज सोमवार को कस्बा बहल के नायब तहसीलदार के माध्यम से प्रदेश सरकार को मांगपत्र सौंपकर वीटा मिल्क प्लांट बचाने की गुहार लगाई। नायब तहसीलदार की तरफ से उनके रीडर विजय कुमार ने मांगपत्र लिया। इस मौके पर भारतीय किसान यूनियन हरियाणा के संस्थापक सदस्य एवं ग्राम स्वराज्य किसान मोर्चा के प्रदेश महासचिव महेंद्र सिंह गोदारा ने कहा कि दूध उत्पादक किसानों की पिछले 9 माह से भुगतान बकाया है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री सहयोग राशि जो 5 रूपये प्रति लीटर दी जाती है, वह भी नवंबर 2022 से दूध उत्पादक किसानों को नहीं दी गई। गोदारा ने कहा कि दूध का व्यवसाय महिलाएं ही चलाती है। गांव व दुधारू पशु महिलाएं ही पालती है। इस दूध व्यवसाय से महिलाएं घर का खर्च अच्छी तरह से चला लेती थी, परंतु अब घर की रसोई की व्यवस्था चलाने में भी भारी मुश्किले आ रही है।

रशियन कलाकार धर्मनगरी में देंगे राम राज्य का संदेश: बी.के सरोज बहन

अटल हिंद/शशी अरोड़ा

कुरुक्षेत्र। प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्व विद्यालय कुरुक्षेत्र में रशियन कलाकार 13 मार्च को अपनी प्रतिभा के जौहर दिखाएंगे। यह जानकारी केंद्र प्रभारी राजयोगिनी सरोज बहन ने प्रातःकालीन मुरली क्लास में दी। उन्होंने बताया कि कल्याणकारी, पतित पावन, सदा जागती जोत परमात्मा शिव के अवतरण के यादगार दिवस के उपलक्ष्य में %महाशिवरात्रि उत्सव% कार्यक्रम का आयोजन 13 मार्च बुधवार को प्रातः 10 बजे से 12ः30 बजे तक किया जाएगा। इस कार्यक्रम में ÷स्वर्णिम भविष्य का स्वर्णिम मंत्र÷ देने के लिए रशियन कलाकारों का समूह पहुंच रहा है। उन्होंने बताया कि रूस की सांस्कृतिक राजधानी सेंट पीटर्सबर्ग में 30 वर्ष पहले डिवाइन लाइट कला एवं संस्कृति ग्रुप की स्थापना हुई थी। इसकी मुख्य निर्देशिका राजयोगिनी संतोष दीदी है। उन्होंने बताया कि रूस देश से पधारे इन राजयोगी कलाकारों द्वारा भारतीय संगीत तथा रशियन लोक संगीत एवं नृत्य के रंगारंग कार्यक्रम की भव्य प्रस्तुति दी जाएगी। राजयोग द्वारा एकता, सद्भावना, प्रेम और भाईचारे द्वारा फिर से राम राज्य की संकल्पना को साकार करना रशियन कलाकारों का उद्देश्य है। इसी उद्देश्य को साकार करने के लिए 28 -30 रशियन कलाकारों का यह समूह ईश्वरीय संदेश देगा। उन्होंने धर्मनगरी निवासियों को कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने का आह्वान करते हुए कहा कि थीम पार्क के सामने ब्रह्माकुमारीज सेवा केंद्र में सभी भाई-बहन 13 मार्च को समय पर पहुंच कर रशियन कलाकारों का उत्साहवर्धन करें।

फ्री आधार कार्ड अपडेशन के लिए 14 मार्च तक करें आवेदन : राहुल हुड्डा

नागरिकों को आठ से दस साल पहले बने आधार कार्ड अपडेट कराना अनिवार्य

अटल हिंद संवाददाता

रेवाड़ी 11 मार्च। डीसी राहुल हुड्डा ने बताया कि भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) ने जनहित में निःशुल्क आधार कार्ड अपडेशन करने की तिथि 14 मार्च 2024 निर्धारित की हुई है। नागरिक अपने आठ से दस साल पहले बने आधार कार्ड को 14 मार्च 2024 तक यूआईडीएआई के पोर्टल पर निशुल्क अपडेट करवा सकते हैं।

डीसी ने आमजन से आह्वान करते हुए कहा कि जिन व्यक्तियों ने पिछले आठ या दस सालों में आधार कार्ड को अपडेट नहीं कराया है, वे अपने आधार कार्ड में समय रहते अपडेशन जरूर करवा लें। उपायुक्त ने कहा कि आधार कार्ड अपडेट कराने के लिए रिहायशी प्रमाण पत्र और स्वयं का पहचान पत्र ऑनलाइन अपलोड करना होगा। आधार कार्ड धारक द्वारा ऑनलाइन अपडेट करने पर किसी प्रकार के शुल्क की अदायगी नहीं करनी होगी। उन्होंने बताया कि आधार कार्ड धारक माईआधारपोर्टल से आधार ऑनलाइन सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं, वहीं माईआधारएप में जहां पहचान पत्र के प्रमाण के रूप में स्वीकार्य दस्तावेजों की सूची भी है और पते का प्रमाण भी उपलब्ध है।

उन्होंने जिलावासियों से इस निःशुल्क सेवा का लाभ उठाते हुए आधार कार्ड अपडेट कराने का आह्वान किया है, साथ ही ऑनलाइन सेवाओं का लाभ उठाने के लिए अपने मोबाइल नंबर को आधार में अपडेट रखने की सलाह दी।

ऑल हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन का 10 अप्रैल को होगा चौथा प्रतिनिधि सम्मेलन

अटल हिन्द संवाददाता

पिहोवा। ऑल हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन की बैठक प्रदेश प्रवक्ता बलदेव सिंह मामू माजरा की अध्यक्षता में हुई। इसमें राज्य प्रधान विनोद शर्मा, कैशियर मनिंद्र सिंह व वरिष्ठ उप प्रधान माया राम उनियाल सहित कई पदाधिकारी शामिल हुए। प्रवक्ता बलदेव सिंह ने बताया कि 10 अप्रैल को कैथल रोड पर सीता देवी सदन में यूनियन का चौथा त्रिवार्षिक प्रतिनिधि सम्मेलन करवाया जाएगा। जिसमें प्रदेश भर से डेलीगेट पहुंचेंगे। इस मौके पर यूनियन की नई प्रदेश स्तरीय कार्यकारिणी का गठन करने के साथ-साथ सरकार के पास कर्मचारियों की लंबित मांगों के समर्थन में आंदोलन की रणनीति भी तय की जाएगी।

भाजपा सरकार को वोट की चोट से सबक सिखाने को तैयार है कोसली की जनता : राव नरेंद्र सिंह

अटल हिंद/मनोज गोयल गुडियानिया

कोसली 11 मार्च। सोमवार को हरियाणा के पूर्व मंत्री एवं रोहतक लोकसभा कोऑर्डिनेटर राव नरेंद्र सिंह ने बतौर कोऑर्डिनेटर कोसली विधानसभा के गाँव मसीत , नांगल बूंदी , गुलाब पूरा , मूसेपुर सहित अन्य गाँवो में दौरा कर चौ दिपेन्द्र सिंह हुड्डा के पक्ष में मतदान करने की अपील की । गाँवो में पहुंचने पर ग्रामवासियों द्वारा डीजे बजाकर , मोटर साइकिल के काफिले व फूल मालाओं के साथ स्वागत किया गया । इस अवसर पर पूर्व मंत्री राव नरेंद्र सिंह ने कहा कि मौजूदा समय कोसली के लोग बदलाव की हुंकार भर चुके हैं व स्थानीय लोगों का जनाक्रोश से साफ प्रतीत होता है कि लोग मौजूदा सरकार से बेहद दुखी व परेशान हैं व आने वाले समय वोट की चोट से सरकार को भगाने का काम करेंगे । राव नरेंद्र सिंह ने कहा कि जनता आज तराजू लेकर बैठी व दीपेंद्र हुड्डा व मौजूदा सांसद के कार्यकाल की तुलना कर रही है , की किस प्रकार से दीपेंद्र हुड्डा ने बतौर सांसद कोसली विधानसभा क्षेत्र में इंजीनियरिंग कॉलेज जैनाबाद , 5 नए आईटीआई बनवाये , महिलाओं के लिए महाविद्यालय खुलवाए , 2 पॉलिटेक्निक व अन्य शिक्षा , स्वास्थ्य , गरीब कल्याण सहित अन्य सभी मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराई थी । राव नरेंद्र सिंह ने कहा कि आज प्रदेश की जनता पूरा मन बना चुकी है कि आने वाले समय में कांग्रेस को चुनने का काम करेंगे , जनता तुलना करेगी तो पाएगी की भाजपा जजपा सरकार के कार्यकाल में 5 गुना कर्ज , 4 गुना महंगाई , 3 गुना बेरोजगारी व 2 गुना अपराध प्रदेश में बढ़ चुका है । मौजूदा सरकार ने हमेशा जनसरोकार को नजरअंदाज करके सत्ता सुख भोगने की राजनीति की है और इसी वजह से जो हरियाणा कांग्रेस कार्यकाल में प्रति व्यक्ति आय व पार्टी व्यक्ति निवेश में प्रथम स्थान पर था आज वही हरियाणा बेरोजगारी , अपराध व नशे में प्रथम स्थान पर पहुंच गया है ।

अर्जुन त्यागी बने भाजपा प्रदेश मीडिया का प्रमुख नियुक्त

अटल हिन्द संवाददाता

पिहोवा। भारतीय जनता पार्टी ने लिस्ट जारी कर भाजपा लीगल सैल में पदाधिकारियों की नियुक्ति की है जिसमे कुरुक्षेत्र जिले के जाने माने व कॉरपोरेट कानून जगत में अपनी पहचान बना चुके सी एस अर्जुन त्यागी को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देते हुए पार्टी ने प्रदेश मीडिया का प्रमुख नियुक्त किया है। पत्रकारों से बात करते हुए नव नियुक्त मीडिया प्रमुख ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल , प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष नायब सैनी , प्रदेश महामंत्री, विधी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक गोपाल शर्मा, कुरुक्षेत्र जिला अध्यक्ष बड़े भाई रवि बतान सहित प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा पार्टी ने जो महत्वपूर्ण जिम्मेदारी उन्हें दी है उसे पूरी निष्ठा व लग्न के साथ पूरा करने का प्रयास करेंगे। उन्होंने बताया कि पूरा संगठन इस समय आने वाले लोकसभा चुनावों की तैयारी में जुटा हुआ है और बुथ स्तर से लेकर प्रदेश स्तर तक का प्रत्येक कार्यकर्ता मुख्यमंत्री ल व प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी के कुशल नेतृत्व में दिन रात कार्यरत है। उन्होंने कहा हरियाणा प्रदेश के देवतुल्य मतदाता इस बार भी हरियाणा की 10 की 10 लोकसभा की सीटें देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को देने जा रहे है व एनडीए देश भर में 400 से अधिक सीटें जीतकर विशाल बहुमत के साथ सरकार बनाने जा रहा है और नरेंद्र मोदी पुनः भारत के प्रधानमंत्री बनेंगे।

छात्राओं को दी मॉक इंटरव्यू की जानकारी

अटल हिंद संवाददाता

अम्बाला। संत मोहन सिंह खालसा लबाना गर्ल्स कॉलेज बराडा में कॉलेज प्राचार्या डॉ इंदु विज के दिशा निर्देश से दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसका आयोजन कैरियर कॉउंसलिंग सेल की ओर से कोर्डिनेटर डॉ रितु चांदना की देख रेख में करवाया। इस कार्यशाला में नंदी फाउंडेशन से मिस हरिता ने मॉक इंटरव्यू और ग्रुप डिस्कशन के बारे में छात्राओं कों ट्रेनिंग दी।मॉक इंटरव्यू एक नौकरी साक्षात्कार का अनुकरण है जिसका उपयोग प्रशिक्षण उद्देश्यों के लिए किया जाता है।किसी उम्मीदवार को अनुभव प्रदान करने के उद्देश्य से बातचीत का अभ्यास आम तौर पर यथासंभव वास्तविक साक्षात्कार जैसा दिखता है।समूह चर्चा (जीडी) किसी व्यक्ति की उपयुक्तता और प्रवेश, छात्रवृत्ति, नौकरी आदि के लिए उसकी उपयुक्तता का आकलन करने की एक व्यापक तकनीक है। जीडी समूह में किसी व्यक्ति के समग्र व्यक्तित्व - विचारों, भावनाओं और व्यवहार का आकलन करती है। समूह के सदस्यों के सामने चर्चा के लिए एक विषय प्रस्तुत किया जाता हैं। इस मौके पर कॉलेज प्राचार्या डॉ इंदु विज ने छात्राओं कों मिस हरिता के द्वारा बताई गई बातों कों अपने जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया।

नशे को त्यागकर शिक्षा की ओर ध्यान दें : संत निर्मल दास जी

अटल हिंद संवाददाता

अम्बाला। गांव दहियामाजरा में श्री गुरु रविदास महाराज जी के मंदिर को भव्य तरीके से निर्माण के लिए पहली मंजिल के निर्माण कार्य का शुभारंभ डेरा बाबा लालदास कपालमोचन के संत निर्मलदास जी ने अरदास के साथ किया। कार्यक्रम में पहुंचने पर मंदिर कमेटी के प्रधान संदीप कुमार, सदस्य व अन्य मौजिज लोगों द्वारा संतजनों का फूलमालाओं के साथ स्वागत किया गया। इस अवसर पर पहुंचे जिला परिषद सदस्य सुखविन्द्र सिंह, जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि जसविन्द्र सिंह सोहाता, ब्लॉक समिति सदस्य बलजिन्द्र, पूर्व जिप सदस्य प्रतिनिधि रविन्द्र धीन ने मंदिर निर्माण में सहयोग की घोषणा की। इस अवसर पर आयोजित सत्संग में संत निर्मलदास जी ने आयोजकों को बधाई देते हुए संदेश दिया कि खुद भी नशे से बचें और अपने बच्चों को भी नशे से बचाकर उन्हें ज्यादा से ज्यादा पढ़ाएं। जो खर्च आप नशे पर करते हैं उसे अपने बच्चों की पढ़ाई पर करें। उन्होंने कहा कि संत किसी चीज के भूखे नहीं होते, संतों का काम गुरूओं की वाणी का प्रचार करना है। इसलिए श्री गुरु रविदास जी महाराज की सच्ची भक्ति उनकी वाणी का अनुसरण करना है।

बधाई के नाम पर किन्नरों द्वारा हजारों रुपये की मांग

ना देने की सूरत में अपशब्दों व बद दुआओं से लोग परेशान

कमेटी बनाकर एसडीएम पिहोवा को दी लिखित शिकायत

अटल हिन्द संवाददाता,

पिहोवा। पिहोवा शहर में बधाई के नाम पर किन्नरों द्वारा घरों में जाकर दबाव बनाने के खिलाफ पूजा कालोनी के लोगों ने एसडीएम पिहोवा अमन कुमार को शिकायत दी। कालोनीवासियों ने बताया कि जब भी किसी परिवार में कोई भी खुशी का माहौल होता है तो किन्नर आकर हजारों रुपये की मांग करते हैं । जब उन्हें मुहं मांगी राशी नहीं दी जाती तो ये परिवार को बद दुआएं देते हैं और सभी परिवार वालों के सामने अपशब्द बोलते हैं। उन्होंने कहा कि किन्नरों की हरकतों से वे बेहद ज्यादा परेशान हैं। उन्होंने कहा कि बहुत से परिवार ऐसे हैं जो आर्थिक तौर पर बहुत कमजोर हैं,लेकिन किन्नर इसके बावजूद उन पर बेहद ज्यादा दबाव बनाते हैं। उन्होंने प्रशासन से मांग की किन्नरों की ज्यादती को रोकने के लिए उचित कार्यवाही हो और किन्नरों को सख्त आदेश दिए जाएं को जो व्यक्ति अपनी खुशी से जो देना चाहे इन्हें स्वीकार करना होगा । इस मौके पर जगदीश सैनी,गुरमीत सिंह,डॉ. रामकुमार, सुरेश वाही,पंकज कुमार,हनु राम,विजय कुमार,पार्षद रविकांत,शमशेर सैनी आदि मौजूद थे।

विधायक मेवा सिंह ने की बाबैन से हर घर कांग्रेस घर-घर कांग्रेस अभियान की शुरूवात

अटल हिंद/सुरेश अरोड़ा

बाबैन, 11 मार्च। कांग्रेस कार्यकर्ताओं की एक बैठक का आयोजन बाबैन रैस्ट हाउस मे किया गया जिसकी अध्यक्षता लाड़वा हल्का विधायक मेवा सिंह ने की। इस बैठक मे पूर्व मंड़ी प्रधान लाभ सिंह अंटाल, संजीव सैनी भूखड़ी,धर्मबीर सुनारियों प्रिंस घिसरपड़ी,राजेश कालवा,माम चन्द सैनी कालवा, माम चन्द बाबैन,युद्धवीर, राकेश अग्रवाल, बलदेव,राजपाल संघौर,प्रवीण सिंगला ने भाग लिय। इस बैठक मे लाड़वा हल्का विधायक मेवा सिंह ने हर घर कांग्रेस घर-घर कांग्रेस अभियान को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं की डयूटियां लगाई। विधायक मेवा सिंह ने कार्यकर्ताओं से आहवान किया कि वें हर घर कांग्रेस घर-घर कांग्रेस अभियान को सफल बनाने के लिए गांव दर गांव जाकर जन-जन को कांग्रेस पार्टी का संकल्प पत्र देकर पार्टी की जनकल्याणकारी नीतियों से अवगत करवाएं। विधायक मेवा सिंह ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने पर लोगों को 300 यूनिट बिजली फ्री दी जाएगी, बर्जुगों को 6 हजार महीना बुढ़ापा पैशन दी जाएगी व 2 लाख खाली सरकारी पदों पर हरियाणवी युवाओं को नौकरी दी जाएगी व 500 रूपये मे रसोई गैंस सिलैड़र दिया जाएगा। बीजेपी सरकार की झूठी गारंटियों और जुमलेबाजियों पर खुलकर निशाना साधते हुए मेवा सिंह ने कहा कि भाजपा ने आज तक जो-जो गारंटी दी, वो सारी गारंटियां लोगों में मजाक का पात्र बन गयी है। उन्होंने कहा कि ये सरकार किसान विरोधी और मजदूरी विरोधी है। उन्होंने प्रदेश की चरमराई कानून-व्यवस्था का जिक्र करते हुए कहा कि आज हर व्यक्ति परेशान है। कानून-व्यवस्था की स्थिति बेहद खराब है। उन्होंने कहा कि पिछले 9 साल में हरियाणा सबसे असुरक्षित प्रदेश बन गया है।

भागवत कथा सुनने से मन को मिलती है शांति : विक्रम चीमा

अटल हिंद/सुरेश अरोड़ा

गांव बिंट में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में चेयरमैन विक्रमजीत चीमा को स मानित करते हुए पड़ित बालकराम

बाबैन,11 मार्च। गांव बिन्ट में क ायुनिटी हाल में ग्रामीणों के सहयोग से 7 मार्च से 14 मार्च तक श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। इस श्रीमद् भागवत कथा को पंड़ित बालक राम के द्वारा लोगों को श्रवण करवाई जा रही है। गांव बिन्ट में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन ब्लाक समिति के चेयरमैन विक्रमजीत सिंह चीमा ने बतौर मु यतिथि शिरक्त की। श्रीमद् भागवत कथा में तीसरे दिन की पूजा अर्चना चेयरमैन विक्रमजीत चीमा के द्वारा करवाई गई। इस मौके पर चेयरमैन विक्रमजीत चीमा ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि श्रीमद् भागवत कथा सुनने से मन को शांति मिलती है और इस प्रकार के कार्यक्रमों आयोजन हर गांव में आयोजित किए जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि गांव में इस प्रकार से श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन करने से ग्रामीणों में धर्म के प्रति रूचि बढ़ती है और लोगों की भगवान के प्रति आस्था बढ़ती है। उन्होनें कहा कि श्रीमद् भागवत कथा सुनने से मन को शांति मिलती है और श्रीमद् भागवत कथा सत्य के मार्ग पर चलने के लिए बताती है और चिंत को आनंद देती है। उन्होंने कहा कि भागवत कथा जीवन की व्यथाओं को स ाप्त करने व घर में सुख समृद्धि देने का काम करती है। इस मौके पर कथावचक पड़ित बालकराम ने चेयरमैन विक्रमजीत को समृति चिन्ह देकर स मानित किया। इस मौके पर सरपंच जसबीर पुनिया व अन्य ग्रामीणा मौजूद रहे।

एक नजर

गुलजार दादी जी की तीसरी पुण्यतिथी पर ब्रहमाकुमारीज ने किए पुष्प अर्पित

अटल हिंद संवाददाता/बाबैन, 11 मार्च। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी विश्वविद्यालय वरदानी भवन बाबैन मे गुलजार दादी जी की तीसरी पुण्यतिथी पर बी के सुरमख, रघबीर सिंह, जोनी चहल,प्रवीण, किरण, रितु, कमलेश ने दादी जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें ऋद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर बी के सुरम ा सिंह ने कहा कि यज्ञ की आधारमूर्त दादियों ने जैसे बाबा जी का अनुसरण करते हुए अपने आप को संपूर्ण व संपन्न बनाया ,ऐसे ही हमे भी उनकी शिक्षाओं को जीवन मे लाते हुए अपने आप को स पूर्ण व संपन्न बनाने का दृढ़ संकल्प लेना चाहिए यही हमारी ओर से दादी जी के लिए सच्चें ऋद्धासुमन होगे।

नरवाना के हुड्डा ग्राऊंड में होलिका दहन के लिए लगाया गया झंडा

अटल हिंद संवाददाता/नरवाना, 11 मार्च। अग्रोहा धाम ट्रस्ट इकाई नरवाना एवं अग्रवाल जन जागरण मंच नरवाना द्वारा होली पर्व पर होलिका दहन के लिए आज हुड्डा ग्राऊंड नजदीक त्रिवेणी चौंक पर विधि-विधान से पूजन करके झंडा लगाया गया। संस्था के प्रधान रोहताश सिंगला ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी होलिका दहन पर पूजा व एक शाम बांके बिहारी के नाम बांके बिहारी संकीर्तन द्वारा बड़ी धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ किया जाएगा। उन्होंने बताया कि होलिका दहन से पहले पूजन करके झंडा लगाने की परम्परा है। होलिका दहन पर माता-बहनें हुड्डा ग्राऊंड आकर पूजन करती हैं। राकेश शर्मा द्वारा होलिका दहन पर अपने विचार व्यक्त किए गए। वरिष्ठ सदस्य कैलाश सिंगला ने कहा कि होली पर्व पर संस्था द्वारा भारतीय संस्कृति के अनुरूप कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा जिसमें पूजा का विशेष महत्व होता है व रात्रि को होलिका दहन किया जाता है। इस अवसर पर उपप्रधान कृष्ण गर्ग, जीवन गर्ग, सचिव दीपक सिंगला, कोषाध्यक्ष पवन मित्तल, ऑडिटर नरेश बंसल, दया किशन, अर्जुन गोयल, विकास गर्ग, सतीश गर्ग, महेशी प्रधान, प्रदीप सिंगला, तरसेम गर्ग, जितेन्द्र गर्ग व राजेन्द्र शर्मा आदि सदस्य उपस्थित रहे।

के.एम. राजकीय महाविद्यालय में कैरियर गाइडेंस विषय पर विस्तार व्याख्यान आयोजित

अटल हिंद/राजीव

नरवाना, 11 मार्च। के.एम. राजकीय महाविद्यालय नरवाना में वाणिज्य विभाग द्वारा कैरियर गाइडेंस विषय पर विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस व्याख्यान की मुख्य वक्ता डी.ए.वी. कॉलेज पेहवा की सहायक प्रोफेसर डा. दीपिका रही। उन्होंने विद्यार्थियों को वाणिज्य विषय में स्नातक के बाद खुलने वाले कैरियर ऑप्शन के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने एम.कॉम., बैंकिंग, कंपनी सैक्रेटरी, बैंक पी.ओ., चार्टर्ड अकाउंटेंट, एम.बी.ए. आदि विषयों पर चर्चा की। बैंकिंग के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि सरकारी और प्राइवेट दोनों सैक्टर के बैंक में आजकल काफी स्कोप है। इसके साथ-साथ इंश्योरैंस, ऑडिटिंग, शेयर बाजार ब्रोकर, अकाउंटेंट आदि के प्रोफेशनल कोर्स करके अच्छी पैकेज की जॉब प्राप्त कर सकते हैं। एम.कॉम. के बाद नेट की परीक्षा पास करके अध्यापन क्षेत्र में भी कैरियर बनाया जा सकता है। उन्होंने साक्षात्कार के समय किस प्रकार आत्मविश्वास बनाए रखना तथा तथा साक्षात्कारकर्त्ता के साथ कैसे अपने संचार कौशल को उच्च स्तर का बनाए रखना है आदि के बारे में भी विस्तार से बताया। कॉलेज प्राचार्या डा. मीनू सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आपको अपना कैरियर अपनी रुचि, महत्वाकांक्षाओं और योग्यताओं के अनुरूप बनाना चाहिए।

प्रदेश के विकास कार्यो में अहम योगदान दे रहे है उप मु यमंत्री दुष्यंत चौटाला : जसबीर पंजेटा

अटल हिंद/सुरेश अरोड़ा

बाबैन,11 मार्च। जजपा के लाडवा हलका प्रधान जसबीर पंजेटा ने कहा कि हरियाणा प्रदेश के विकास में जननायक जनता पार्टी की अहम भूमिका है। उप मु यमंत्री दुष्यंत चौटाला के युवा जोश से हरियाणा प्रदेश विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि उप मु यमंत्री दुष्यंत चौटाला हरियाणा प्रदेश का चहुंमुखी विकास करवा रहे है। जजपा के लाडवा हल्का प्रधान जसबीर पंजेटा बाबैन में जजपा नेता हाकम संघौर के कार्यालय पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश के उप मु यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने जो वायदे चुनाव में किए थे उन्हें पूरा करके दिखाया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के उप मु यमंत्री दुष्यंत चौटाला का ग्राफ दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। उन्होंने कहा कि उप मु यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने प्रदेश की हर वर्ग का याल रखकर जनता को बड़ी सौगातों दी जा रही है और 90 हल्कों में समान रूप से विकास कार्य करवाए जा रहे है। उन्होंने कहा कि जजपा एक ऐसी पार्टी है जिसमें हर कार्यकर्त्ता को पूरा मान स मान मिलता है इसलिए ही लोग जजपा में शामिल हो रहे हैं। इस मौके पर जजपा नेता हाकम सघौर, भपूंद्र खानपुर, दीपक कुमार, सुरेश कुमार, राकेश, प्रदीप कुमार, अमित कुमार,व अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

महिला दिवस के उपलक्ष्य में महिला सशक्तिकरण पर आयोजित हुआ जागरूकता सम्मेलन

अटल हिंद/शशी अरोड़ा

कुरुक्षेत्र। हरियाणा महिला विकास निगम कुरुक्षेत्र की ओर से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के प्रांगण में महिला सशक्तिकरण एवं महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से हरियाणा सरकार द्वारा चल रही योजनाओं के प्रति जन जन को जागृत करने के लिए जागरूकता सम्मेलन आयोजित किया गया।

इस सम्मेलन का आयोजन कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र के महिला अध्ययन अनुसंधान केंद्र के संयुक्त तत्वाधान में किया गया। निगम की कुरुक्षेत्र इकाई की लेखा लिपिक मीना रानी ने जानकारी देते हुए बताया कि महिलाओं का वास्तविक सशक्तिकरण तो तभी होगा जब महिलाएं आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनेगी तथा बेटियां पढ़-लिखकर न केवल ससुराल और मायके के लिए बल्कि समाज व राष्ट्र के प्रति भी अपने उत्तरदायित्वों एवं कर्तव्यों का सरलता से निर्वहन कर सकेंगी। मीना रानी ने हरियाणा महिला विकास निगम द्वारा चलाई जा रही व्यक्तिगत ऋण योजना, शिक्षा ऋण योजना, मातृशक्ति उद्यमिता योजना तथा विधवा ऋण योजना के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए सभागार में उपस्थित सभी लोगों को उपरोक्त योजनाओं का लाभ उठाने व अपने-अपने संपर्क की जरूरतमंद महिलाओं व बेटियों को भी इन योजनाओं के प्रति जागरूक कर जोड़ने का आह्वान किया।

संपति कर दाताओं को प्रॉपर्टी टैक्स में ब्याज व अन्य छूट की अंतिम तिथि 31 मार्च

अटल हिंद/शशी अरोड़ा

कुरुक्षेत्र। नगर परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी देवेंद्र नरवाल ने कहा कि राज्य सरकार ने आम जनता के हितों का ध्यान रखते हुए संपत्ति कर दाताओं की सुविधा के लिए प्रॉपर्टी टैक्स के ब्याज व अन्य छूट की अंतिम तिथि को बढ़ाकर 31 मार्च कर दिया है। अब 31 मार्च 2024 तक मार्च 2023 तक के प्रॉपर्टी टैक्स के ब्याज पर शत प्रतिशत छूट व बकाया मूल राशि पर 15 प्रतिशत की छूट प्रदान की जाएगी। इसके अलावा वर्ष 2023-24 के प्रॉपर्टी टैक्स पर 15 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। नगर परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी देवेंद्र नरवाल ने नगर परिषद क्षेत्र में आने वाली सभी संपत्ति कर दाताओं से अपील करते हुए कहा कि वह तुरंत अपनी प्रॉपर्टी को स्व-प्रमाणित करके इस छूट का लाभ उठाएं। अगर किसी व्यक्ति को संपत्ति कर से संबंधित विवरण जैसे नाम, एरिया, वर्ग इत्यादि में कोई त्रुटि है तो वह ऑनलाइन पोर्टल यूएलबीएचआरवाईएनडीसी.ओआरजी में आपत्ति दर्ज करवा सकते हैं।

भाजपा सरकार में गरीब व योग्य युवाओं को पारदर्शिता के आधार पर सरकारी नौकरियां मिली है : संदीप गर्ग

अटल हिंद/सुरेश अरोड़ा

बाबैन,11 मार्च । भाजपा नेता एवं समाजसेवी संदीप गर्ग ने कहा कि केन्द्र व प्रदेश की डबल इंजन की सरकार दवारा किए गए विकास कार्य आम नागरिक को धरातल पर साफ नजर आ रहे है। इस सरकार ने दस सालों में इतने विकास कार्य किए इतने कार्य कांग्रेस की सरकार कभी सोच भी नहीं सकती। इस देश को कांग्रेस ने 70 साल लूटने का काम किया और देश की जनता को धोखा देने काम किया है। इसलिए हरियाणा प्रदेश की जनता समझदार और जानती है कि भाजपा ही देश व प्रदेश को विकसित बना सकती है। भाजपा नेता संदीप गर्ग बाबैन में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज हर देश में भारत देश के चर्चे होते है, यह सब देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कारण है। क्योंकि प्रधानमंत्री मोदी भारत देश के बारे में सोचते है। भाजपा सरकार ने प्रत्येक क्षेत्र में समान रूप से कार्य किया है। क्षेत्रवाद, परिवारवाद व जातिवाद की राजनीति को खत्म करके अंत्योदय की नीति पर काम करते हुए सरकार ने अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दस साल में ही देश को दुनिया में पाँचवें पायदान पर लाकर खड़ा किया। उन्होंने कहा कि मु यमंत्री मनोहर लाल भी प्रदेश की उन्नति के लिए दिन-रात प्रयास कर रहे है। इस प्रदेश में लोग भाजपा की नीतियों व जन कल्याणकारी योजनाओं से खुश है और इस प्रदेश की अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का 100 प्रतिशत लाभ पहुंचा है और गरीब एंव योग्य युवाओं को पारदर्शिता के आधार पर सरकारी नौकरियां मिली है। इससे पहले सरकारों में पर्ची व खर्ची के आधार पर नौकरियां मिलती थी। उन्होंने कहा कि आज भाजपा सरकार आज वर्ग के बारे में सोच रही है और सभी को साथ लेकर चलने वाली सिर्फ भाजपा पार्टी है। वहीं इससे पूर्व संदीप गर्ग का दुकानदारों द्वारा फूल-मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। मौके पर अशोक सिंगला, राज गर्ग, मनोज धवन, अनुज गर्ग, घनश्याम का बोज, प्रदीप, विपिन शर्मा, सुरेश, मोहन, राजिन्द्र आदि मौजूद थे।

मुख्यमंत्री राहत कोष से इलाज के लिए आर्थिक सहायता लेने की प्रक्रिया हुई सरल

अटल हिंद संवाददाता

सोनीपत। हरियाणा सरकार ने लोगों को बेहतरीन स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने की कड़ी में एक और कदम बढ़ाते हुए मुख्यमंत्री राहत कोष के तहत चिकित्सा आधार पर वित्तीय सहायता प्राप्त करने वालों को सरल पोर्टल पर आवेदन करने की सुविधा प्रदान की है। इससे यह प्रक्रिया और अधिक सरल एवं आसान हो गयी है। अब आर्थिक सहायता के लिए प्रार्थी आवेदक सरल पोर्टल के माध्यम से सुविधा का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। मुख्यमंत्री राहत कोष से मिलने वाली आर्थिक सहायता की राशि सीधे आवेदक या लाभार्थी के बैंक खाते में ट्रांसफर की जाएगी। उपायुक्त मनोज कुमार ने कहा कि आवेदक अपनी पीपीपी यानी परिवार पहचान पत्र आईडी के माध्यम से सरल पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। इस प्रक्रिया को पूर्ण करने के लिए आवेदकों को अपने चिकित्सा बिल, ओपीडी बिल आदि जैसे अन्य संबंधित दस्तावेजों को अपलोड कर मुख्यमंत्री राहत कोष (सीएमआरएफ) से चिकित्सा आधार पर वित्तीय सहायता के लिए आवेदन कर सकते हैं। उपायुक्त ने कहा कि योजना में किए गए बदलावों के तहत यदि कोई बीमारी आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना में कवर नहीं हो रही है, तो आयुष्मान योजना के लाभार्थियों को भी इस योजना के तहत लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री राहत कोष के अंतर्गत आर्थिक सहायता के लिए जिला स्तरीय कमेटी का गठन किया गया है, जिसमें संबंधित एमपी, संबंधित एमएलए, उपायुक्त, सिविल सर्जन, नगर परिषद व नगर पालिकाओं के अध्यक्ष, जिला परिषद के चेयरमैन, पंचायत समिति के चेयरमैन को सदस्य और नगराधीश को नोडल अधिकारी बनाया गया है।

ग्राम पंचायतों व शहरी निकायों को खेल उपकरण अनुदान पर कराए जाएंगे उपलब्ध

अटल हिंद संवाददाता

सोनीपत। हरियाणा सरकार की ओर से ग्राम पंचायतों और शहरी निकायों में विभिन्न प्रकार के खेलों को बढ़ावा देने व गांव में छुपी हुई खेल प्रतिभाओं को निखारने के उद्देश्य से हरियाणा खेल उपकरण प्रावधान योजना 2023-24 अधिसूचित की गई है। इस योजना के तहत ग्राम पंचायतों और नगर निकायों को विभिन्न प्रकार का खेल का सामान अनुदान पर उपलब्ध कराया जाएगा। यह योजना वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान यानि 31 मार्च 2024 तक वैध रहेगी। उपायुक्त मनोज कुमार ने कहा कि हरियाणा सरकार की इस योजना से जिला में विभिन्न प्रकार के खेलों को बढ़ावा मिलेगा तथा युवा इन खेलों की ओर आकर्षित होंगे। ग्राम पंचायतें व शहरी निकाय इस योजना के तहत आवेदन करने के लिए तभी पात्र होंगे यदि संबंधित गांव व शहर में संबंधित खेल के लिए उचित खेल का मैदान (एफओपी) उपलब्ध होगा। उन्होंने कहा कि हरियाणा खेल उपकरण प्रावधान योजना के तहत वॉलीबॉल, फुटबॉल, बास्केटबॉल, हैंडबॉल, बॉक्सिंग, कुश्ती, जूडो, क्रिकेट को शामिल किया गया है, जिसके तहत खेल का सामान उपलब्ध कराया जाएगा।

आवेदनों पर कार्रवाई करने की प्रक्रिया

आवेदन निर्धारित प्रपत्र में जिला खेल अधिकारी के कार्यालय में जमा किए जाएंगे, जिसकी उचित रसीद आवेदक को दी जाएगी। इस प्रकार प्राप्त आवेदनों का रिकॉर्ड इस प्रयोजन के लिए बनाए गए रजिस्टर में प्राप्ति के कालानुक्रमिक क्रम में दर्ज किया जाएगा।

क्रांतिकारी युवा संगठन ने किसान आंदोलन को लेकर सौंपा ज्ञापन

अटल हिंद संवाददाता

नरवाना, 11 मार्च। क्रांतिकारी युवा संगठन के प्रतिनिधि मंडल ने सोमवार को यहां एस.डी.एम. कार्यालय में किसान आंदोलन को लेकर राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन सौंपा। संगठन सदस्य कुलदीप ने कहा कि पिछले लंबे समय से देश में किसान अपनी मांगों को लेकर आंदोलनरत हैं। 2 साल पहले तीन कृषि कानूनों को रद्द करवाने के लिए किसानों ने आंदोलन किया तथा दबाव में केंद्र सरकार को ये तीन कानून को रद्द करना पड़ा था। अब एक बार फिर किसान एम.एस.पी. पर गारंटी कानून और अन्य मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। 13 फरवरी को किसानों ने दिल्ली कूच का ऐलान किया था लेकिन हरियाणा सरकार द्वारा दिल्ली जाने वाले सभी रास्तों को ब्लॉक कर दिया गया और आंदोलन कर रहे किसानों पर आंसू गैस छोड़ कर और लाठीचार्ज कर किसानों को खनौरी बॉर्डर और शंभू बॉर्डर पर ही रूकने को मजबूर किया। उन्होंने कहा कि देश के संविधान में सभी को शांतिपूर्ण तरीके से अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन करने का अधिकार दिया गया है लेकिन हरियाणा और केंद्र सरकार ने जो रवैया अपनाया हुआ है वह बेहद ही अलोकतांत्रिक है। संगठन ने ज्ञापन के माध्यम से मांग की कि हिरासत में लिए गए सभी किसानों को रिहा किया जाए। किसान आंदोलन का बर्बरता पूर्ण दमन बंद किया जाए। सभी फसलों की सीधी सरकारी खरीद सुनिश्चित की जाए। पी.डी.एस. के माध्यम से सभी जरूरतमंदों को सस्ता एवं उत्तम गुणवत्ता का अनाज उपलब्ध करवाया जाए।

रोटरी क्लब बरवाला द्वारा आयोजित कैंप का 250 मरीजों ने उठाया लाभ

अटल हिंद संवाददाता

हिसार। प्रमुख समाजसेवी संस्था रोटरी क्लब बरवाला के तत्वावधान में भारत धर्मशाला के प्रांगण में निशुल्क मैडीकल व डैंटल चैकअप कैंप आयोजित किया गया। प्रधान कृष्ण पिलानी और पूर्व प्रधान विक्की रहेजा ने बताया कि इस कैम्प में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा लगभग 250 मरीजों के स्वास्थ्य व दांतों की जांच की गई और सभी मरीजों को दवाईयां भी दी गई। डॉ कुश ढींगडा ने मरीजों के स्वास्थ्य की जांच कर अपनी सेवाएं प्रदान की और राधा स्वामी चैरिटेबल अस्पताल से डॉ अभिषेक सरदाना व डॉ अर्पिता सरदाना द्वारा मरीजों के दांतों की जांच कर उन्हें दांतों को स्वस्थ रखने की जानकारी प्रदान की7 उन्होंने कहा कि अगर आपके दांत स्वस्थ नहीं है तो आपका शरीर भी स्वस्थ नहीं रहेगा।

इस कैम्प में रोटरी क्लब बरवाला के सभी सदस्यों का विशेष सहयोग रहा। इस कैम्प में प्रोजेक्ट चेयरमेन के रूप में रोटेरियन राजेश मनुजा व रोटेरियन राज कुमार बजाज मौजूद रहे7 इस अवसर पर रोटेरियन अध्यक्ष कृष्ण पिलानी, सचिव मनोज कथूरिया, कोषाध्यक्ष डॉ अभिषेक सरदाना, देवेन्द्र गिल, बेअंत सिंह, दिनेश महता, सोमू रहेजा, विक्की रहेजा, पवन ढींगडा, मनोहर जावा, तेजेन्द्र गिल, संजय संदूजा व अमन महता समेत क्लब के सभी सदस्यगण मौजूद रहे।